10 MAR DNS PAGES_page dummy final.qxd 11-03-2026 11:00 Page 1


# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 11 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-24 | पृष्ठ -13 | मूल्य : 01 | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 4-लेन कॉरिडोर को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले 3,839 करोड़ रुपये के 4-लेन कॉरिडोर को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। मंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनवार-पेटलावाड़-थंदला-तिमारवानी खंड (एनएच-752डी) के 4-लेन निर्माण को हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर तैयार किया जाएगा। इस परियोजना में 80.45 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का निर्माण शामिल है।

### करूर भगदड़ केस में सीबीआई ने थलापति विजय को भेजा समन

**मुंबई।** तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले की जांच अब एक अहम मोड़ पर पहुंच गई है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ा कदम उठाते हुए साउथ के सुपरस्टार और राजनीतिक दल तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के प्रमुख थलापति विजय को एक बार फिर पूछताछ के लिए तलब किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने समन जारी कर उन्हें 15 मार्च को मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है।

### कटनी में कार-मोटरसाइकिल की टक्कर में 4 की मौत

**कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में मोटरसाइकिल और कार के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की मौत हो गई है, वहीं कार में सवार पांच लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन मजदूर हैं जो महाराष्ट्र से ट्रेन से लौटने के बाद अपने घर जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार मानपुर निवासी तीन मजदूर सोमवार की देर रात को ट्रेन से कटनी पहुंचे थे। वे महाराष्ट्र से मजदूरी कर लौट रहे थे। ये तीनों मजदूर अपने एक मित्र के साथ मोटरसाइकिल से मानपुर आ रहे थे। इसी दौरान बड़वारा थाना अंतर्गत रेलवे पुलिया के पास कार और बाइक की आमने-सामने सीधी भिड़ंत हो गई। मोटरसाइकिल पर सवार सभी युवक बगैर हेलमेट के थे। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर एक साथ चार लोग सवार थे।

# सूबे में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को मिलेगा विशेष आर्थिक पैकेज : मुख्यमंत्री

**समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण**

## सीएम सुपौल व मधेपुरा पहुंचे, विकास योजनाओं का लिया जायजा

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सुपौल जिला के निर्मली अनुमंडल कार्यालय मैदान और मधेपुरा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को पहली बार बिहार में एनडीए की सरकार बनी थी, तब से

### अधिकारियों को दिये निर्देश

### प्रगति यात्रा में स्वीकृति योजनाओं का तेजी से करें क्रियान्वयन : नीतीश

राज्य में कानून का राज है और हमलोग लगातार विकास के काम में लगे हुये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। सरकार लोगों के हित में कार्य कर रही है, इसे लेकर कई योजनायें चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें।





### मुख्यमंत्री ने सुपौलवासियों को दी 570 करोड़ रुपये की सौगात

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में सुपौल जिले के निर्मली स्थित निर्मली रिंग बांध (सिपाही चौक) के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सीएम ने निर्मली अनुमंडल कार्यालय के मैदान में कुल 570 करोड़ रुपये की लागत से 213 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

### मधेपुरा जिले को दी 302 करोड़ की योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में मधेपुरा जिले में भी विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात सीएम ने मधेपुरा पुलिस लाइन के प्रशासनिक एवं आवासीय भवनों का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर मधेपुरा जिले के लिए 86 करोड़ रुपये की लागत से 137 योजनाओं का शिलान्यास एवं 216 करोड़ रुपये की लागत से 158 योजनाओं का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने सुपौल के निर्मली अनुमंडल कार्यालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जिले की विकास कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधायें देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। बिहार में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है, इससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। उद्योग लगाने के लिये सभी जिलों में सुविधायें दी जा रही हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिले जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो।

## सरकार कोविड वैक्सीन से नुकसान का मुआवजा दे : सुप्रीम कोट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन से जुड़ी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स का मुआवजा दे। इसके लिए वह नो-फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी बनाए। नो-फॉल्ट कम्पनसेशन पॉलिसी का मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति

### साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं

को दवा या वैक्सीन से नुकसान हो जाए, तो उसे मुआवजा मिल सकता है, भले ही इसमें किसी की गलती साबित न हुई हो। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने यह भी कहा कि वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए मौजूदा सिस्टम जारी रहेगा। इसके लिए अलग से एक्सपर्ट पैनल बनाने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन की 2021 में दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटियों की मौत कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के कारण हुई थी।

## नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में आगे बढ़ता रहेगा बिहार : सम्राट चौधरी

**पटना/सुपौल/मधेपुरा (एनएसबी)।** । उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की राह पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार दिल्ली जाकर भी अपने मार्गदर्शन से बिहार के विकास को गति देते रहेंगे, एनडीए सरकार में सुशासन की नीतियां जारी रहेंगी।

उपमुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के दौरान सुपौल और मधेपुरा पहुंचे थे। इस दौरान सुपौल जिले के निर्मली तथा मधेपुरा जिले के बीएन मंडल विश्वविद्यालय (बीएनएमयू) नॉर्थ कैंपस में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख किया। श्री चौधरी ने कहा कि कभी सुपौल से पटना पहुंचने में आठ घंटे लगते थे। एनडीए सरकार द्वारा सड़कों और पुलों का व्यापक निर्माण किए जाने के बाद अब निर्मली से पटना की दूरी महज तीन घंटे में तय की जा रही है। श्री चौधरी ने कहा



कि एक समय सुपौल कोसी नदी की बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित रहता था और लोग यहां आने से भी कतराते थे। वर्ष 2008-09 में नेपाल से कोसी में लगभग 1.92 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से 14 जिले बाढ़ की चपेट में आ गए थे। लेकिन नदी प्रबंधन और तटबंधों के सुदृढ़ीकरण से स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। वर्ष 2024 में करीब साढ़े छह लाख क्यूसेक पानी आने के बावजूद केवल नदी क्षेत्र के 156 गांव ही प्रभावित हुए।

## राजौरी में सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की आतंकवादी ढेर

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर मंगलवार को अलर्ट सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और दूसरे की तलाश शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी में ओलओसी के नौशेरा सेक्टर के झंगर इलाके में एंटी-इनफिल्ट्रेशन ऑपरेशन में आतंकवादी मारा गया। नगरोटा में हेडक्वार्टर वाली व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर कहा, "इंटेलिजेंस एजेंसियों से मिले भरोसेमंद इंटेलिजेंस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए 10 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल के पास झंगर, नौशेरा के जनरल इलाके में दो आतंकवादियों की मूवमेंट का पता चला।" पोस्ट में आगे लिखा गया, "तेज और सोची-समझी लड़ाई के साथ जवाब देते हुए व्हाइट नाइट कॉर्प्स के सतर्क सैनिकों ने तेजी से हमला किया और घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

## ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय तय हुआ। मंगलवार को करीब 7 घंटे चर्चा हुई। इसके बाद सदन की कार्रवाई बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। बहस की शुरूआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाई। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस



तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है।

**गोगोई बोले- बिरला बोलने नहीं देते, माइक बंद किया :** 2 फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनके तर्क पर सबूत देने का कहा। 9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं। आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। बिरला ने किस आधार पर महिला सांसदों पर ये आरोप लगाए।

**बिहार राजस्व विभाग में मचा हड़कंप**

## विजय सिन्हा ने पांच अफसरों का त्यागपत्र किया स्वीकार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बिहार राजस्व सेवा के पांच अधिकारियों के त्यागपत्र को स्वीकार कर लिया है। यह निर्णय संबंधित जिलाधिकारियों की अनुशंसा के आधार पर लिया गया है।

सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, जिन अधिकारियों के त्यागपत्र स्वीकार किए गए हैं, उनमें तीन महिला और दो पुरुष अधिकारी शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ने इन अधिकारियों के त्यागपत्र को उनके आवेदन की तिथि से प्रभावी मानते हुए मंजूरी दी है। स्वीकृत त्यागपत्रों में अंशु कुमार, जो वैशाली जिले के गोरौल अंचल के तत्कालीन अंचलाधिकारी थे, उनका त्यागपत्र 19 दिसंबर 2025 से प्रभावी माना गया है। इसी तरह राजन कुमार, जो रोहतास जिले के बिक्रमगंज में राजस्व अधिकारी के पद पर कार्यरत थे, उनका त्यागपत्र 26 जून 2025 से प्रभावी माना गया है। वहीं, महिला अधिकारियों में शिवांगी पांडेय, जो सारण जिले के परसा में राजस्व



अधिकारी थीं, उनका त्यागपत्र 7 मई 2025 से प्रभावी माना गया है। इसके अलावा, अंकिता वर्मा, जो रोहतास जिले के राजपुर की तत्कालीन अंचलाधिकारी थीं, उनका त्यागपत्र 27 अगस्त 2024 से प्रभावी माना गया है। वहीं, स्मृति कुमारी, जो हाजीपुर सदर की राजस्व अधिकारी थीं, उनका त्यागपत्र 20 अगस्त 2025 से प्रभावी मानते हुए स्वीकृत किया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार संबंधित जिलाधिकारियों की ओर से भेजी गई अनुशंसाओं और सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा औपचारिक आदेश भी जारी कर दिया गया है।

## देश में 10, 20 और 50 रुपए के नोटों की कोई कमी नहीं : केंद्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में करेंसी सकुर्लेशन में 10,20 और 50 रुपए के नोटों की कोई कमी नहीं है। यह जानकारी सरकार की ओर से मंगलवार को संसद में दी गई। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्य सभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि आरबीआई के अनुसार, कम मूल्य के नोट परंपरागत रूप से एटीएम के माध्यम से नहीं दिए जाते रहे हैं। उन्होंने सदन को सूचित किया, "कम मूल्यवर्ग के नोटों को छोटे मूल्य के नोट वितरकों के माध्यम से वितरित करने के लिए एक पायलय प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।" सरकार के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (26 फरवरी तक) में केंद्रीय बैंक द्वारा 10 रुपए के 439.40 करोड़ नोट, 20 रुपए के 193.70 करोड़ नोट और 50 रुपए के 130.30 करोड़ नोटों की आपूर्ति की गई है। पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) में 10 रुपए के 180 करोड़ नोट, 20 रुपए के 150 करोड़ नोट और 50 रुपए के 300 करोड़ नोटों की आपूर्ति की गई थी। आरबीआई, एक सतत प्रक्रिया के तहत, विभिन्न मूल्यवर्ग के नोटों की आवश्यकता का आकलन करता है और सरकार को आवश्यक मूल्यवर्ग के नोटों के मिश्रण की सलाह देती है।

**एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार सख्त**

## एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में रसोई गैस की सप्लाई को सुचारु बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। होटलों और रेस्तरां में कमर्शियल एलपीजी की कमी की खबरों के बीच सरकार ने एसेंशियल कमोडिटीज (ईसी) एक्ट लागू कर दिया है, ताकि घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति बिना किसी बाधा के जारी रह सके। सरकार ने रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल यूनिट्स को निर्देश दिया है कि वे एलपीजी के उत्पादन को अधिकतम स्तर तक बढ़ाएं।

इसके साथ ही इन इकाइयों को प्रमुख हाइड्रोकार्बन स्ट्रीम्स को एलपीजी पूल की ओर डायवर्ट करने के लिए कहा गया है, ताकि घरेलू उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता बढ़ाई जा सके और सप्लाई स्थिर बनी रहे। इसी के साथ सरकार ने नेचुरल गैस (सप्लाई रेगुलेशन) ऑर्डर 2026 भी जारी किया है। इस आदेश के तहत प्राकृतिक गैस, एलएनजी और री-गैसिफाइड एलएनजी के उत्पादन और अलग-अलग सेक्टरों में उसके आवंटन को नियंत्रित किया जाएगा।



इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराना है। सरकार के मुताबिक, प्राथमिकता वाले सेक्टरों में घरेलू पीएनजी सप्लाई, परिवहन के लिए सीएनजी, एलपीजी उत्पादन, पाइपलाइन कंप्रेसर के लिए ईंधन, फर्टिलाइजर प्लांट, चाय उद्योग और अन्य महत्वपूर्ण औद्योगिक उपभोक्ता शामिल हैं। इस व्यवस्था को लागू करने की जिम्मेदारी भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड (गेल) को सौंपी गई है, जो पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) के साथ मिलकर सेक्टर-वार गैस आवंटन और सप्लाई व्यवस्था की निगरानी करेगा।

### न्यूनतम इंतजार अवधि 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन

उधर, बाजार में घबराहट के कारण बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की दोबारा बुकिंग के लिए न्यूनतम इंतजार अवधि 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, ईरान से जुड़े युद्ध और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण लोगों में सप्लाई बाधित होने का डर पैदा हो गया था, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने घबराकर सिलेंडर बुक कराना शुरू कर दिया। **पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई फैसला नहीं :** इस बीच एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई फैसला नहीं लिया गया है। सरकारी तेल कंपनियां, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम, अभी के लिए लागत का अतिरिक्त दबाव खुद ही वहन करेंगी।

## प. बंगाल में 80 हजार मतदान केंद्रों पर होगा चुनाव : ज्ञानेश

**कोलकाता (एजेंसी)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में कुल 294 सीटें हैं, जिनमें से 210 सामान्य, 68 अनुसूचित जाति (एससी) और 16 अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं। चुनाव आयुक्त ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 80,000 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से लगभग 61,000 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग राज्य भर के मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग लागू किया जाएगा। ज्ञानेश कुमार ने आगे बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी की है। दिसंबर 2025 में मसौदा सूची प्रकाशित होने के बाद फॉर्म 7 का उपयोग करके 5,46,053 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। एसआईआर प्रक्रिया से पहले पश्चिम बंगाल में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जबकि अब यह संख्या 7.04 करोड़ है।

## खबरें : एक नजर में

### बीडी कॉलेज ने स्थापित किए नए कीर्तिमान, अब बनेगी राष्ट्रीय पहचान : प्रो. उपेंद्र प्रसाद

**स्थापना दिवस पर कलेज में नए सत्र से एआई और ईडब्ल्यूएम पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा**

**समारोह में शोध व समाचार पत्रिका का हुआ विमोचन, छात्र-छात्राओं के सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना**

**पटना (एनएसबी)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने मंगलवार को कहा कि बीडी कॉलेज ने कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जल्द ही कॉलेज की पहचान राष्ट्रीय स्तर की होगी। प्रो. उपेंद्र बापू टावर और बीडी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कलेज की 56वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉलेज में हो रहे विकास कार्यो की सराहना की। कुलपति ने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय कलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना के नेतृत्व को दिया।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि बापू टावर सभागार में स्थापना दिवस मनाना अपने आप में प्रेरणादायी है। महात्मा गांधी के विचारों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि आप वह परिवर्तन बनिए जो आप संसार में देखना चाहते हैं। महाविद्यालय का भी यही संकल्प और सामूहिक ध्येय है। प्रो. रत्ना ने बताया कि पदभार ग्रहण करते समय इस कलेज को पटना के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों की श्रेणी में स्थापित करने का संकल्प लिया था और इस लक्ष्य की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। उन्होंने घोषणा की कि नए सत्र से कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ईडब्ल्यूएम का पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान और कौशल प्राप्त होगा।

समारोह में कॉलेज की शोध पत्रिका ज्योति शिखा और समाचार पत्रिका आकाशदीप का लोकार्पण किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रो. राणा सिंह (सीआईएमपी) ने कहा कि प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत यथा नाम व गुण की कहावत को चरितार्थ करती हैं। उनके नेतृत्व में कलेज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी ने स्थापना दिवस को संस्थान की आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि बताते हुए दोनों पत्रिकाओं के प्रकाशन को महत्वपूर्ण पहल बताया। शोध पत्रिका ज्योति शिखा के संपादक डा. अमित कुमार ने प्रकाशन की सफलता का श्रेय प्राचार्या को देते हुए कहा कि फ्रंट से नेतृत्व करने वाला मार्गदर्शन कार्यो को सहज बनाता है। वहीं समाचार पत्रिका आकाशदीप के संपादक डा. यादव गुंजन रामराज ने संपादक मंडल के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे कॉलेज के लिए नई शुरुआत बताया। समारोह में एनएसएस और एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक उत्तरदायित्व, हरित पहल और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की भी सराहना की गई।

### 144 प्रखंडों में बन चुकी है प्रखंड स्तरीय शहद उत्पादक और प्रसंस्करण समिति

**पटना (एनएसबी)।** शहद उत्पादक किसानों को आर्थिक मजबूती देने के लिए बिहार सरकार ने बड़ी पहल की है। किसानों को उनके द्वारा उत्पादित शहद का अधिकतम मूल्य प्राप्त हो सके इसके लिए सहकारिता विभाग ने 144 प्रखंड स्तरीय शहद उत्पादक एवं प्रसंस्करण समितियों का गठन किया है। ये समितियां किसानों को संगठित रूप से उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में सहायता प्रदान करेगी। विभाग के प्रयास से राज्य स्तर पर बिहार राज्य शहद उत्पादक एवं प्रसंस्करण फेडरेशन का भी गठन हो चुका है। यह फेडरेशन प्रखंड स्तरीय समितियों को एक मंच प्रदान करेगा, जिससे शहद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, ब्रांडिंग, बड़े बाजारों तक पहुंच और निर्यात की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

साथ ही षि विभाग, उद्योग विभाग और कम्फेड (सुधा) के बीच शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समेकित प्रयास करने पर सहमति बनी है। इससे किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, बेहतर उपकरण और बाजार लिंकेज मिलेगा।

विशेष है बिहार का शहद : मुजफ्फरपुर, वैशाली और समस्तीपुर लीची के अपने बड़े-बड़े बागों के लिए जाने जाते हैं। लीची का शहद बिहार के सबसे लोकप्रिय शहद में से एक है और अपने अनोखे स्वाद के लिए इसकी बहुत मांग है। सरसों का शहद व्यापक रूप से सरसों की खेती वाले क्षेत्रों जैसे नालंदा और पटना में उत्पादित किया जाता है, इसी तरह औरंगाबाद और रोहतास में तिल का शहद भी उत्पादित किया जाता है।

बिहार में लीची, सरसों, तिल और सूरजमुखी जैसी फसलों की वजह से शहद उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार के प्रयास से बिहार शहद उत्पादन में निरंतर आगे बढ़ रहा है, देश में यह शहद उत्पादन में चौथे स्थान पर है। राज्य सरकार सहकारिता मडल के जरिए किसानों की मध्यस्थों पर निर्भरता कम करना चाहती है। सरकार की कोशिश है कि किसानों की पहुंच उपभोक्ताओं या बड़े खरीदारों तक हो ताकि उनकी आय में वृद्धि हो।

### बिहार में विपक्ष पूरी तरह से बिखर चुका है : श्याम सुन्दर शरण

**पटना (एनएसबी)।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने कहा कि बिहार में विपक्ष पूरी तरह से बिखर चुका है। आज हुई विपक्षी बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके बीच न तो भरोसा बचा है और न ही कोई ठोस रणनीति। राज्यसभा चुनाव से पहले ही विपक्ष की तथाकथित एकजुटता की सच्चाई सबके सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में बसपा का शामिल न होना इस बात का साफ संकेत है कि विपक्ष के भीतर गहरी दरार है। दोनों दलों ने बैठक से दूरी बनाकर विपक्ष को आइना दिखा दिया है और यह साबित कर दिया है कि महागठबंधन की एकजुटता के दावे पूरी तरह खोखले हैं। श्याम सुन्दर शरण ने कहा कि मौजूदा हालात में विपक्ष को राज्यसभा चुनाव में 30 वोट भी जुटाना मुश्किल पड़ जाएगा।

## एक वर्ष में लगाए गए 3.39 करोड़ पौधे

**पटना (एनएसबी)।** पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में राज्य में चल रही जल जीवन हरियाली मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत एक वर्ष के दौरान 3 करोड़ 39 लाख पौधे लगाए गए हैं, जो पिछले वर्षो की तुलना में कहीं अधिक हैं। राज्य में हरित आवरण के लक्ष्य को बढ़ाकर 17 फीसदी करने के उदेश्य से यह कवायद चल रही है।

राज्य सरकार की कृषि वानिकी योजना के माध्यम से किसानों क पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत लाखों पौधे किसानों की निजी जमीन पर लगाए गए हैं। इससे एक ओर किसानों की आय बढ़ाने के अवसर बन रहे हैं।

विभागीय जानकारी के अनुसार, कृषि वानिकी अन्य प्रजाति योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 32.57 लाख पौधे लगाए गए थे। जबकि 2023-24 में 19.07 लाख, 2022-23 में 1105 लाख, 2021-22 में 10.21 लाख तथा 2020-21 में 21.53 लाख पौधे लगाए गए थे। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पौधारोपण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है और हरित अभियान को व्यापक गति मिली है।

इसके साथ ही कृषि वानिकी योजना के तहत किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए 12227 बांस के पौधों का वितरण भी किया गया है। इन पौधों को किसानों के माध्यम से रोपित किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वर्तमान में बिहार का हरित आवरण 15 प्रतिशत है। इसे वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 17 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। इसके तहत प्रत्येक जिले में अधिक से अधिक पौधारोपण किया जा रहा है।

प्रातिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ प्राति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है। कैमूर और रोहतास में इको टूरिज्म पार्क के विकास का कार्य जारी है। इसके अलावा गया स्थित शिलौंजा पार्क का विकास किया जा रहा है तथा बराबर गुफाओं को भी बेहतर बनाने के साथ पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

# राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की प्रगति की 13 मार्च को होगी समीक्षा

**उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में होगी बैठक**

**जिलों की प्रगति और खराब प्रदर्शन का होगा आकलन, सर्वेक्षण की गति को तेज करना है उद्देश्य**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यो की प्रगति की समीक्षा के लिए 13 मार्च को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के सभा कक्ष में दोपहर 2: 00 बजे आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा करेंगे।

इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि दिसंबर 2027 तक बिहार में भूमि सर्वेक्षण का कार्य हर हाल में पूरा किया जाएगा। भूमि सर्वेक्षण पूरा होने से राज्य में भूमि अभिलेख पूरी तरह अद्यतन और पारदर्शी हो जाएंगे, जिससे आम लोगों को जमीन से जुड़े विवादों से काफी राहत मिलेगी। सर्वेक्षण के कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से ही समीक्षा बैठक बुलाई गई है। इस दौरान हरेक मुद्दे की समीक्षा कर तय समय सीमा में कार्य पूरा कराना उद्देश्य है।

वहीं भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत द्वारा जारी पत्र के अनुसार, इस बैठक में राज्य के सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारी अपने-अपने जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगे। बैठक में निदेशालय द्वारा 7 जनवरी 2026 को स्वीकृत कार्य-योजना के अनुरूप कार्यो की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही पिछली बैठक के बाद हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा तथा जिन जिलों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उनकी विशेष समीक्षा की जाएगी।

समीक्षा बैठक में प्रथम चरण के 20 जिलों में खानापुरी से लेकर प्रपत्र-20 तक के कार्यो की अद्यतन स्थिति, अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन के विरुद्ध प्रपत्र-21 में प्राप्त दावों और आक्षेपों के निपटारे की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा होगी। इसके अलावा द्वितीय चरण के 18 जिलों में त्रिसीमाना निर्धारण, ग्राम सीमा सत्यापन तथा किस्तवार कार्यो की प्रगति का भी आकलन किया जाएगा। बैठक में ईटीएस मशीनों और आवश्यक मानव बल की उपलब्धता की भी समीक्षा की जाएगी, ताकि सर्वेक्षण कार्यो को गति मिल सके। निदेशक ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथि को ससमय बैठक में उपस्थित होकर अपने-अपने जिलों की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस समीक्षा बैठक में सर्वेक्षण कार्यो की गति तेज करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### बिहार में औद्योगिक निवेश को गति : बियाडा ने 74 एकड़ भूमि 10 इकाइयों को किया आवंटित

## 1,400 करोड़ निवेश और 2000 से अधिक रोजगार की संभावना

**प्रमुख आवंटनों में श्याम स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल**

**पटना (एनएसबी)।** उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के सभा कक्ष में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक आयोजित की गई।

उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के सभा कक्ष में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक आयोजित की गई।



उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के सभा कक्ष में बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पात्र आवेदकों को राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि और तैयार औद्योगिक शेड्स आवंटित करने को मंजूरी दी गई। समिति ने राज्य के 8 औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 73. 47 एकड़ भूमि 11 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित करने का निर्णय लिया, जिससे बिहार के औद्योगिक परिश्य को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

इन स्वीकृत औद्योगिक परियोजनाओं में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रिक उपकरण, ग्रीन एनर्जी और सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। प्रस्तावित इकाइयों के माध्यम से राज्य में लगभग 1,344 करोड़ का निवेश आने का अनुमान है, जिससे करीब 2,003 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। भूमि आवंटन प्राप्त करने वाली प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। बियाडा द्वारा उद्योगों के लिए बेहतर अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाएँ और निवेश के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह निर्णय बिहार को निवेश के लिए एक उभरते औद्योगिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।




सीपीआईएम बिहार का मेहनतकशों के ऊपर हमला और देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए आहुत 24 मार्च 2026 - दिल्ली रैली के लिए जन संघर्ष जत्था मगध क्षेत्र के लिए रवाना। 10 मार्च को सीपीआई एम राज्य कार्यालय, जमाल रोड, पटना से केंद्रीय कमिटी सदस्य एवं बिहार राज्य सचिव मण्डल सदस्य अवधेश कुमार ने इस जत्था को पार्टी झंडा दिखाकर बिहार के पटना, नालन्दा, नवादा, गया औरंगाबाद, अरवल और जहानाबाद जिला के लिए रवाना किया गया।

## खेमनीचक से मलाही पकड़ी तक मेट्रो ब्लॉक का उप-मुख्य सेवा सचिव ने किया निरीक्षण

### मेट्रो रेल कारपोरेशन के उप-मुख्य सेवा सचिव सुधीर कुमार ने की मेट्रो रेल के नए करिडोर की पड़ताल

**पटना (एनएसबी)।** मेट्रो रेल का सफर अब पटना वासियों के लिए जल्द ही आधुनिक शहरी परिवहन के विकल्प के तौर पर विकसित होने जा रहा है। मेट्रो रेल करपोरेशन के उप-मुख्य सेवा सचिव सुधीर कुमार ने मंगलवार को पटना मेट्रो के प्राथमिकता करिडोर के अंतर्गत आने वाले मलाही पकड़ी से खेमनीचक खंड का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने पटना मेट्रो के प्राथमिकता करीडोर खेमनीचक से मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन तक पटना मेट्रो का परिचालन शुरू किये जाने की तैयारियों का जायजा लिया और सभी तरह के सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया।

प्रदीप कुमार ने अपने निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा और विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रणालियों और यात्री सुविधाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूपीएस कक्ष, लिफ्ट और एस्केलेटर, एएसएस कक्ष, एससीआर कक्ष, प्लेटफर्म स्तर का गहन निरीक्षण किया और करिडोर के साथ-साथ ओएचई उंचाई माप की भी समीक्षा की। उन्होंने ईएंडएम प्रणालियों और अन्य तकनीकी प्रतिष्ठानों की भी सावधानीपूर्वक जांच की। बता दें कि पटना मेट्रो के प्राथमिकता करीडोर के प्रत्येक निरीक्षण और सभी तरह की जांच ने मेट्रो रेल को परिचालन के अपने लक्ष्य के एक कदम और करीब ले आयी है।

## विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकार कर रही हर कार्य : मंत्री

**शिक्षा मंत्री और विकास आयुक्त ने किया कार्यशाला का उद्घाटन**

**सेंटर अफ एक्सीलेंस को विकसित करने के परामर्श' विषय पर आयोजित हुआ कार्यशाला**

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। ताकि उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। शिक्षा मंत्री मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सात निश्चय-3 के तहत 'सेंटर अफ एक्सीलेंस को विकसित करने के परामर्श' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह सेमिनार बिहार के भविष्य और उच्च शिक्षा में बेहतर साबित होगा। यहां विचारों का आदान-प्रदान ही नहीं बल्कि ठोस सुझाव भी दिए जाएंगे, ताकि आगे की पीढ़ी सेंटर अफ एक्सीलेंस से बेनफिट उठा सकें। उन्होंने कहा कि शोध को प्रोत्साहन कैसे करना है, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और स्टार्टप कैसे किया जाएगा इस पर भी विचार करेंगे। हमारे पास शिक्षा के क्षेत्र में पौराणिक धरोहरे हैं जैसे नालंदा विश्वविद्वालय, विक्रमशिला विश्वविद्यालय आदि। हमें तय करना है कि जो हमारे संस्थान है वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख स्थान हासिल करें। यह बहुत बड़ी यात्रा है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कारण काफी विकास हुआ है। 2005 में शिक्षा का बजट 4400 करोड़ था वह आज 68 हजार करोड़ से अधिक हो गया है। राज्य में 76 हजार स्कूल हैं, जिसमें 1 करोड़ 76 लाख विद्यार्थी है। राज्य में 1 करोड़ 30 लाख बच्चों को प्रतिदिन एमडीएम दिया जाता है। वर्ष 2001 में महिला साक्षरता दर 23 से 24 फीसदी था जो वर्ष 2024 में बढ़कर 74 फीसदी हो गया है। राज्य में पहले पांच विश्वविद्यालय थे आज उनकी संख्या 14 हो गई है। जिसमें 20 लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की जरूरत है। इसके लिए सेंटर अफ एक्सीलेंस सेटअप करेंगे, जिसके लिए यह कार्यशाला आयोजित किया गया है। हम डिजिटल वर्ल्ड में जी रहे हैं जो एआई परिष्य से प्रभावित है। यह विश्वविद्यालयों के परिदृश्य और पढ़ाई को बदल देगा। प्रारंभिक चरण में राज्य में चिन्हित कलेजों को सेंटर अफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा जहां उच्च गुणवत्ता एआई तकनीक, कौशल, बेहतर भवन, आधुनिक प्रयोगशाला, डिजिटल शिक्षा एवं शोध की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। शिक्षा मंत्री ने सभी कुलपति से आग्रह करते हुए कहा कि सेंटर अफ एक्सीलेंस के रूप में जो कलेज चयनित होंगे उसमें अच्छे शिक्षक उपलब्ध कराया जाए। हम उम्मीद करते हैं कि इस कार्यशाला में सकारात्मक चीजे निकलकर आएंगे।

वहीं विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि पटना के तीन कलेजों को छोड़कर राज्य के किसी भी कलेज का नैक से ग्रेड नहीं मिला है। यह काफी चिंतनीय है। इसपर ध्यान देना होगा और शिक्षकों का भी ग्रेड होना चाहिए। राज्य के सभी वित पोषित कलेजों को भी नैक से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री के सचिव डा. चंद्रशेख सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। जिसके कारण विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। उच्च शिक्षा में चुनौतियों को देखते हुए अलग उच्च शिक्षा बनाया गया है, ताकि राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति बेहतर हो सके। उन्होंने पुराने संस्थानों की गरिमा को वापस लाने का प्रयास करने की अपील की। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने कहा कि सेंटर अफ एक्सीलेंस के लिए दो चरणों में कलेजों का चयन किया गया है।

# चेतना समिति द्वारा मिथिला की महान विदुषी उभय भारती की स्मृति में समारोह आयोजित

**पटना (एनएसबी)।** मिथिला और मैथिली की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था चेतना समिति के तत्वावधान में मंगलवार को विद्यापति भवन, पटना में मिथिला की महान विदुषी उभय भारती की स्मृति में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा, संस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक विद्वानों, बुद्धिजीवियों तथा समाजसेवियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर उभय भारती के व्यक्तित्व, तित्व तथा भारतीय ज्ञान परंपरा में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत उभय भारती के चित्र पर अतिथियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं विद्वान डा. आचार्य राजनाथ झा ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने ओजस्वी एवं सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में उभय भारती का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य और मण्डन मिश्र के ऐतिहासिक शास्त्रार्थ में उभय भारती ने निर्णायक (न्यायाधीश) की भूमिका निभाकर यह सिद्ध किया कि प्राचीन भारत में महिलाओं की बौद्धिक क्षमता और विद्वता को सर्वोच्च सम्मान प्राप्त था।




चेतना समिति द्वारा मिथिला की महान विदुषी उभय भारती की स्मृति में समारोह आयोजित।

डा. झा ने कहा कि वर्तमान समय में उभय भारती तथा शंकराचार्य मण्डन मिश्र के शास्त्रार्थ को लेकर समाज में अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ भी प्रसारित की जा रही हैं, जो ऐतिहासिक तथ्यों से मेल नहीं खातीं। उन्होंने कहा कि उभय भारती का वास्तविक योगदान अत्यंत व्यापक और गौरवपूर्ण है तथा प्राचीन ग्रंथों में उनका उल्लेख अत्यंत सम्मान के साथ मिलता है। उन्होंने इस विषय पर गंभीर अध्ययन, शोध और प्रमाणिक विमर्श की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यदि इस दिशा में व्यवस्थित रूप से कार्य किया जाए तो उभय भारती के वास्तविक स्वरूप और उनके योगदान को समाज के सामने और स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जा सकेगा। उन्होंने उभय भारती को भारतीय नारी सशक्तिकरण की प्राचीन एवं उज्ज्वल परंपरा का सशक्त प्रतीक बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भवनाथ झा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मिथिला की सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और उभय भारती जैसी महान विदुषियों ने इस परंपरा को गौरवशाली बनाया है। उन्होंने सुझाव दिया कि आने वाले वर्षो में उभय भारती स्मृति समारोह को और व्यापक स्वरूप देते हुए विशेष रूप से मिथिला क्षेत्र में भी आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी इस महान परंपरा से जुड़ सके।

इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में भवनाथ झा ने यह भी कहा कि उभय शब्द को लेकर आज के समय में कुछ भ्रांतियाँ फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर गंभीर ऐतिहासिक अध्ययन और प्रमाणिक शोध की आवश्यकता है कि यह शब्द कब और किस संदर्भ में जुड़ा। उन्होंने आग्रह किया कि इस विषय पर महिला अध्ययन के शोधकर्ताओं को भी आगे आकर तथ्यपरक शोध करना चाहिए, जिससे समाज के सामने सही ऐतिहासिक ष्टि प्रस्तुत हो सके।

महिला अध्ययन से जुड़ी शोधकर्ता डा प्रिया रानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में महिला सशक्तिकरण की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है, किंतु भारतीय परंपरा में नारी को सदैव सम्मान और आदर की दृष्टि से देखा गया है। उन्होंने कहा कि मिथिला की संस्कृति में बेटी के जन्म को लक्ष्मी के आगमन के रूप में माना जाता है और जब वह घर में प्रवेश करती है तो उसे अन्नपूर्णा के रूप में सम्मान दिया जाता है। यह परंपरा दर्शाती है कि भारतीय समाज में नारी को शक्ति, समृद्धि और परिवार की आधारशिला के रूप में देखा गया है।

इस अवसर पर डा. प्रेमलता मिश्र 'प्रेम' ने भी उभय भारती के व्यक्तित्व और तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय नारी ज्ञान परंपरा की प्रेरणादायक विदुषी बताया।

कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव जयदेव मिश्रा ने किया, जबकि समापन उद्बोधन चेतना समिति के अध्यक्ष विवेकानंद झा ने दिया। उन्होंने कहा कि चेतना समिति द्वारा समय-समय पर मिथिला की महान विभूतियों की जयंती एवं स्मृति समारोह आयोजित कर समाज को उसकी गौरवशाली सांसतिक परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया जाता रहा है। अंत में समिति के उपाध्यक्ष उमेश मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में जितेंद्र मिश्रा, किशोर चौधरी, पूर्व सचिव विवेकानंद ठाकुर, दिनेश चन्द्र झा, सतीश चन्द्र झा, शिशिर चन्द्र मिश्र, डा़ रमानन्द झा 'रमण', सुनील कुमार झा, रंगनाथ दिवाकर, राघव नाथ झा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दरभंगा में आरओबी एवं एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण में आएगी तेजी



मन्त्री के साथ बैठक करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी व अन्य ।

## लोहिया चौक से पंडासराय आरओबी में जुड़ेगा एलिवेटेड कॉरिडोर : संजय सरावगी

नव संदेश ब्यूरो

**दरभंगा।** शहर की बड़ी समस्या सड़क जाम को दूर करने के लिए एलिवेटेड कॉरीडोर और निमार्णाधीन आरओबी के निर्माण कार्य में तेजी आएगी। यह जानकारी बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने दी। इस संदर्भ में पटना में उद्योग सह पथ निर्माण विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव पंकज पाल सहित पुल निर्माण विभाग के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री सरावगी ने बताया कि बैठक में 1868 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत दरभंगा रेलवे स्टेशन से आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे तक भाया दोनार चौक, कपूर्री चौक) तथा कपूर्री चौक से एकमी चौक तक भाया लहेरियासराय टावर, लोहिया चौक मार्ग के अपग्रेडेशन एवं एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को लेकर विशेष चर्चा की गई। अब एलिवेटेड कोरिडोर लोहिया चौक होते हुए पंडासराय में बन रहे आरओबी से भी जुड़ेगा। बैठक में इस पर सहमति बनी है। शीघ्र ही एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण की प्रगति जमीनी स्तर पर आमजन को दिखाई देने लगेगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर में यातायात की बड़ी समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी तथा लोगों को सुगम आवागमन के साथ तेज कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त होगी। श्री सरावगी ने बताया कि मंत्री दिलीप जायसवाल ने बैठक में संबंधित

**तीनों तालाब के एकीकरण सहित कई प्रमुख सड़कों का होगा कायाकल्प**

अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं तथा निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।बैठक के दौरान शहर में निमार्णाधीन छह आरओबी यथा दिल्ली मोड़, दोनार चौक, पंडासराय, चट्टी चौक तथा कंगवा गुमटी के दोनों आरओबी के निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए इन सभी आरओबी का निर्माण दरभंगा की बहुप्रतीक्षित मांग रही है। दोनार आरओबी का निर्माण फोर-वे कनेक्टिविटी के साथ किया जा रहा है। दोनार चौक से सोनकी, भठियारीसराय, कपूर्री चौक तथा दरभंगा रेलवे स्टेशन की ओर चार दिशाओं में रास्ते उपलब्ध होंगे। यह टू-लेन आरओबी होगा, जिसके ऊपर से एलिवेटेड कॉरिडोर भी गुजरेगा। यह आरओबी दरभंगा के सबसे व्यस्त इलाके में है, जहां हर दिन जाम की समस्या बनी रहती है। आरओबी के निर्माण से प्रतिदिन हजारों लोगों को राहत मिलेगी तथा यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी। इसके अलावा शहर के तीनों ऐतिहासिक तालाब हराही, दिग्घी और गंगासागर के एकीकरण व सौंदयकरण का कार्य भी अब बिहार पुल निर्माण निगम ही करायेगा। बैठक में श्री सरावगी ने इन तीनों तालाबों के एकीकृत का कार्य शीघ्र आरंभ कराने की बात कही। तीनों तालाब के चारों तरफ नई तकनीक के साथ निर्माण कार्य होगा। वहीं शिवधारा से हरपुर तक जाने वाली 4.40 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी जल्द शुरू होगा। बैठक में दरभंगा टावर सहित शहर की कई अन्य प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण को लेकर भी समीक्षा हुई है। शीघ्र ही सभी प्रमुख सड़कों का कायाकल्प होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, डीएमसीएच में भर्ती के दौरान तोड़ा दम

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के सोनकी थाना क्षेत्र के कपचाही के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गस्ती पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान देकुलीचट्टी निवासी इन्दर महतो के पुत्र विजय कुमार 20 वर्ष के रूप में की गई है। बताया जाता है कि विजय कुमार बाइक से अपनी बहन को छोड़ने शंकर लोहार गया था। बहन को छोड़कर वह वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान कपचाही के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद सोनकी थाना की गस्ती पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए डीएमसीएच लेकर आई, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक छह बहनों और दो भाइयों में से एक था। उसके पिता इन्दर महतो मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, जबकि विजय कुमार बिजली का काम कर अपने परिवार की आर्थिक मदद करता था।

### वरीय पुलिस अधीक्षक ने की मासिक अपराध गोष्ठी

**दरभंगा(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के द्वारा फरवरी माह 2026 की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय दरभंगा में किया गया। ईस अपराध गोष्ठी में नगर पुलिस अधीक्षक दरभंगा सहायक पुलिस अधीक्षक, दरभंगा सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक सह-साइबार



थानाध्यक्ष, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुए। समीक्षा के क्रम में हायाघाट थानाध्यक्ष, मोरो थानाध्यक्ष, विशनपुर थानाध्यक्ष , बहादुरपुर थानाध्यक्ष, कमतौल थानाध्यक्ष, फेकला थानाध्यक्ष, सोनकी थानाध्यक्ष, केवटी थानाध्यक्ष, जाले थानाध्यक्ष, मनिगाछी थानाध्यक्ष, अलीनगर थानाध्यक्ष, घनश्यामपुर थानाध्यक्ष, कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष एवं जमालपुर थानाध्यक्ष को वाहन चालान कम या शून्य होने के कारण निंदन की सजा दी गई। अपराध गोष्ठी के दौरान निम्न निर्देश दिये गए। जिसमें आगामी पर्व त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। शराब बंदी नियमों को उल्लंघन करने वाले एवं शराब तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा आए दिन हो रहे चोरी पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिये गए। डायल 112 पर प्राप्त शिकायतों का ससमय में निपटारा करने का निर्देश दिये गए।प्रत्येक दिन थानाध्यक्ष को थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के साथ सुबह मीटिंग कर टास्किंग करने का निर्देश दिया है।

### स्थानांतरण के कारण शिक्षा व्यवस्था चरमरायी

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत शिक्षकों के बड़े पैमाने पर हुए स्थानांतरण और पदस्थापन नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है। कई स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी हो गई है। जिससे अध्यापन कार्य प्रभावित हो गया है स्थानांतरण के बाद पदस्थापन में समय लगने से कई स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई ठप पड़ गई है। बता दें कि कई स्कूल से 5 से 6 शिक्षकों को एक साथ स्थानांतरण कर दिया गया है। वही कई महिला शिक्षकों को दूर दराज के जिलों में पदस्थापित किया गया है जिसके कारण उन्हें पारिवारिक और कार्य स्थल के बीच संतुलन बनाने में भारी कठिनाई हो रही है। वैसे शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों की समस्याओं को देखते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने की बात कही है।

### महावीरी झंडा के लिए 551 कन्याओं ने निकाली शोभायात्रा

**जाले (एनएसबी)।** जाले प्रखंड के करवा पंचायत में मंगलवार को अट्ठाईसवें महावीरी झंडा के लिए 501 कन्याओं ने कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शाहपुर के समिप खिरोदनी नदी से जल लेकर हजारों लोगों के जूलुस, ग्रामीण और प्रशासन के संरक्षण में गांव घुमाता हुआ झंडा स्थल तक पहुंची। सभी कन्याओं को प्रसाद दी गयी और कलश स्थापित की गयी। यहां सोमवार को एक सौ पांच फिट ऊंची महावीरी झंडा को खड़ा किया गयाथा। तेरह मार्च को रावन दहन के साथ झंडोत्सव सम्पन्न हो जाएगा। उक्त बात की जानकारी झंडा कमिटी के सदस्य सच्चीदानंद यादव ने दी। अध्यक्ष भुषण यादव, रायबहादुर यादव, पवन यादव, मोहन यादव श्याम यादव समेत कई सदस्यों ने बताया की तीन जिला के सीमा से जुड़ा मुस्लिम बहुल गांव में यह महोत्सव हिंदू मुस्लिम एकता का मिशाल है।

## पत्रकार के घर के सामने लगी फोर व्हीलर की चोरी

**दरभंगा (एनएसबी)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के दिग्घी पोखर पश्चिम प्रोफेसर कॉलोनी से सोमवार की रात्रि 2.03 बजे के करीब बैगन आर चोरी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थानाध्यक्ष नीतीश कुमार व दारोगा पूजा सिंह दलबल के साथ पहुंचकर मामले की ताकत शुरू कर दी है। जगह-जगह लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। बताया जाता है कि गाड़ी नंबर बीआर 07 डी 4004 दरवाजे पर लगी हुई थी। देर रात चोर ने गाड़ी स्टार्ट करने के बाद लेकर फरार हो गया।

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि गाड़ी स्टार्ट करने के बाद आगे ले गया और फिर घूमाकर दोनार की ओर चला गया। गाड़ी वरिष्ठ पत्रकार आलोक पुंज का है। उन्होंने बताया कि पिछले चार-पांच महीने से गाड़ी दरवाजे पर ही लगी रहती थी। कभी किसी तरह की कोई घटना नहीं घटी। लेकिन सोमवार की रात्रि किसी व्यक्ति ने चोरी कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष जगह-जगह लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही मामले का उद्भेदन कर गाड़ी बरामद कर लिया जाएगा।

## रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन में 6 हजार डॉलर डोनेट करेगा रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा

### रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ऑफिसियल क्लब विजिट मे रोटरी क्लब दरभंगा ने की घोषणा

**दरभंगा (एनएसबी)।** रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा के तत्वाधान मे 8 मार्च को डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता नाथ का ऑफिसियल क्लब विजिट होटल गारसिया इंटरनेशनल, दरभंगा मे सम्पन्न हुआ। जिसमे उन्होंने क्लब के सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिकता मीटिंग कर क्लब की सभी गतिविधियों की विधिवत जानकारी ली।

क्लब के पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल मे किये गए कार्यो का वृस्तित व्योरा दिया साथ ही आगे भी क्लब द्वारा किये जाने वाले कार्यो की जानकारी दीं। डी. जी. नम्रता नाथ ने रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा द्वारा किये गए कार्यो की बहुत ही प्रशंसा की और आगे किये जाने वाले कार्यो के लिए मार्गदर्शन दिया। रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा द्वारा रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन मे 6000 डॉलर डोनेट करने का आश्वासन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को दिया


डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता नाथ के साथ रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा के पदाधिकारी ।

गया। इन सभी कार्यक्रम मे रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा के अध्यक्ष रो. सी ए. कुमार संजय, सचिव रो. डॉ. नवीन कुमार, कोषाध्यक्ष रो. डॉ. टी. एन. झा के साथ क्लब के रो. ई.ए. के. झा, रो. माधवेश्वर झा, रो. सुरेंद्र सिँह, रो. डॉ. राजेश द्विवेदी,रो. डॉ. गौड़ी शंकर झा,रो. ई. सतीश सिंह, रो. डॉ. हरी दामोदर सिंह, रो. डॉ. जीतेन्द्र कुमार, रो. डॉ. हरेंद्र कुमार, रो. डॉ. मणी शंकर, रो. ई. तनुज मेहता, रो. रानू सुल्तानिया, रो. बसंत मित्तल, रो. डॉ. सुभाष सिंह रो. बंटी बोहरा, रो. डॉ. पी. एन. मिश्रा, रो. डॉ. अरुण टिबरेवाल रो. डॉ. संजन संजू, रो. डॉ. अमित झा, रो. एस. एच. अली, रो. ई. अमरेंद्र सिंह रो. इंद्रा झा रो. चेतन सिंह, रो. डॉ. नितेश कमल, रो. सुभाष दारुका, रो. मुन्ना सिंह रो.डॉ. आर. पी. दिवाकर ,के अलावा क्लब के और भी सदस्य सपरिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम मे दरभंगा के अन्य क्लब रोटरी क्लब ऑफ मिथिला, रोटरी मिड टाउन, रोटरी विद्यापति, रोटरी क्लब ऑफ दरभंगा सिटी, लायंस क्लब, रेड क्रॉस, युनेस्को क्लब, इनर व्हील क्लब, होल्टीकलचर सोसाइटी के भी पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इन सभी को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।उसी दिन वोमेंस डे भी था इसलिए वहां उपस्थित सभी महिलाओ से केक कटवाया गया। वहां उपस्थित सभी रोटेरियनों ने अपनी अपनी पत्नियों को पुष्प और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।

## प्रतिबंधित मांस रखे बोरा छोड़कर भागा तस्कर, ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** कलिगांव के दादा चौक के पास मंगलवार की सुबह प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहा तस्कर का ग्रामीण विरोध करने लगा। ग्रामीणो का आक्रोश देख मौके से मांस की छोड़कर तस्कर भाग निकला। मंदिर के पास हुई इस घटना से बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। लोग प्रतिबंधित मांस लेकर जाने वाले तस्कर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर थानाध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने मांस लदी साइकिल एवं बाइक को अपने कब्जे में ले लिया।


सिंहवाड़ा के कलिगांव में मांस तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते एसडीपीओ एवं अन्य।

घटना की जानकारी मिलते ही सदर टू कमतौल एसडीपीओ शुभेन्द्र कुमार सुमन, बीडीओ विक्रम भास्कर, दरोगा दिलीप कुमार, डायल 112 के अधिकारी दिनेश शर्मा सहित पशुचिकित्सको की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मांस के नमूने को जांच के लिए भेजा जा रहा है। बताया गया है कि सुबह लगभग सात बजे चौक पर ग्रामीणो ने एक लाल रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर खून लगा मांस देखा। संदेह होने पर उन्होंने मोटरसाइकिल चालक को रोका। बाइक

**सिंहवाड़ा के कलिगांव की घटना, पुलिस ने बाइक एवं साईकिल किया जप्त**

सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद वह व्यक्ति साइकिल लेकर लौटा और मांस को साइकिल पर लादकर भागने की कोशिश की। ग्रामीणों के विरोध के बाद वह भी मांस छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों का कहना था कि यह मांस गाय का है और इसे शिव मंदिर के पास से ले जाया जा रहा था। आक्रोशित ग्रामीणों ने 'जय श्री राम, गौ हत्या बंद करो जैसे नारे लगाने लगे। पुलिस एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा बूझाकर शांत कराया।

प्रखंड पशुचिकित्सा पदाधिकारी निलंबर प्रसाद ने बताया कि मांस किस जानवर का है। यह स्पष्ट नहीं है और सैंपल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी। एसडीपीओ शुभेन्द्र कुमार सुमन ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह किसी मवेशी का मांस लग रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने पुलिस को कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।

## दरभंगा-मुजफ्फरपुर एनएच 27 पथ पर ट्रक की ठोकर से एक बस सहित छह गाड़ियां हुई क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे बाराती

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** दरभंगा मुजफ्फरपुर उच्च पथ पर मंगलवार की अहले सुबह लगभग चार बजे तेलिया पोखर चौक पर टाइल्स से लदी हाईवा ट्रक ने बाराती उतार चुके बस में जबरदस्त ठोकर मार दी। ठोकर इतना जोरदार था की ट्रक ने बस को घसीटते हुए आगे ले गया। जहां सड़क किनारे स्थित संजय ठाकुर के मार्केट के सामने लगी दो बाइक, एक रिकवरी वान और एक बोलेरो को क्षतिग्रस्त कर दिया।

हलांकी इस घटना मे किसी तरह की जान-माल की छति नही हुई है। कई गाड़ियों की टक्कर से हुई भी जोरदार आवाज में आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। बताया गया है कि मनिहास निवासी प्रभु महतो के बेटे के विवाह से बारात लौटकर तेलिया पोखर चौक के पास पहुंची थी। सड़क किनारे बस खड़ा कर बारात को उतारा गया। बस से अंतिम बाराती जैसे ही निकाला मुजफ्फरपुर की ओर से बेलगाम आ रही ट्रक



पीछे से बस में ठोकर मार दी। कुछ सेकेंड के अंतराल के कारण दर्जनों बाराती की जान बच गई। बस से निकाल कर अपने-अपने घर ज रहे बारात दुर्घटना के बाद पुनः चौक पर वापस आ गए। मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस ने आवागमन बहाल चालू रखने की व्यवस्था करने लगी।

## जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए सांसद ने लोकसभा में रखी मांग : डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** केंद्र सरकार द्वारा देश में यूरिया डीजल एग्जास्ट फ्लूइड और अन्य उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन जैविक कृषि आधारिक उत्पादित खाद्यान्नों के खरीद हेतु ठोस नीति तथा प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है जिसके लिए जैविक कृषि से सम्बद्ध किसानों को वित्तीय सहायता तथा प्रशिक्षण मिलना अनिवार्य है। किसानों को परंपरागत खेती के लिए प्रोत्साहित कर बड़े स्तर पर रासायनिक उर्वरकों से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है।भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में आयातंकित प्रश्न संख्या 2962 के आलोक में अपनी बातें रखते हुए उपरोक्त बातें कही।

सांसद डा ठाकुर ने लोकसभा में जैविक कृषि तथा इसको बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं को लोकलूभावन बनाने पर जोर देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों से जान माल की हो रही भारी क्षति तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लगातार बढ़ रहे प्रकोप से बचने के लिए जैविक आधारित परम्परागत खेती को सर्वव्यापी बनाने तथा उसके


डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा ।

बाजारीकरण के लिए किसानों में उत्साह बढ़ाना आवश्यक है। सांसद डा ठाकुर के प्रश्न के आलोक में केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री भागीरथी चौधरी ने सांसद को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजना पीकेबीआई के माध्यम से जैविक खेती और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती के मिशन के माध्यम से प्राकृतिक खेती तथा रसायन मुक्त कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए तीन वर्षों में 35500 रुपये की सहायता उपलब्ध कराती है जिसमें उत्पादन, मार्केटिंग, ब्रांडिंग तथा क्षमता निर्माण जैसे कार्य शामिल है। सांसद डा ठाकुर ने रासायनिक उर्वरकों से हो रहे नुकसान से बचने के लिए केंद्र सरकार को पूरी तरह से संवेदनशील तथा गंभीर बताते हुए कहा कि जैविक कृषि के माध्यम से हानिकारक तथा असाध्य रोगों से बचा जा सकता है।

### दरभंगा आगमन पर मंत्री रमा निषाद का भव्य स्वागत

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद के जिला अतिथि गृह, दरभंगा पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा उनका मिथिला की समृद्ध परंपरा के अनुसार पाग एवं चादर भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री मीरा मेहता, ज्योति कृष्ण झा लवली, अविनाश साहनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राज्य के छात्रों के सर्वांगीण विकास में शैक्षणिक परिभ्रमण योजना का है उल्लेखनीय योगदान : शंभू यादव

# स्कूली छात्रों का जत्था निकला पूसा, जिप सदस्य ने किया विदा

**दरभंगा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत मध्य विद्यालय वाटगंज, मध्य विद्यालय हरसिंहपुर, मध्य विद्यालय जौघट्टा, बुनियादी मध्य विद्यालय मिल्की, मध्य विद्यालय जयंतीपुर के छात्रों का दल राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय पूसा के लिए रवाना हुआ।

वहां पर छात्र कृषि, बागवानी के गुणों को देखेंगे एवं सीखेंगे। बस को मलिया चौक जयंतीपुर दाथ से हरी झंडी दिखा कर अलीनगर के जिला परिषद सदस्य सुनीता यादव ने रवाना किया एवं कहा कि इससे छात्रों के अंदर न केवल शैक्षणिक स्तर का सुधार बल्कि वे नए नए चीजों को सीखते एवं समझते है तथा उनके अंदर वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। बीच बीच में छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से उनके अंदर सीखने की ललक बनी रहती है। वही मौके पर उपस्थित बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष शंभू यादव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्र उत्साहित होते है एवं उनका मनोबल सुदृढ़ होता है तथा उनमें नव ऊर्जा का संचार होता हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम आवश्यक है।

हम सभी छात्रों को शुभकामना देते है कि वे बेहतर से बेहतर चीजों को सीखे और उसे अपने जीवन में आत्मसात करें।


छात्रों के दल को रवाना करते अलीनगर के जिला परिषद सदस्य सुनीता यादव।

मौके पर म वि वाटगंज के प्रधानाध्यापक व्रज किशोर यादव, सरोज कुमार चौधरी, पूजा कुमारी, बबीता कुमारी, मध्य विद्यालय हरसिंहपुर के प्रधानाध्यापक देवशरण यादव, सुनील कुमार, शमा प्रवीण, सुप्रिया कुमारी, संजीव कुमार, मध्य विद्यालय जौघट्टा के प्रधानाध्यापक राममोहन मंडल, करुणेश चरण, मंजू कुमारी, विमलेश कुमार, बुनियादी मध्य विद्यालय मिल्की के प्रधानाध्यापक विजय कुमार, रवि प्रकाश, आकांक्षा भदौरिया, मध्य विद्यालय जयंतीपुर के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र पासवान, शंभू कुमार प्रसाद, विकाश कुमार यादव, अनुपम कुमारी आदि उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खोकसाहा संस्कृत विद्यालय के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने सैदपुर वार्ड संख्या-14 निवासी स्व. चन्नू महतो के 59 वर्षीय पुत्र लाल सिंह को कुचल दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया। वृद्ध के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया और घर में रोने-बिलखने का माहौल हो गया।

### रघुनाथपुर में पहुँच पथ निर्माण के लिए डीएम को दिया आवेदन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड के रामपुर विशुन पंचायत की सरपंच शिव कुमारी देवी ने रघुनाथपुर गांव में पहुँच पथ निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि ग्राम रघुनाथपुर के वार्ड संख्या-06 में मूलकन पोखर के भिंडा से गांव में स्थित रेलवे पुलिया तक सड़क नहीं होने के कारण किसानों को खेती के लिए भारी उपकरण खेत तक ले जाने में काफी परेशानी होती है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जिससे सैकड़ों किसानों की खेती प्रभावित होती है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। सरपंच ने जिलाधिकारी से जल्द ही मूलकन पोखर से रेलवे पुलिया तक पहुँच पथ निर्माण कराने की मांग की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### मेंटेनेंस को लेकर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रही बिजली

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मेंटेनेंस कार्य किया गया। इसके कारण कल्याणपुर पीएसएस से निकलने वाली सभी शहरी और ग्रामीण फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रही। कनीय अभियंता कुणाल कुमार ने बताया कि इन दिनों उपभोक्ताओं की ओर से विद्युत संबंधी तकनीकी समस्याओं की शिकायतें अधिक मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए सहायक विद्युत अभियंता के निर्देश पर मेंटेनेंस कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति में सुधार होने की संभावना है।

### अपहृता बरामद

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र से अपहृत युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस बाबत जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि मधूरापुर भुआल गांव से युवती का अपहरण किया गया था। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण अपहरणकताओं ने उसे थाना के मुख्य द्वार के पास छोड़ दिया। बरामद युवती का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया है और उसका 164 के बयान के लिए कोर्ट भेजा गया है। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तर बिहार में बदलेगा मौसम का मिजाज, कुछ जिलों में बूंदाबांदी की संभावना

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** आगामी 5 दिनों में मौसम के तेवर कुछ तल्ख होने के आसार हैं। इस बाबत जिले के डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा और भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालय स्थित जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा आगामी 15 मार्च 2026 तक केलिए जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। 12 मार्च के आसपास मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर तथा पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिलों के एक-दो स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि अन्य जिलों में इस अवधि के दौरान मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं इस अवधि में औसतन 8 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्य रूप से पुरवा हवा चलने की संभावना है। सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 70 से 80 प्रतिशत तथा दोपहर में 20 से 25 प्रतिशत रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों को मौसम को ध्यान में रखते हुए खेती-बाड़ी से जुड़े कार्य करने की सलाह दी है।

### पूर्व विधायक कुर्मी चेतना मंच के महानायक के निधन पर शोक

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** पूर्व विधायक एवं कुर्मी चेतना मंच के महानायक सतीश कुमार के असामयिक निधन की खबर मिलते ही उनको जानने वाले एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय सतीश सूर्यगढ़ा और अस्थवा से दो बार विधायक रह चुके थे और कुर्मी चेतना मंच के बैनर तले गांधी मैदान पटना में आयोजित सम्मेलन में मैदान को भरने का काम किया था। उनके निधन पर राम कुमार महतो, पवन कुमार आजाद, गनौर महतो, राज कुमार राय, कैलाश राय, अशोक राय, संतोष कुमार उर्फ बबलू, बिपिन कुमार, विष्णुदेव महतो, सुनील कुमार, सुजीत कुमार, रामनंदन महतो, भोला महतो, देवेंद्र महतो आदि ने उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

### यती स्थान महाविष्णु यज्ञ समारोह से भक्ति मय हुआ माहौल दिन में भागवत कथा और रात में रासलीला से रासविभोर हो रहे लोग

**मोरवा (एनएसबी)।** ऐतिहासिक यती स्थान सुर्यपुर मैदान में महा विष्णु यज्ञ से संपूर्ण क्षेत्र भक्ति मय हो उठा है। जबकि दिनांक 15 एवं 16 मार्च को अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ का 60 वां जिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य सत्यनारायण मिश्र, जिलाध्यक्ष इंद्रकांत झा, कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार झा, राम लगन सिंह, डॉक्टर मिज कुमार ठाकुर आदि इसकी सफलता को लेकर पूरी तरह सक्रिय हैं।प्रयागराज के पधारे महात्मा ऋषिकांत महाराज उर्फ हंडिया बाबा के मार्गदर्शन में तथा आचार्य विद्याधर मिश्र के नेतृत्व में अयोध्या, वृंदावन एवं वाराणसी के पंडितों के द्वारा महा विष्णु यज्ञ समारोह संपन्न कराया जा रहा है। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा है। दिन रात पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान है। इस क्रम में एक तरफ दिन में जहां वृंदावन के कथावाचक दिग्विजय जी महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा महा यज्ञ का आयोजन किया जाता है वहीं रात में भगवान श्री कृष्ण की मधुर लीलाओं से ओतप्रोत रासलीला से हजारों श्रोता और श्रद्धालु सारी रात रासविभोर हो कर आनन्द सरिता में डूबते उबरते रहते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान क्षेत्र के युवा नेता अभय कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी अभया सिंह, जबकि महा विष्णु यज्ञ के मुख्य यजमानों में फूल बाबू झा, पवन कुमार झा, राम मोहन झा, आलोक कुमार आदि सपत्निक बड़ी ही श्रद्धा के साथ लगे हुए हैं। वहीं पुजारी सुबोध कुमार झा, शत्रुघ्न झा, मुंशी जी,श्याम लाल राय, धर्मेंद्र कुमार झा, हर्षवर्धन झा, प्रशांत कुमार झा, आजाद कुमार झा, मंजय सहनी आदि दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता महायज्ञ समारोह को सफल बनाने में दिन-रात सक्रियता से लगे हुए हैं।

### खुदनेश्वर मंदिर परिसर में बुढ़वा मंगल होली मनाया गया

**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सांप्रदायिक सौहार्द की अनुपम स्थली विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक खुदनेश्वर मंदिर परिसर में वर्षो पुरानी परंपरा के अनुसार श्री शिव मंदिर खुदनेशवर धाम न्यास प्रबंधन समिति के द्वारा हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक बुढवा मंगल होली का आयोजन किया गया। इसको लेकर सबसे पहले बाबा खुदनेश्वर स्थान मंदिर परिसर से ढ़ोल, डफली, झाल, मृदंग के साथ पारंपरिक होली गीत गाते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। जो क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हो गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर होली की बधाई देते हैं। इस शोभा यात्रा में चंदौली, मोरवाडीह, हरसिंगपुर, महेशपुर, आनंदपुर, नौआचक, रामपुर, गंगापुर, उदापट्टी गांव के कीर्तन मंडली शामिल थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव शर्मा, सचिव प्रसन्न कुमार झा, रामकृष्ण राय, मनोज झा, युगपलटन मिश्र, विजय लाल, सुशील प्रसाद वर्मा, अवधेश झा, ताराकांत झा, धीरेन्द्र झा, लालदेव राय, चंदन झा, गंगेश झा, राम भूषण झा, राज किशोर झा, बिरीया देवी, काजल देवी, गंगा प्रसाद मिश्र, दिनेश झा, उपेंद्र झा, यशोदानन्द झा, रविन्द्र चौधरी, विभूतिनाथ झा, अजीत कुमार चौधरी, शंभू झा, संजय झा, उमेश झा, चंदन भारती, श्यामबाबू मिश्र, अमन समेत कई गांवों से आये शिवभक्त व सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य जिला स्तरीय समारोह के साथ बाल विवाह मुक्ति रथ का सौ दिवसीय महाअभियान सम्पन्न

**सामाजिक कार्यकर्ता, मेधावी छात्राएं और महिलाएं हुई सम्मानित**


सम्मान प्राप्त करती जेजेबीविके प्रतिनिधि।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला प्रशासन, जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस और क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिसम्बर माह से प्रारंभ एक सौ दिवसीय अभियान अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय परिसर में समापन हुआ। इस अवसर पर पर समाहरणालय सभागार, समस्तीपुर में भव्य जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिले की उन महिलाओं और छात्राओं और सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शिक्षा, समाज सेवा, कला और सामान्य प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। समाज सेवा के क्षेत्र में खासकर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र की कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. दीप्ति कुमारी को जिला पदाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा जिले की मेधावी छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ह्लमहिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी प्रगति हीं जिले की असली प्रगति है।ह्व

समारोह के दौरान समाहरणालय परिसर में आईसीडीएस, कला एवं संस्कृति विभाग तथा शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आकर्षक और संदेशपरक रंगोलियां बनाई गई थीं। जिलाधिकारी ने इन रंगोलियों का अवलोकन किया और महिला सशक्तिकरण के संदेश को कला के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए संबंधित विभागों की सराहना की। महिला सशक्तिकरण और बाल विवाह मुक्त भारत के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिलाधिकारी ने स्वयं हस्ताक्षर कर इस अभियान की शुरूआत की और उपस्थित लोगों से महिलाओं को सुरक्षित व स्वावलंबी बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के क्रम में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ समाहरणालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि जिस प्रकार नारी जीवन का सृजन करती है, उसी प्रकार प्रकृति हमारे अस्तित्व का आधार है, इसलिए दोनों का सम्मान और संरक्षण जरूरी है। बाल विवाह मुक्त भारत के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ए डी एम ब्रजेश कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया बाल विवाह मुक्ति रथ जो समस्तीपुर जिला के समस्तीपुर, रोसड़ा, दलसिंहसराय एवं पटोरी अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख आदि के समर्थन से जिला भर के लगभग दो सौ से ज्यादा गांवों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का संदेश देते हुए आज समाहरणालय परिसर में रैली के शक्ल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सुनीता कुमारी, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई साक्षी कुमारी तथा कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समापन समारोह के मौके पर जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, समस्तीपुर के सचिव सुरेंद्र कुमार, लेखा अधिकारी पप्पू यादव, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दीप्ति कुमारी, रवि कुमार मिश्रा, काजल राज, मयंक कुमार सिन्हा, किरण कुमारी, ललिता कुमारी, वीणा कुमारी, विभा कुमारी, दिनेश प्रसाद चौरसिया, रविंद्र पासवान, बलराम चौरसिया, अनुष्का कुमारी, मुस्कान कुमारी, बबीता कुमारी, संगीता कुमारी, गायत्री कुमारी, माजदा खातून, संदीप कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता, किशोरियां, मीडियाकर्मी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

समारोह का समापन महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हुआ, जहां प्रशासन नें भविष्य में भी महिलाओं के उत्थान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई और साल 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया।

## ओएनजीसी के सहयोग से मॉडल स्कूल, बने दो प्राथमिक विद्यालयों का डीएम ने किया लोकार्पण


लोकार्पण के दौरान डीएम व अन्य।

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर प्रखंड स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर उर्दू तथा प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति बेगमपुर वार्ड संख्या-13 को ओएनजीसी देहरादून के सहयोग से आरुही विकास संस्थान के माध्यम से मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। दोनों विद्यालयों में बच्चों को डिजिटल शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक विद्यालय में कंप्यूटर लैब के लिए पांच-पांच कंप्यूटर, टेबल-कुर्सी, पंखे, 65 इंच का डिजिटल बोर्ड तथा के-यान डिवाइस लगाए गए हैं। इसके अलावा विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर एवं सीसीटीवी के लिए वायरिंग तथा बाला पेंटिंग भी कराई गई है, जिससे विद्यालय का वातावरण आकर्षक और तकनीकी रूप से सुसज्जित हो गया है। इन सुविधाओं का लोकार्पण मंगलवार को जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने आदर्श प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर उर्दू, वारिसनगर में किया। इस अवसर पर ओएनजीसी के वरीय अधिकारी बलराम भादू, आरुही विकास संस्थान के ज्ञान रौशन एवं लवकुश यादव मौजूद रहे। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीत भारती ने अतिथियों को बुके, पाग, चादर और पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एकराम अली, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुमित सौरभ, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजमल परवेज, थानाध्यक्ष राहुल कुमार, बीआरपी राजेश श्रीवास्तव, बीआरपी मध्यान भोजन प्रीतम प्रकाश सहित कई अधिकारी, शिक्षक और ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने ओरिगामी एवं क्राफ्टिंग फेस्टिवल का आयोजन किया और चाय, जूस तथा पानीपुरी के स्टॉल लगाए, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

## शैक्षिक परिभ्रमण पर राजगीर केलिए रवाना हुए उमवि जगमोहरा के बच्चे

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगमोहरा के छात्र-छात्राओं का दल मंगलवार को शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर रवाना हुए।इस परिभ्रमण के दौरान वे राजगीर, नालंदा, पावापुरी के ऐतिहासिक स्थलों को देख सकेंगे और उनके बारे में जानकारी लेंगे।मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत उक्त परिभ्रमण दल को विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।दल में प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक सहित विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल थे।


परिभ्रमण के लिए रवाना होती छात्राएं।

प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत छात्र-छात्राएं ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ज्ञानवर्धन के लिए राजगीर, नालंदा और पावापुरी के शैक्षणिक भ्रमण पर निकल रहे हैं। इन यात्राओं में बच्चे विश्व शांति स्तूप, ग्लास ब्रिज, नेचर सफारी और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय जैसे स्थलों का दीदार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को राज्य की समृद्ध विरासत, इतिहास और संस्कृति से परिचित कराना है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मुख्य रूप से राजगीर के ऐतिहासिक स्थलों, जैसे कि पावापुरी जल मंदिर, कुंडलपुर, विश्व शांति स्तूप, वेणुवन और सोन भंडार गुफाओं का सैर कराया जाएगा एवं साहसिक अनुभवों के लिए बच्चों को नेचर सफारी, ग्लास ब्रिज और जू सफारी की सैर भी कराए जाने की योजना है।

### बीए पार्ट-1 की आंतरिक परीक्षा के बाद छात्रा ने बलान नदी में लगाई छलांग, लोगो ने बचाया

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।**आरबी कालेज से बीए पार्ट-1 की आंतरिक परीक्षा देकर निकली एक छात्रा ने गुदरी रोड स्थित बलान नदी के पुल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद राहगीर और स्थानीय लोगो ने नदी में कम पानी होने के कारण पुल से नीचे उतरकर छात्रा को बचा लिया और अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि वह खतरे से बाहर है, सिर्फ मुंह व पैरों में मामूली चोटें आई हैं। घटना मंगलवार दोपहर की है। बेगूसराय जिले के बछबाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी यह छात्रा अपने भाई के साथ परीक्षा केंद्र आरबी कालेज पहुंची थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह बिना भाई को बताए कैंपस से निकल पड़ी। पैदल ही गुदरी रोड पर बलान नदी के पुल तक पहुंची और अचानक नदी में छलांग लगा दी। नदी में जलस्तर काफी कम होने से वह गहरे पानी में नहीं डूबी, लेकिन चोटिल होकर बेहोश हो गई। पुल के पास से गुजर रहे कुछ राहगीर और स्थानीय लोगो ने शोर सुनकर दौड़ लगाई। उन्होंने छात्रा को नदी से बाहर निकाला और तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान सूचना मिलते ही छात्रा का भाई व अन्य परिजन भी पहुंचे। पूछताछ के क्रम में परिजनों ने आत्महत्या के कारणों के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। पुलिस ने मामले से अनभिज्ञता जताई है।

### युवक ने बांस के सहारे लगाई फांसी मौत

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** नगर थाना क्षेत्र के लोकनाथपुर वार्ड 24 निवासी दिनेश राय के पुत्र आतिश कुमार (24) ने सोमवार की देर रात बांस के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में सनसनी फैल गई।परिवारिक सदस्यों के अनुसार, आतिश की 2020 में केवटा निवासी सपना कुमारी से शादी हुई थी। दंपति की एक बेटी और दो बेटा हैं। मृतक की बड़ी बहन कोमल कुमारी ने बताया कि आज आतिश के शाले की बेटी की शादी थी। आतिश दोपहर करीब 5 बजे शादी समारोह में गए थे और रात 8 बजे के आसपास घर लौट आए। इसके बाद वे अपने कमरे में चले गए। थोड़ी देर बाद परिजनों ने उन्हें बांस के सहारे लटका हुआ पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच जारी है। वही थानाध्यक्ष मो इरशाद आलम ने बताया की अभी मृतक के परिजनों के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### मंत्री रमा निषाद का कपूर्री छात्रावास मुक्तापुर समस्तीपुर में भाजपाइयों ने किया स्वागत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा मंत्री रमा निषाद का मुक्तापुर कपूर्री छात्रावास समस्तीपुर में आगमन पर भाजपा उत्तरी के जिला अध्यक्ष नीलम सहनी एवं भाजपा दक्षिणी के जिला अध्यक्ष शशिधर झा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता से एवं नेताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं माननीय मंत्री रमा निषाद ने इस दौरान उन्होंने छात्रावास के छात्रों से मिलकर सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली एवं विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्याम पासवान, अजय सहनी, कृष्ण बालक, श्रृतिक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### तेज रफ्तार पिकअप ने पेड़ से टकरा कर पलटा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र स्थित हरपूरबोचहा गांव के चौरसिया चौक के निकट मंगलवार को एक तेज रफ़्तार पिकअप पेड़ में ठोकर मारते हुए गड्ढे में पलट गया। इस घटना में चालक और खलासी को मामूली चोट लगी जो घटना के बाद फरार हो गया। बताया गया है कि, मोहोउद्दीननगर की ओर से तेज रफ्तार में खाली पिकअप मालवाहक आ रहा था। तेज रफ्तार के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और 122 बी सड़क किनारे स्थित खजूर के पेड़ में जोरदार टक्कर मारते हुए गड्ढे में पलट गया। जिसमे पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद लोगो की भीड़ जुट गई तबतक जख्मी चालक और खलासी भाग निकला।

# मेंटेनेंस कार्य के चलते विद्यापतिधाम फाटक तीन दिनों केलिए बंद, वैकल्पिक मार्गों से निकाल रहे वाहन


लौह पथ का रख रखाव करते कर्मी।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे सोनपुर रेल मंडल के हाजीपुर बछवाड़ा रेल खण्ड के विद्यापतिधाम रेलवे स्टेशन के व्यस्त 9बी फाटक को मेंटेनेंस कार्यों के चलते मंगलवार की सुबह से अस्थायी रूप से तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया। हाजीपुर-बछवाड़ा रेल लाइन पर स्थित 9बी रेलवे फाटक को सुबह करीब 8 बजे बंद किया गया, जो तीन दिनों तक मेंटेनेंस कार्य के लिए सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार फाटक पर मरम्मत कार्यों के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से हाइट गेज लगाया जा रहा है। इसका उद्देश्य इस मार्ग से बड़ी और ऊंची गाड़ियों के आवागमन को नियंत्रित करना है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। फाटक बंद होने से वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना पड़ रहा है। दलसिंहसराय की ओर जाने वाले वाहन चालक सुभानीपुर फाटक के रास्ते से आवागमन कर रहे हैं। एनएच 122बी हाईवे की तरफ से आने वाले वाहन चालक यू-टर्न लेकर कोल्ड स्टोरेज के रास्ते सुभानीपुर होते हुए दलसिंहसराय पहुंच रहे हैं। वहीं 9बी फाटक से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित 10 नम्बर ढाला से घूमकर भी लोग दूसरी ओर जा रहे हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा विद्यापतिनगर स्मारक चौक एवं सुभानीपुर तीन मुहानी के पास मौके पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं, फिर भी सुबह के समय कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों ने कहा कि पहले से सूचना मिलने से राहत रही, अन्यथा अधिक परेशानी हो सकती थी। रेलवे के पीडब्ल्यूआई अधिकारी विद्यापतिधाम प्रकाश कुमार ने बताया कि निर्धारित समय में कार्य पूरा कर फाटक को पुनः खोल दिया जाएगा। तब तक वाहन चालकों से सहयोग और वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की गई है। ट्रेक मेंटेनेंस और सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे फाटक (रेलवे क्रॉसिंग) को 3 दिनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इस दौरान मरम्मत कार्य के कारण सड़क यातायात प्रभावित रहेगा। यात्रियों और वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करने और बंद फाटक को पार करने का जोखिम न उठाने की सलाह दी गई है, क्योंकि ऐसा करना जानलेवा हो सकता है।

# जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय से निष्पादन करना सुनिश्चित करें : डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ अंतर विभागीय समन्वय ,विभिन्न विकास योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता एवं कार्यालय गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित किया गया । जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ अंतर्विभागीय समस्याओं को लेकर विभागवार एवं योजनावार विस्तृत समीक्षा किया। योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि जहां भूमि की उपलब्धता हो गई है वहां शीघ्र ही तेजी के साथ अग्रेत्तर करवाई शुरू करे ताकि योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जा सके।जिलाधिकारी ने जिले के शेष छुटे हुए टोला में नलजल योजना के क्रियान्वयन हेतु भूमि की उपलब्धता के लिए भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त ग्रामीण कार्य विभाग,नहर प्रमंडल,लघु सिंचाई,स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,बाढ़ प्रमंडल आदि विभागों द्वारा भू अर्जन, कार्यालयों एवं योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता,भूमि अतिक्रमण,सीमांकन, एनओसी आदि मामलों को जिलाधिकारी द्वारा अविलंब समाधान का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि अंतर्विभागीय मामलों का अविलंब समाधान करे ताकि विकास कार्यों को तेज गति प्रदान की जा सके।जिलाधिकारी द्वारा इसके अतिरिक्त जिला नीलाम पत्र वाद , जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सी पी ग्राम, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, माननीय उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलों की बारी बारी से समीक्षा की गई। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि गत सप्ताह में मात्र 13 लंबित वादों का निष्पादन किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियो को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी बड़े राशि वाले कम से कम पाँच मामले का चयन कर उसका निष्पादन करे। सेवांत लाभ की समीक्षा के क्रम में ससमय सेवांत लाभ उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि रिटायर होने वाले कर्मियों से 6 माह पूर्व से ही उनके सेवांत लाभ से संबधित भुगतान के लिए प्रस्ताव स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार को भेज दें ताकि सेवा निवृत्ति के दिन ही उन्हें सभी प्रकार के सेवांत लाभों को दिया जा सके। । विभागीय कारवाही की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि विभागीय कार्यवाही के मामले में संचालन पदाधिकारी निर्धारित अवधि के अंदर अपनी रिपोर्ट दे। मुख्यमंत्री जनता दरबार एवं जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की निष्पादन की समीक्षा के क्रम में पुलिस, राजस्व,शिक्षा एवं आईसीडीएस में सबसे अधिक आवेदन लंबित पाए गए। जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय से निष्पादन करना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर कार्य करे । इसमें थोड़ी भी शिथिलता या लापरवाही बरदाश्त नही की जाएगी।उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले पदाधिकारी को स्पष्टीकरण करे। समीक्षा के क्रम में सिडब्लूजेसी में शिक्षा विभाग एवं भूअर्जन विभाग में सबसे अधिक मामले लंबित, पाए गए। जिलाधिकारी इस पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रगति लाने का निर्देश दिया। सीपीग्राम में सबसे अधिक राजस्व शाखा में लंबित मामले पाए गए।उक्त बैठक में एडीएम आपदा संतोष कुमार,,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह,सिविल सर्जन डॉ हरेंद्र कुमार,निदेशक डीआरडीए, जिला कृषि पदाधिकारी,जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



बैठक करते अधिकारी ।

## संक्षिप्त खबरें

### अपराधी को एक देशी पिस्टल एवं कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**खजौली (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कपड़िया गांव से अपराध की योजना बनाते एक अपराधी को एक देशी पिस्टल एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान नेपाल के सिरहा जिला के मारर थाना क्षेत्र के फुलवरिया ग्राम निवासी स्व घुरन मल्लिक के पुत्र सिकन्दर कुमार मल्लिक उम्र 41 के रुप में हुई है। पूछताछ बाद सिकन्दर को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की नेपाल का एक अपराधी हथियार के साथ आया है। और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। एसआई घनश्याम पासवान एवं एसआई राजेन्द्र चौरसिया के नेतृत्व में पहुंची थाना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान उनके कमर से एक अवैध देशी पिस्टल एवं एक गोली बरामद की गई। थानाध्यक्ष के अनुसार जेल भेजे गए व्यक्ति अपराधी प्रवृति का था।




### समाजशास्त्र के शिक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड के खाजेडीह स्थित एसएमजे कॉलेज में समाजशास्त्र के प्राध्यापक रहे प्रो.महेन्द्र झा (66) के निधन पर कॉलेज के शिक्षक प्रकोष्ठ में मंगलवार को प्राचार्य डॉ.शशिभूषण कुमार की देखरेख में शोकसभा का आयोजन किया गया। कर्मियों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर प्रो. विश्वरंजन, प्रो. लेश कुमार, प्रो. कृष्ण देव राय, प्रो. देवनारायण सिंह, प्रो. राममूर्ति सिंह, प्रो. हरिनारायण यादव, प्रो. गौरीशंकर कामत, प्रो.शंभूनाथ यादव, प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो.शंभूनाथ झा, अशोक कुमार, केशवर सिंह, भोगेन्द्र सिंह, संजय कुमार सिंह व अन्य थे।



### न्यूनतम प्रदर्शन वाले महिला पर्यवेक्षक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ आईसीडीएस (समेकित बाल विकास सेवाएं) से संबंधित योजनाओं की विस्तृत मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग, डेटा प्रविष्टि की गुणवत्ता एवं सभी प्रमुख इंडिकेटर्स की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने लाभार्थियों के शत-प्रतिशत सत्यापन, गृह भ्रमण एवं सामुदायिक गतिविधियों की नियमितता, बच्चों की वृद्धि निगरानी



तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोषण ट्रैकर के विभिन्न प्रतिवेदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, विभिन्न योजनाओं में व्यय एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षक के निरीक्षण की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में विभाग द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को ससमय प्राप्त करने का निर्देश दिया गया साथ ही न्यूनतम प्रदर्शन वाले महिला पर्यवेक्षक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना को मिशन मोड में क्रियान्वित करते हुए जिला की रैंकिंग में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

### 18 परीक्षा केंद्रों पर होगी परिचारी, सामान्य+ आदेशपाल की लिखित परीक्षा

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने अपने संयुक्त आदेश के तहत कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण परिचारी,चपरासी,सामान्य+आदेशपाल, की नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा के आयोजन को लेकर सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए है। परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन की देखरेख के लिए अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, रश्मि को भी सम्बद्ध किया गया है।जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुचने का निदेश दिया है।

### पैक्स अध्यक्ष पद पर निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष विन्देश्वर सिंह एवं संजय सिंह के बीच सीधा मुकाबला

**लड़नियां (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पथराही पंचायत में पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर मंगलवार को प्रत्याशियों के नामजदगी पर्चे का संवीक्षा किया गया. अब 11 मार्च बुधवार को नामांकन पत्र वापसी एवं प्रतीक आबंटन होगा ।उक्त बातें निर्वाचन पदाधिकारी ( स. स. ) सह बीडीओ राकेश कुमार ठाकुर ने कहीं, उन्होंने कहा कि पैक्स चुनाव में पारदर्शिता के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी , सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमितेश कुमार के उपस्थिति में नामांकन पर्चे की गहन संवीक्षा किया गया ।निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पैक्स अध्यक्ष पद विनंदेश्वर सिंह अलग अलग दो सेट में नामांकन किया था।संवीक्षा के दौरान एक सेट नामांकन वापस ले लिया है ।अब पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी रह गया ,एवं 20 सदस्यों ने अलग अलग कुल 21 उम्मीदवारों ने पैक्स अध्यक्ष के एक पद पर तीन आवेदन एवं 19 अभ्यर्थीयों ने सदस्यों के लिए नामांकन पर्चे दाखिल किया है।उन्होंने कहा कि संवीक्षा के दौरान सभी नामांकन पर्चे वैध पाये गये है।11 मार्च को 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र वापसी एवं उसके बाद प्रतीक आबंटन होगा ।अब पैक्स अध्यक्ष पद पर निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष विन्देश्वर सिंह एवं संजय सिंह के बीच सीधा मुकाबला एवं अन्य अन्य सदस्य प्रत्याशी के बीच चुनाव होना तैय है।

### माताओं व अभिभावकों की आम सभा आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के रूपनारायणपुर बेला पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पुरवारी पोखर में रानी देवी की अध्यक्षता में विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं की माता और अभिभावकों की आम सभा आयोजित किया गया। जिसमें समन्वयक मुकेश कुमार के पर्येक्षकत्व में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन किया गया। विद्यालय शिक्षा समिति में पदेन सदस्य रानी देवी, नीरज कुमार कर्ण, पूजा कुमारी सहित रीमा देवी, अनीता देवी, कामिनी कुमारी, कौशिकी कुमारी, अर्चना कुमारी, रीना देवी, चिंकी झा, श्वेता कुमारी, ममता कुमारी का सर्व सम्मति से सदस्य के रूप में किया गया । तत्पश्चात चयनित सदस्यों के द्वारा चिंकी झा को सचिव चुना गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लोगों में एक आशा जगी कि, अब इस विद्यालय का नए सिरे से विकास होगा और भवन प्राप्त हो सकेगा।

## अज्ञात अपराधियों ने युवक को गोली मारकर की हत्या, शव को कोशी नहर किनारे फेका

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मंगलवार को समय करीब 8: बजे अरेर थाना अंतर्गत परजुआर पंचायत के दहिला एवं जेठियानी गांव के बीच कोशी नहर से सटे एक अज्ञात व्यक्ति का शव प्राप्त होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति उपरांत अरेर थाना की पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। जॉच, सत्यापन के क्रम मे घटनास्थल की स्थिति और साक्ष्यों के प्रारंभिक अवलोकन से मृतक की गोली मारकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है एवं किसी अन्य स्थान पर करने के पश्चात साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को यहाँ लाकर फेंक दिया गया है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, मधुबनी भेज दिया गया है। हालांकि अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है और पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से मृतक की पहचान स्थापित करने का सघन प्रयास किया जा रहा है। एसपी ने बताया है की वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु एफसीएल की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया हैं तथा डॉग स्क्वायड एवं जिला सूचना इकाई की टीमें भी तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों को एकत्रित करने में जुटी हैं। पुलिस इस हत्याकांड के सभी संभावित बिंदुओं पर गहराई से छानबीन कर रही है।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा मृतक की पहचान और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेनीपट्टी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया हैं। विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



अज्ञात युवक ।

## रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बैठक, भव्य आयोजन का संकल्प

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर में आगामी 27 मार्च को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को जयनगर के शहीद चौक स्थित अनुसूचित जाति जनजाति कार्यालय के सभागार में बजरंग अखाड़ा जयनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद सह संगठन के संरक्षक कैलाश पासवान ने की, जबकि संचालन महासचिव रंजीत पासवान ने किया।बैठक में रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को भव्य, आकर्षक और सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महासचिव रंजीत पासवान ने अब तक की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्य पार्षद सह संरक्षक कैलाश पासवान ने कहा कि रामनवमी का पर्व सनातन संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। हर वर्ष की तरह इस बार भी शोभायात्रा को और अधिक उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर उन्हें शोभायात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने सभी धर्मो के लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ इस आयोजन में सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि 26 मार्च को सभी सनातन प्रेमी अपने-अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाकर पर्व की शुरूआत करें और 27 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। बैठक के दौरान उद्धव कुंवर ने सुझाव दिया कि कार्यकताओं की छोटी-छोटी टीम बनाकर उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाएं, ताकि कार्यक्रम को व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। वहीं अरविन्द तिवारी ने शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए कोष संग्रह पर विशेष जोर देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा, सजावट और जनसंपर्क पर भी चर्चा की गई। कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर गणेश पासवान, शंभू गुप्ता, गोपाल भगत, रंजीत गुप्ता, गुड्डा मंडल, धीरेन्द्र झा, दीपक गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रंजीत मिश्रा, पवन झा, विजय महतो सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते संगठन के लोग।

## एक सिलेंडर के लिए के लिए सुबह से शाम तक लाइनों में खड़े होने को मजबूर

**लदनियां (एनएसबी)।** गैस सिलेंडर के दाम में लगातार वृद्धि के कारण रसोई का बजट पहले ही बिगड़ा हुआ था। अब तो चूल्हा जलाने पर ही आफत आ गई है । गैस सिलेंडर अब सोना बनता जा रहा है, और लोग एक - एक सिलेंडर के लिए के लिए सुबह से शाम तक लाइनों में खड़े होने को मजबूर हैं। केंद्र सरकार के एक फैसले के बाद देश भर में गैस की आपूर्ति पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं, जिसका सीधा असर कृषि कार्य करने वाले, मध्यम,व गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोगों की रसोई पर पड़ा है। इस संकट की मुख्य वजह हॉमुज जलमार्ग के रास्ते होने वाली गैस सप्लाई का बाधित होना कहा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न हुए इस गतिरोध के कारण भारत में गैस का आयात प्रभावित होना भी मुख्य कारण है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से पूरे देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू कर दिया है ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोका जा सके। परंतु सरकारी मुलाजिम के उदासीनता के कारण गैस एजेंसी के संचालकों द्वारा जमाखोरी व कालाबाजारी जारी है। इधर बिहार में गैस की कमी की खबरों के फैलते ही उपभोक्ताओं के बीच पैनिक बुकिंग की होड़ मच गई है। मधुबनी जिला के लदनियां प्रखंड में लदनियां, पदमा,करौन्हा,गिदवास एवं सिधप परसाही जैसे गैस एजेंसी पर सुबह होते ही गैस एजेंसीयों और गोदामों पर उपभोक्ताओं की लंबी लंबी कतारें लग रही है।

## डी.बी. कॉलेज जयनगर में एनसीसी की गतिविधियाँ तत्काल प्रभाव से निलंबित

**बिस्फी (एनएसबी)।** जनगणना 2027 की सफल संचालन को लेकर प्रखंड प्रशासन के द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है. इस दौरान 138 पर्यवेक्षकों के साथ तीन सौ से अधिक प्रगणक की सूची बनाई गई है. जिसमें पदाधिकारी के साथ शिक्षकों एवं अन्य विभाग के कर्मियों को लगाया गया है. सभी को प्रशिक्षण देने के लिए जल्द ही तिथि जारी की जाएगी. बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रगणक हर घर तक पहुंच कर लोगों की गिनती करेंगे. ताकि कोई छूट न जाए. अगर घर बंद पाए जाते हैं या अन्य कारण से गणना नहीं होती है तो घर बैठे भी लोग अपनी गणना कर सकते हैं. इसके लिए ऑनलाइन माध्यम चुनना होग. इसको लेकर सरकार विभागीय पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन जनगणना के सुविधा उपलब्ध कराएगी. इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी. जिसमें डेटा को मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके एकत्र किया जाएगा. संपूर्ण प्रक्रिया को वास्तविक समय में प्रबंधित और निगरानी करने के लिए एक समर्पित पोर्टल, जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली विकसित किया गया है. व्यक्ति अपनी जनगणना पोर्टल और एप के माध्यम से अपनी गणना कर सकेंगे. विभागीय पोर्टल ऐप को खोलकर उसमें सभी मांगी गई जरूरी जानकारी आंकड़ा प्रविष्ट करना है. इस दौरान आधार नंबर और मोबाइल नंबर सहित आवश्यक प्रमाण की जरूरत पड़ेगी. वही ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उन्हें एक खास नंबर भी मिलेगा. इसके बाद आवेदक्कर्ता के संबंध निवास क्षेत्र में प्रगणक उनके घर पर पहुंचेंगे और ऑनलाइन प्रविष्टि किए गए आंकड़ों का सत्यापन करेंगे.

### विशेष अभियान चलाकर कुल 38 अभियुक्तों गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जारी कर बताया है कि पुलिस महानिदेशक बिहार, पटना के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देशन के आलोक में 9 मार्च को गंभीर शीर्ष के कांडो हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पुलिस पर हमला इत्यादी के कांडो मे प्राथमिकता के आधार पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई करने को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया।

## आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. श्रुति बंका को मिला राष्ट्रीय सम्मान, लोगों में हर्ष

**जयनगर (एनएसबी)।** जिले के जयनगर नगर पंचायत की बेटी और मुजफ्फरपुर की प्रसिद्ध आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. श्रुति बंका को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। 7 मार्च 2026 को मुंबई के ताज होटल में आयोजित नेशनल ईटी अवॉर्ड समारोह में उन्हें 'ईस्ट इंडिया की सर्वश्रेष्ठ आईवीएफ स्पेशलिस्ट' के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। इस उपलब्धि से जयनगर सहित पूरे मिथिलांचल क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।डॉ. श्रुति बंका जयनगर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 8 निवासी विश्वंभर बंका की पुत्री हैं। उन्होंने प्रजनन चिकित्सा (फर्टिलिटी ट्रीटमेंट) और आधुनिक सहायक प्रजनन तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। बांझपन के उपचार में उनके महत्वपूर्ण योगदान और हजारों दंपतियों को संतान सुख दिलाने के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

डॉ. श्रुति बंका पिछले लगभग दस वर्षों से इंदिरा आईवीएफ से जुड़ी हुई हैं और इस दौरान उन्होंने 10 हजार से अधिक आईवीएफ प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके अनुभव और विशेषज्ञता के कारण उन्हें कठिन और जटिल बांझपन मामलों के इलाज के लिए भी जाना जाता है।उन्होंने उन महिलाओं को भी मातृत्व का सुख दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिन्हें कभी मासिक धर्म नहीं हुआ, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, समय से पहले मेनोपॉज हो चुका है या जिनकी फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक हैं। इसके अलावा कम शुक्राणु संख्या (लो स्पर्म काउंट) जैसी समस्याओं से जूझ रहे पुरुषों के मामलों में भी उन्होंने सफल उपचार कर अनेक परिवारों को खुशियां दी हैं।आईवीएफ उपचार के साथ-साथ डॉ. बंका लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी जैसी आधुनिक सर्जिकल प्रक्रियाएं भी करती हैं, जो बांझपन के कारणों की सटीक पहचान और प्रभावी इलाज में काफी सहायक होती हैं। बताया जाता है कि उनके आईवीएफ उपचार की औसत सफलता दर लगभग 70 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र में काफी बेहतर मानी जाती है।डॉ. श्रुति बंका का विशेष प्रयास रहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर दंपतियों को भी सुलभ और प्रभावी उपचार मिल सके। वह चाहती हैं कि हर परिवार माता-पिता बनने के अपने सपने को पूरा कर सके।इस अवसर पर डॉ. बंका ने कहा कि समाज में आईवीएफ को लेकर कई तरह के भ्रम और मिथक फैले हुए हैं। उनके अनुसार आईवीएफ प्रक्रिया हमेशा दर्दनाक नहीं होती, इसमें लंबा बेड रेस्ट जरूरी नहीं होता और आधुनिक तकनीकों के कारण यह उपचार अब पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, सुलभ और किफायती हो गया है।डॉ. श्रुति बंका की इस उपलब्धि पर जयनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जयनगर की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



सम्मान प्राप्त करते ।

## संक्षिप्त खबरें

### एलएस कॉलेज के छात्र छात्राओं ने 'भिक्षाटन अभियान' चलाकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जताया आक्रोश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के एलएस कॉलेज के छात्र छात्राओं ने मंगलवार को कॉलेज प्रशासन के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए ह्वभिक्षाटन अभियानह्व चलाया। इस अभियान के तहत छात्रों ने समाज और विश्वविद्यालय परिसर में जाकर कॉलेज के संचालन के लिए प्रतीकात्मक रूप से भिक्षा मांगी तथा कॉलेज प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।



आंदोलन पर उतरे छात्र छात्राओं ने बताया कि तीन महीने पहले छात्र छात्राओं ने जरूरतमंद छात्रों के लिए छात्रावास खोलने की मांग को लेकर कॉलेज परिसर में भूख हड़ताल की थी। उस समय कॉलेज प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया था कि 2 जनवरी 2026 से छात्रावास को छात्रों के लिए खोल दिया जाएगा। साथ हीं उनकी अन्य मांगों को भी जल्द पूरा किया जाएगा। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि मार्च माह बीतने को है, लेकिन कॉलेज प्रशासन द्वारा अबतक छात्रों की एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। छात्रों का आरोप है कि जब वे अपनी मांगों को लेकर कॉलेज प्रशासन से बात करते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि कॉलेज के पास फंड की कमी है। छात्रों ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या कॉलेज के पास परिसर में एक डस्टबिन लगाने तक के पैसे भी नहीं हैं। आंदोलनकारी छात्रों ने कहा कि इसी उदासीनता के विरोध में छात्रों ने भिक्षाटन अभियान चलाकर समाज और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करने की कोशिश की। छात्रों का कहना है कि यह आंदोलन प्रतीकात्मक है, जिससे यह संदेश दिया जा सके कि यदि कॉलेज के पास संसाधन नहीं हैं तो क्या छात्रों को ही कॉलेज चलाने के लिए भिक्षा मांगनी पड़ेगी। छात्रों ने प्रशासन से छात्रावास, लैब, लाइब्रेरी और अन्य बुनियादी सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की मांग कॉलेज प्रशासन से की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मंगलवार को हुए भिक्षाटन अभियान में शिवम, आदित्य, विराट, राहुल, करण, अमित, रौनक कुमार, अमन, गोलू, सचिन, आदित्य मिश्रा, आदर्श मिश्रा, कुणाल, सोनाली, केशर, स्मृति, काजल, खुशी समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### भव्य कलश शोभायात्रा के साथ अखंड सीताराम नाम महायज्ञ की शुरूआत

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बंदरा प्रखंड के नुनफारा स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में मंगलवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्री श्री 1008 अखंड सीताराम नाम महायज्ञ की शुरूआत हुई। कलश शोभायात्रा यज्ञ स्थल नुनफारा से शुरू होकर गाजे-बाजे के साथ बूढ़ी गंडक नदी के रतवारा तट तक पहुंची। इस दौरान 251 कलश यात्रियों का जत्था वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नदी तट पहुंचकर विधि विधान से जलबोझी कर शोभायात्रा के रूप में यज्ञस्थल पहुंचा, जहां विधि विधान के साथ कलश स्थापन किया गया।



यज्ञ के आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि यज्ञस्थल पर बुधवार से नौ दिवसीय अखंड सीताराम नाम कीर्तन की शुरूआत होगी, जिसका समापन शुक्रवार को दिन में होगा। वहीं शुक्रवार की रात 8 बजे से श्रीराम विवाह सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा शनिवार की संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। महायज्ञ को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञस्थल पर जुटने लगी है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अवधेश सहनी, अजय कुमार सिंह पूर्व मुखिया, दिनेश प्रसाद सिंह, विनोद सिंह, अनिल सिंह, पप्पू सिंह, मनोज सिंह, अविनाश कुमार उर्फ डीएम, गोलू गिरी, अभिषेक सिंह, आदर्श कुमार, बसंत कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों का अंकेक्षण शुरू,उपलब्ध होंगी वेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की कायाकल्प योजना के तहत राज्यस्तरीय दो सदस्यीय टीम ने मंगलवार को मुरौल स्वास्थ्य केंद्र का अंकेक्षण किया। साथ ही टीम ने हर दृष्टिकोण से अस्पताल की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही टीम ने मड़वन एवं मोतीपुर स्वास्थ्य केंद्र का भी अंकेक्षण किया। टीम में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक दरभंगा नजमुल होदा एवं पिरामल के प्रशांत कुमार झा शामिल थे। टीम ने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष, दवा भंडार एसएनसीयू, ओपीडी समेत विभिन्न वार्डों की स्वच्छता, रख-रखाव और प्रबंधन की स्थिति का



बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों का मूल्यांकन तीन चरणों में आंतरिक मूल्यांकन, पीयर असेसमेंट और राज्य स्तरीय मूल्यांकन किया जाना है। अकेक्षण टीम के अनुसार अस्पताल को राज्यस्तरीय मूल्यांकन में शामिल होने के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होता है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अस्पतालों को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया जाता है। दरभंगा प्रमंडल के क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक नजमुल होदा ने बताया कि कायाकल्प योजना का उद्देश्य अस्पतालों को साफ-सुथरा, सुरक्षित और मरीजों के अनुकूल बनाना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन को स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण नियंत्रण और मरीजों के साथ व्यवहार में सुधार जैसे बिंदुओं पर लगातार काम करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल में स्वच्छ पेयजल, शौचालयों की साफ-सफाई और शांत वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, मरीजों से मुलाकात के लिए निश्चित समय तय किया गया है। ताकि अस्पताल का वातावरण अनुशासित बना रहे। नजमुल होदा ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अस्पतालों की स्थिति में काफी सुधार आया है। प्रसव सेवाओं में गुणवत्ता बढ़ी है और जटिल प्रसव के मामले भी सुरक्षित रूप से संभाले जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों का सहयोग भी इस दिशा में महत्वपूर्ण है।ह्व

### राज्यस्तरीय महिला सम्मान समारोह में सम्मानित हुई सुमन,मुस्कान व अनिता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान मालीघाट में संस्थान के संयोजक व कठपुतली कलाकार सुनील कुमार की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में 8 मार्च को महिला दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में सरला श्रीवास युवा मंडल की अध्यक्ष सुमन कुमारी, एमएस केशरी पब्लिकेशन की संस्थापिका एवं युवा समाजसेवी मुस्कान केशरी तथा लोकगायिका अनिता कुमारी को मिथिला पाग, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किए जाने पर सम्मानित तीनो महिलाओं का उपस्थित लोगों द्वारा स्वागत किया गया।



कठपुतली कलाकार सुनील कुमार ने कहा कि मुजफ्फरपुर की महिला कठपुतली कलाकार व लोकगायिका को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाना गर्व की बात है। इस अवसर पर सुनील कुमार, कवि कलमकार सुजाता शर्मा, स्वेता मौर्या, तुसार कुमार, सदैव सौरभ, कलाकार संजय कुमार यादव, महावीर साह, कुमकुम भारती, खुशबू कुमारी, महेश्वर पासवान, लीचीपुरम सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता चाइल्डसेफ इंडिया के सचिव जयचंद्र कुमार, परफेक्ट सोल्यूशन सोसाइटी के सचिव अनिल कुमार ठाकुर व बबिता ठाकुर ने सम्मानित हुई महिलाओं को लबधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष जताया। धन्यवाद ज्ञापन सरला श्रीवास युवा मंडल की अध्यक्ष सुमन कुमारी ने किया।

# जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां हुई तेज, मकान सूचीकरण व गणना को लेकर अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

**जनगणना 2027 की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन, पहले चरण की सफलता के लिए पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारत की जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन ने जिले में तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना से संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार की विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। इसलिए जनगणना कार्य को पूरी शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न करना अत्यंत आवश्यक है।



जनगणना के प्रथम चरण के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते जिलाधिकारी सुब्रत सेन।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से जुड़े सभी तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं को गंभीरता से समझें और उनका पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि जनगणना का प्रत्येक चरण पूरी सावधानी और सटीकता के साथ संपन्न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित की जा रही है, इसलिए अधिकारियों और कर्मियों को तकनीकी प्रक्रियाओं की अच्छी समझ होना बेहद जरूरी है।प्रशिक्षण सत्र में राज्यस्तर के नामित प्रशिक्षक कीर्ति सिंह और नीतू कुमारी ने प्रतिभागियों को विस्तार से प्रशिक्षण देते हुए मकान सूचीकरण और मकान की गणना की पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना कार्य ह्लजनगणना 2027झ्र एचएलओह्व मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों और कर्मियों को आईडी और पासवर्ड निर्माण की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के संचालन तथा सीएमएमएस पोर्टल के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों के अनुसार इसबार की जनगणना पूर्णतः डिजिटल प्रणाली पर आधारित होगी, जिससे डेटा संग्रहण की प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनेगी। इसके साथ ही नागरिकों को पहली बार स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। स्व-गणना की प्रक्रिया 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक निर्धारित की गई है, जिसके दौरान लोग स्वयं भी अपने परिवार से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 8(1) के तहत 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को अपने अपने क्षेत्र में अधीनस्थ कर्मियों को भी जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जनगणना के सफल संचालन में सभी विभागों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम बैच 9 मार्च से 11 मार्च तक तथा दूसरा बैच 12 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा,

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (राजस्व) सह जिला जनगणना अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी तथा नगर निकायों के सभी कार्यपालक पदाधिकारी शामिल थे।

## एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने चलाया मुजफ्फरपुर कोर्ट परिसर में सर्च ऑपरेशन

**डॉग स्क्वायड की टीम के साथ पुलिस ने चप्पे-चप्पे की ली तलाशी**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कोर्ट परिसर की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता के आलोक में एसएसपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ मुजफ्फरपुर कोर्ट परिसर में सघन तलाशी व जांच अभियान चलाया। पुलिस प्रशासन को कोर्ट की सुरक्षा से संबंधित कुछ गोपनीय इनपुट मिले थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने तत्काल पुलिस टीम को कोर्ट परिसर में सघन जांच व तालाशी अभियान चलाने का निर्देश दिया था, जिसके आलोक में पुलिस टीम ने कोर्ट परिसर स्थित विभिन्न भवनों के भीतर तथा पूरे कोर्ट परिसर में यह कार्रवाई की। नगर डीएसपी सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल और डॉग स्क्वायड की विशेष टीम कोर्ट परिसर पहुंचकर कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की गहन जांच की। कोर्ट के मुख्य द्वार, गलियारे, पार्किंग स्टैंड और वकीलों के बैठने वाले स्थानों और परिसर के आसपास की दुकानों में भी तलाशी ली।





डॉग स्क्वायड की टीम के साथ कोर्ट परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाती पुलिस की टीम।

यह दीगर बात है कि सघन जांच व तालाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम को कोई गड़बड़ी नहीं मिली। लेकिन कोर्ट परिसर में सख्ती से चली यह कार्रवाई नगर में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं इस मामले में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह एक आकस्मिक सुरक्षा ऑडिट और सर्च ऑपरेशन था। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोर्ट की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सुरक्षा के लिहाज से यह सर्च ऑपरेशन किया गया है। डीएसपी टाउन के नेतृत्व में टीम को परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जांच करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि

सर्च ऑपरेशन के बाद कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। आने-जाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोर्ट परिसर की समय समय पर जांच और औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो सके।

## पप्पू सहनी की मौत पर गरमाई सियासत, वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने समर्थकों के साथ एसएसपी कार्यालय को घेरा

**पुलिस पर पप्पू सहनी के फर्जी मुठभेड़ का लगाया आरोप, एसएसपी से जांच की मांग**



समर्थकों के साथ एसएसपी कार्यालय का घेराव करते मुकेश सहनी व वीआईपी पार्टी के कार्यकर्ता।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पिछले दिनों साइबर फ्रॉड गिरोह के सरगना और 9 मामले के नामजद अपराधी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग में बेला थाना में पदस्थापित दारोगा को मारने वाले पप्पू सहनी को पुलिस द्वारा की गई जबाबी कार्रवाई में गोली से घायल पप्पू सहनी की अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत मामले को लेकर मंगलवार को वीआईपी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकताओं ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय का घेराव किया। अपने समर्थकों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे मुकेश सहनी को मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने गेट पर ही रोक दिया। इस बात को लेकर वीआईपी पार्टी के कार्यकताओं व मुकेश सहनी के समर्थकों ने कार्यालय गेट पर प्रदर्शन किया। बाद में एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुकेश सहनी एसएसपी से मिले। जहाँ उन्होंने पप्पू सहनी औऱ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए इस पूरे मामले की जांच कराने की मांग एसएसपी से की। एसएसपी से मिलने के बाद वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा की बीते दिनों पुलिस के द्वारा फर्जी इनकाउंटर कर पप्पू सहनी की हत्या कर दी गई। जिसके कारण सहनी आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर मुजफ्फरपुर एसएसपी से मिले हैं और सभी बातों से उनको अवगत कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वही इस मामले में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया की बीते दिनों बेला थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर साइबर फ्रॉड गिरोह के सरगना पप्पू सहनी को गिरफ्तार करने गई थी। तभी अपराधी पप्पू सहनी द्वारा बेला थाने में कार्यरत दारोगा को गोली मार दी गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा अपराधी पप्पू सहनी को पकड़ पुलिस को सौंप दिया गया। वही पुलिस हिरासत में लिये गये अपराधी पप्पू सहनी को पूछताछ के बाद पुलिस टीम के साथ अन्य जगहों पर छापेमारी के लिए लेकर जाया जा रहा था। इसी बीच पुलिस को चकमा देकर अपराधी पप्पू सहनी भागने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस टीम ने पप्पू सहनी को चेतावनी देते हुए गोली चलाई जो गोली अपराधी पप्पू सहनी के पैर में लगी। गोली लगने से घायल अपराधी पप्पू सहनी को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अपराधी पप्पू सहनी पर पूर्व से भी तकरीबन 9 आपराधिक मामले दर्ज है। उसी मामले को लेकर आज श्ऋ सुप्रीमो मुकेश सहनी आय थे। उन्होंने मिलकर अपनी बातों को रखा है। पुलिस पूरी पारदर्शिता के साथ पूरे मामले की जांच करेगी।

## संदिग्ध स्थिति में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र के मधुबन जगदीश गांव निवासी 55 वर्षीय मूंटून सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने विरोध जताते हुए न्यू पटना बाईपास पर कपरपुरा रेलवे गुमटी के समीप सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। जिसके कारण इस मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई और यातायात बाधित रहा। वही सड़क जाम और हंगामा की सूचना मिलते ही एसडीपीओ वेस्ट वन सुचित्रा कुमारी और कांटी थानाध्यक्ष रविकांत पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और त्वरित कार्रवाई करते हुए जाम हटवाया। इस मामले में एसडीपीओ सुचित्रा कुमारी ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के मद्देनजर हर संभावित एंगल से घटना की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिजनों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

## आरडीएस कॉलेज में जिलास्तरीय नियोजन मेला आयोजित, युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के खुले नए द्वार

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नगर के आरडीएस कॉलेज परिसर में मंगलवार को जिलास्तरीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लेकर रोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित अवसरों की जानकारी प्राप्त की। मेले के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के कौशल विकास, रोजगार उपलब्ध कराने तथा उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कौशल आधारित शिक्षा और प्रशिक्षण युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यदि युवा अपने कौशल को निखारें और नई तकनीकों के साथ स्वयं को तैयार करें तो रोजगार के अनेक अवसर उनके लिए उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि युवाओं को



नियोजन मेला में चयनित अभ्यर्थी को प्रमाणपत्र पदान करते डीएम।

आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षण, ऋण और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त व सुरक्षित बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के बीच यूपीएससी स्टडी किट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इन स्टडी किट के माध्यम से यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे वे देश की सर्वोच्च सेवाओं में चयनित होने के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नियोजक द्वारा चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया। साथ हीं जिलाधिकारी ने सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं को टूल किट के तहत सिलाई मशीन प्रदान की। साथ हीं जिलाधिकारी ने नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला को युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया औऱ कहा कि इस आयोजन के द्वारा युवाओं को विभिन्न कंपनियों और संस्थानों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है। इस एकदिवसीय नियोजन व व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले में कुल 35 कंपनियों द्वारा लगभग 2000 रिक्तियां अधिसूचित की गई थीं। इन पदों पर निजी क्षेत्र में रोजगार के अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता और सेवा शर्तों के अनुरूप रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। मेले में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी कंपनियों, विभागों और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे भी युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राप्त शिकायत एवं डीएम के निर्देश के आलोक में अल्ट्रासाउंड एवं अस्पताल को किया गया सील

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के हॉस्पिटल रोड स्थित सोनबरसा अल्ट्रासाउंड और राजनंदनी क्लीनिक की जांच की जांच के क्रम में दोनों संस्थान निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे और कई जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं पाए गए। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों संस्थाओं को सील कर दिया। निर्धारित मानकों का घोर उल्लंघन पाए जाने के कारण यह कार्रवाई की गई। मौके पर टीम द्वारा स्पष्ट किया गया कि नियमों के विपरीत इस प्रकार की चिकित्सा संस्थानों का संचालन पूरी तरह अवैध है तथा जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। जिलाधिकारी ने कहा है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना अनुमति अथवा गैरकानूनी तरीके से संचालित किसी भी अस्पताल, नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड या एक्सरे केंद्र के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा,कनीय अभियंता : अनवर शाह केसर

**तारडीह/** बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। कनीय अभियंता अनवर शाह केसर के नेतृत्व में उजान, धर्मपुर व पोखरभिड़ा पंचायत क्षेत्र में छापेमारी की गई, जहां कई जगहों पर अवैध रूप से बिजली उपयोग का मामला सामने आया। छापेमारी के दौरान उजान धर्मपुर के राम चौधरी तथा पोखरभिड़ा पंचायत के फुलवरिया निवासी बुचन देवी, लाल बहादुर सदाय, वृष सदाय और बान चंद्र सदाय को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। छापेमारी टीम ने कनेक्शन को काटते हुए कुल ₹1,67,735 का जुमार्ना लगाया।इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विभाग ने साफ कहा है कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। छापेमारी दल में राहुल, मुन्ना, मोहम्मद कलाम, उमा शंकर सिंह, अशोक एवं मनमोहन कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

### कौआकोल में कार्यशाला आयोजित कर भाजपा कार्यकताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**कौआकोल /नवादा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गोबिंदपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौआकोल पूर्वी एवं पश्चिमी मण्डल में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर कार्यकताओं को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि महाअभियान का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक रूप से सक्षम,वैचारिक रूप से सशक्त और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कार्यकताओं का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि यह महाअभियान संगठन की शक्ति बढ़ाने और कार्यकताओं को विकसित भारत/राज्य के लक्ष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा वैचारिक अधिष्ठान पर आधारित पार्टी है। पार्टी के विचारों,पंच निष्ठाओं और केंद्र-राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित कार्यकताओं का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने आगामी प्रशिक्षण महाअभियान की मंडल और बूथ स्तरीय कार्ययोजना की भी जानकारी दी। मौके पर पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा,पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह,शैलेंद्र शर्मा,कुंदन कुमार,निवास,प्रभाकर,संदीप कुमार,उपेंद्र चंद्रवंशी,नीतू गुप्ता,ज्योति सिंह,अजीत वर्मा,अनंत बरनवाल आदि मौजूद थे।

### दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर दिया गया जोर

**नवादा।** कृषि रोड मैप के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 मार्च 2026 को जिला कृषि प्रक्षेत्र नवादा के प्रांगण में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश, माननीय विधायक, नवादा विधानसभा विभा देवी, माननीय विधायक, गोविंदपुर विधानसभा विनिता मेहता तथा जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि भारत विस्तार एआई (ईं१३ श्२३१ अक) भारतीय कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आया है। यह एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म है, जो किसानों को उनकी अपनी भाषा में मौसम, मंडी भाव, कीट-रोग, फसल सलाह तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित यह पहल किसानों को मोबाइल फोन के माध्यम से कृषि से जुड़ी जानकारी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायक होगी। भारत विस्तार योजना के तहत किसान 155261 नंबर पर कॉल कर अपनी समस्याएं भी बता सकेंगे और उन्हें तत्काल समाधान प्राप्त होगा। उन्होंने किसानों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यांत्रिकरण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के समयबद्ध एवं सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत कुल 91 प्रकार के विभिन्न कृषि यंत्रों के वितरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। दिनांक 23.02.2026 को लॉटरी के माध्यम से कुल 1804 स्वीकृति पत्र निर्गत किए गए हैं। निर्गत स्वीकृति पत्रों के विरुद्ध अब तक 711 किसानों द्वारा अनुदानित दर पर मेला/मेला से बाहर विभाग द्वारा निबंधित कृषि यंत्र विक्रेताओं के माध्यम से विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि आधुनिक कृषि में कृषि यंत्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि रोड मैप के अंतर्गत कृषि यांत्रिकरण योजना के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके उपयोग से लघु एवं सीमांत किसान समय पर कृषि कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से फसलों को संरक्षित कर सकेंगे। धान, गेहूं, दलहन एवं तेलहन के साथ-साथ गन्ना एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि यंत्रों पर अनुदान दिए जाने से उत्पादन लागत में कमी आएगी तथा उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। जिले में कृषि यांत्रिकरण को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तायुक्त आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ बेलर, पैडी ट्रांसप्लांटर, हैप्पी सीडर, पावर टिलर, लेजर लैंड लेवलर, जीरो टिलेज मशीन, रोटावेटर, रीपर-कम-बाइंडर, मिनी राइस मिल, दाल मिल एवं ऑयल मिल आदि के उपयोग से उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि की संभावना है। उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), नवादा द्वारा मेले में आए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, कौआकोल द्वारा विभिन्न फसलों की उन्नत खेती तथा जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

### भाजपा का प्रशिक्षण सह गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

**तारडीह।** प्रखंड के कैथवार गांव में मंगलवार को राधा कृष्ण मंदिर परिसर में भाजपा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत मंडल उपाध्यक्ष विवेकानंद झा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को संगठनात्मक मजबूती, भाजपा की विचारधारा और आगामी कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करना था। इसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, इतिहास विस्तार,सरकारी कार्यों का प्रचार प्रसार,और वैचारिक अभियान शामिल थे। मंडल उपाध्यक्ष विवेकानंद झा ने अपने संबोधन में बुथ स्तर के कार्यकताओं को पार्टी की मजबूती का आधार बताया, उन्होंने कार्यकताओं से निष्ठा और समर्पण के साथ संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहने तथा जनता के बीच सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर सुजीत कुमार चौधरी, अश्विनी सारंगी, रामदत्त पासवान,हुकुमदेव यादव ,बबलू सिंह के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सफाईकर्मियों के हड़ताल के कारण बैरगनिया शहर में चहुंओर कचरे के अंबार से नारकीय स्थिति



शहर के ह्रदयस्थली मार्केट में सड़क पर फैला कचरा.



मंगलवार को शहर में प्रदर्शन करते सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मी

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर परिषद, बैरगनिया के सफाईकर्मियों के दो दिनों से चल रहे हड़ताल के कारण रमजान एवं चैत नवरात्रा जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर शहर में चहुंओर कचरे के अंबार से नारकीय स्थिति बनी हुई है, नप प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नप ने सफाई व्यवस्था का टेंडर हर्ष इंडिकोन प्राइवेट लिमिटेड, नामक कम्पनी, पटना को करीब 50 लाख रुपये प्रतिमाह के दर पर दे रखा है जिसके अंतर्गत सफाईकर्मी, सुपरवाइजर, ड्राइवर सहित 140 कर्मी कार्य करते है। सफाई कर्मी पिछले बर्ष भी वेतन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर हड़ताल कर शहर को नरक में तब्दील किया था इस बर्ष बीते सोमवार से सफाईकर्मी पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है और मंगलवार को शहर में प्रदर्शन कर नगर परिषद और कम्पनी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की है। शहर के ह्र्दयस्थी मार्केट जहां पर्व के इस मौसम में रोजाना 20-25 हजार से अधिक लोग, नेपाली ग्राहक सहित खरीददारी को आ रहे है वह कचरे से गुजर रहे है और नप की इस व्यवस्था पर कुछ न कुछ खरी खोटी सुनाते चले जा रहे है। इधर सभी 26 वार्ड में भी स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। ईओ संजीव कुमार सुमन फोन उठाने की जहमत नहीं उठा रहे है तो सभापति सिंधु गुप्ता कहती है कि हर्ष को फोन पर चेतावनी दी गयी है कि सफाई को सुचारू करे अन्यथा उनके विरुद्ध करवाई के लिए अग्रेतर कदम उठाया जाएगा वही हर्ष के अभिमन्यु कहते है कि मैं बैरगनिया आकर बात करूंगा तो राहुल सिंह कहते है कि सफाईकर्मी कम्पनी को ब्लैकमेल कर रहा है,सरकार के मापदंडों के तहत उन्हें मासिक राशि मिल रही है। उनसे वार्ता करूँगा अगर तैयार नहीं हुए तो सफाईकर्मी दूसरे जगह से लाकर सफाई व्यवस्था को सुचारू करूँगा। बहरहाल, शहर नरक में तब्दील है लोग नाक पर रुमाल डालकर खरीददारी को विवश है।इस व्यवस्था से सभापति की साख पर बट्टा लग रहा है।

## निगरानी विभाग की टीम ने रुन्नीसैदपुर के कौड़ियां लालपुर पंचायत के मुखिया को रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मुखिया को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई डुमरा कोर्ट के बाहर उस समय हुई जब रुन्नीसैदपुर प्रखंड के कौड़ियां लालपुर पंचायत के मुखिया अवधेश साह 16 हजार रुपये बतौर कमीशन ले रहे थे। जानकारी के अनुसार, किसी सरकारी योजना से जुड़े कार्य के बदले कमीशन की मांग की गई थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही मुखिया ने पैसे लिए, टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही डुमरा कोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। निगरानी की टीम मुखिया को अपने साथ लेकर आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के लिए रवाना हो गई।

## डुमरा प्रखंड के बनचौरी गांव के गौरव कुमार भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर पदस्थापित



पिता एवं माता के साथ लेफ्टिनेंट गौरव कुमार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के डुमरा प्रखंड के बनचौरी गांव के गौरव कुमार भारतीय सैन्य अधिकारी के रूप में लेफ्टिनेंट के पद पर पदस्थापित किया गया है। गौरव के बड़े भाई मनीष कुमार भारतीय सेना में मेजर के पद पर रहते हुए इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून में इंस्ट्रक्टर के रूप में देश के भविष्य के अधिकारियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। गौरव के पिता रमेश कुमार गुप्ता सीतामढ़ी व्यवहार न्यायालय मे विशेष लोक अभियोजक व माता सुमित्रा कुमारी मध्य विद्यालय रामपुर परोरी में सरकारी शिक्षक हैं। गौरव की बड़ी बहन मेनका कुमारी मुजफ्फरपुर में सरकारी हाई स्कूल में शिक्षिका है तथा गौरव के बहनोई रामप्रीत कुमार भी सरकारी हाई स्कूल के शिक्षक हैं। गौरव की सफलता से परिवार के साथ साथ उनके शुभचिंतक में खुशी का महल है। पिता एवं माता का सीना गर्व से चौरा हो गया है। गौरव की शिक्षा 10वीं ज्ञान निकेतन पटना, 12वीं डीपीएस बोकारो, ग्रेजुएशन दिल्ली विश्वविद्यालय, पीजी दिल्ली विश्वविद्यालय से हुआ है। गौरव कुमार कड़ी मेहनत अनुशासन, और समर्पण के साथ लेफ्टिनेंट बनकर पासिंग आउट परेड के मध्यम से भारतीय सेना में शामिल हो गए हैं।

## 'माता की रसोई' कार्यक्रम के तहत 80 जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक कराया गया भरपेट

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर स्थित सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में 10 मार्च 2026 को मार्च माह के द्वितीय मंगलवार के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 'माता की रसोई' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती के साथ हुई। इसके पश्चात माता को चावल, दाल, आलू-गोभी-मटर की रसेदार सब्जी तथा भुना हुआ मिर्च का भोग अर्पित किया गया। भोग के उपरांत मंदिर के अतिथि गृह में पाटिया पर बैठाकर लगभग 80 जरूरतमंद लोगों को श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया, जिनमें विशेष रूप से रिक्शा एवं ठेला चालक तथा महिलाओं की संख्या अधिक रही। नगर विधायक सुनील कुमार पिंटू की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू देवी के माध्यम से परम मंगलमयी माता की कृपा से जरूरतमंदों की सेवा का यह कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिंहा, सुजय कुमार पप्पू, वेद प्रकाश गुप्ता, अरविंद भारती (सदस्य, मां वैष्णो देवी सेवा मंडल) तथा समाजसेवी रोहित कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।



जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराते श्रद्धालु

## राजस्व अधिकारियों की हड़ताल के बीच जिला प्रशासन ने की वैकल्पिक व्यवस्था

### सीतामढ़ी जिले के 13 अंचलों का अतिरिक्त प्रभार अन्य अधिकारियों को सौंपा गया

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश (हड़ताल) पर गए अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों के कारण प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए विभिन्न अंचलों का अतिरिक्त प्रभार अन्य अधिकारियों को सौंप दिया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी अपने मूल पद के साथ-साथ इन अंचलों का कार्य भी अतिरिक्त प्रभार के रूप में देखेंगे।

#### अंचलवार अतिरिक्त प्रभार एवं संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर इस प्रकार हैं

1. **बैरगनिया** : राजस्व अधिकारी, सुप्पी श्रीमती पल्लवी आनंद-मो. 9031670985
2. **रीगा** : राजस्व अधिकारी सुश्री प्रिया -मो. 9031671003
3. डुमरा : अंचल अधिकारी, सुप्पी श्री किशुनदयाल राय -मो. 9031670984
4. **बथनाहा** : सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी श्री अमरेश कुमार-मो. 7903278051
5. **मेजरगंज** : राजस्व अधिकारी श्रीमती अंजना कुमारी -मो. 9031671013
6. **रून्नीसैदपुर** : राजस्व अधिकारी श्री विश्वामित्र खरवार -मो. 9031670983
7. **बेलसंड** : सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी श्री ओंकार नाथ -मो. 7488153195
8. **परसौनी** : सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी श्री ओंकार नाथ -मो. 7488153195
9. **पुपरी** : राजस्व अधिकारी सुश्री श्वेता -मो. 9031671006
10. बाजपट्टी : अंचल अधिकारी, सुरसंड श्री सतीश कुमार -मो. 9031670980
11. **चोरौत** : राजस्व अधिकारी सुश्री आयुषी -ाो. 9031670976
12. **नानपुर** : राजस्व अधिकारी, चोरौत सुश्री आयुषी -मो. 9031670976
13. **बोखड़ा** : राजस्व अधिकारी, पुपरी सुश्री श्वेता -मो. 9031671006

जिला प्रशासन ने बताया कि यह व्यवस्था प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से लागू की गई है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## श्रम विभाग के अधिकारियों के धावा दल ने दो बाल श्रमिकों को कराया विमुक्त



श्रम विभाग के धावा दल के सदस्य

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय एवं विभागीय निर्देश के अनुपालन में सीतामढ़ी जिला के रुन्नीसैदपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति के लिए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, रुन्नीसैदपुर पंकज कुमार के नेतृत्व में रुन्नीसैदपुर थाना के सहयोग से एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की सूचना पर गहन छापेमारी की गई। गौरतलब है कि छापेमारी के क्रम में दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है। रुन्नीसैदपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रुन्नीसैदपुर बाजार स्थित विवेक मिट हाउस एवं थाना क्षेत्र के रामपुर स्थित शिव शंकर साह खैनी उद्योग इन दोनों प्रतिष्ठानों से एक - एक बाल श्रमिको को विमुक्त कराया गया है। साथ ही इन बच्चों से बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों के विरुद्ध रुन्नीसैदपुर थाना में प्राथमिक दर्ज कराई जा रही हैं। इस संदर्भ में श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी रुन्नीसैदपुर पंकज कुमार ने बताया कि नियोजकों से प्रति बाल श्रमिक 20 हजार रुपए की दर से जिला बाल श्रमिक पुनर्वास कल्याण कोष में जमा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई होगी। साथ ही नियोजक द्वारा बाल श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर से कम भुगतान करने के विरुद्ध 10 गुना मुआवजा के साथ दावा पत्र भी सक्षम न्यायालय में दायर कर दिया जाएगा। श्री पंकज ने बताया कि बाल श्रम के खिलाफ धावा दल के द्वारा निरंतर कारवाई की जा रही है इसका उद्देश्य बच्चो को बाल श्रम से बचाने एवं समुदाय के सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा कर बाल श्रम मुक्त रुन्नीसैदपुर प्रखंड क्षेत्र की परिकल्पना को साकार करना है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल दुव्यार्पार के विरुद्ध निरंतर पूरी संवेदनशीलता के साथ कारवाई कर रही है।

## गोयनका कॉलेज में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी



धरना प्रदर्शन करते कॉलेज के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर स्थित श्री राधाकृष्ण गोयनका कॉलेज के दैनिक वेतन भोगी शिक्षकेतर कर्मचारियों ने प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए लगातार दूसरे दिन मंगलवार को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद बिहारी सिंह ने प्राचार्य पर तानाशाही करने का आरोप लगाए हैं और कहा कि प्राचार्य कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। वहीं सचिव देवेंद्र यादव ने कहा प्राचार्य ने मौखिक रूप से तुगलकी फरमान सुनाया है और हम सभी को काम करने से मना कर रहे जबकि बिहार यूनिवर्सिटी में दैनिक वेतनभोगी और उसके अंतर्गत आने वाले दो दर्जन से अधिक कॉलेज में कही भी कर्मियों को हटाया नहीं गया है। धरना प्रदर्शन के दौरान प्राचार्य अनुपस्थित रहे। सभी कर्मियों ने कहा हमारी माँगे नही पूरी होने पर हम सभी भूख हड़ताल और आत्महत्या करने को मजबूर होंगे जिसके जिम्मेवार प्राचार्य होंगे।अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में धीरज कुमार बबलू,संजय झा, राजेश पटेल, शिवनाथ शाह, अफसर खान, गणेश महतो, सुंदरम कुमार, नदीम अनवर, शादाब हुमायूं, गुड्डी कुमारी, रंजीत कुमार, फेकन साह, जय किशोर पंडित, राधेश्याम ठाकुर, विट्ठल ठाकुर, मधुरेन्द्र सिंह, जगरनाथ साह समेत अन्य कर्मी शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में कक्षा-1 में नामांकन हेतु 12 मार्च को लॉटरी से होगा चयन

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में पूर्वी चम्पारण जिले के सुगाँव स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1 में नामांकन हेतु छात्रों का चयन लॉटरी पद्धति से किया जाएगा।उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा-1 के लिए कुल 40 रिक्त सीटों के विरुद्ध नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए दिनांक 12 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाएगा।यह प्रक्रिया वरीय उप समाहर्ता (सामान्य प्रशाखा) सुश्री निधि कुमारी के पर्यवेक्षण में संपन्न होगी। चयन प्रक्रिया छात्रों और अभिभावकों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ लॉटरी पद्धति से की जाएगी, ताकि नामांकन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्पष्ट रूप से संपन्न हो सके।

### पकड़ी दीक्षित बाजार चौक से एक चोर गिरफ्तार

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** पुलिस गश्ती के दौरान पुलिस ने सोमवार की रात पकड़ी दीक्षित बजार चौक पर पहुंचने पर सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल लगी हुई थी, एक व्यक्ति वहां स्थित एक दुकान पर खड़ा था। जिसने पुलिस की गाड़ी देखकर दुकान के अन्दर छुपने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। उसे पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त व्यक्ति द्वारा पकड़ी दीक्षित बजार के चार दुकानों से चोरी की गई। उसके पास से दुकानों से चोरी किया समान बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त कल्याणपुर थाना के बासुदेव छपरा का सुभाष कुमार है।बरामद समान में एक हथौड़ी, कैंची, दो काउंटर का कुंडी, 427 रुपए नकद एवं एक मोटरसाइकिल है। छापेमारी दल में पुअनि सुजीत कुमार, सिपाही संदीप कुमार, चौकीदार लक्ष्मण कुमार शामिल थे। थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि वह एक साइकिल मरम्मत करने के दुकान में चोरी किया था। उसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कैश की कमी से बैंक ग्राहकों की बढ़ी परेशानी, दिनभर इंतजार के बाद खाली हाथ लौट रहे लोग

**तेतरिया (एनएसबी)।** प्रखंड के मधुआहां वृत्त स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में इन दिनों खाताधारकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक कर्मियों के उदासीन रवैये और कैश की कमी के कारण दूर-दराज से आने वाले लोग दिनभर मशक्कत करने के बाद भी निराश होकर लौटने को मजबूर हैं।मनियारपुर गांव की अनीता देवी, शोभा देवी, कल्याणी देवी, रूबी कुमारी और दिनेश राम समेत कई खाताधारकों ने बताया कि वे सुदूर देहाती क्षेत्रों जैसे मनियारपुर और सिमराहा से पैदल चलकर और ऑटो रिक्शा से बैंक पहुंचते हैं। आने-जाने में करीब 100 से 150 रुपये तक खर्च हो जाता है। इसके बावजूद दिनभर बैंक में बैठने के बाद शाम को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि बैंक में कैश नहीं है। ग्राहकों का कहना है कि इस वजह से उन्हें काफी आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं शाखा प्रबंधक हिमांशु कुमार का कहना है कि बैंक में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। हालांकि उप शाखा प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि मार्च क्लोजिंग का महीना होने के कारण कभी-कभी कैश की कमी हो जाती है, जिससे ग्राहकों को वापस लौटना पड़ता है।

### अलग-अलग कांड में की गई कार्रवाई, सभी आरोपितों को न्यायालय भेजा गया

**पहाड़पुर (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों में छापेमारी कर कुल 28 लीटर देसी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।मिली जानकारी के अनुसार पहाड़पुर थाना कांड संख्या 143/26 में पुलिस ने अर्जुन मालिक (पिता झ्र अजीत मालिक) एवं सुनील मालिक (पिता झ्र हजारी मालिक), दोनों निवासी मटियरिया थाना हरसिद्धि को 14 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया।वहीं कांड संख्या 144/26 में पुलिस ने कृष्णावती देवी (पति भरत राम) निवासी लखनीपुर तथा रामजी पासवान (पिता शिवचन पासवान) निवासी पहाड़पुर थाना क्षेत्र को 14 लीटर देसी शराब और 02 मोटरसाइकिल के साथ दबोच लिया।पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी गिरफ्तार आरोपितों को उपस्थापन के लिए माननीय न्यायालय भेज दिया गया है।स्थानीय पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई साहब को थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में की गई छपा टीम में शामिल सूरज बैठा पुलिस वाल बाल एवं ग्रामीण चौकीदार हारुन आलम शामिल थे।

### बेंगलूर ने कड़ी मशक्कत कर दूसरे हाफ में दो गोल दाग सेमीफाइनल में पहुंची

**चकिया(एनएसबी)।** स्थानीय गांधी मैदान में खेले जा रहे महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेट के तीसरे दिन मंगलवार को मुकाबला एमआईजी फुटबॉल क्लब बेंगलूर व एक्वा फुटबॉल क्लब रांची टीम बीच हुआ। जिसमे बेंगलूर टीम ने रांची को 2-0 से पराजित किया। पहले हाफ में दोनों टीमों में कड़ी टक्कर हुई। पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें शून्य पर रही। पहले हाफ में हीं बेंगलूर के खिलाड़ी जर्सी नंबर-22 को 11वें मिनट पर गलत खेल के लिए रेफरी ने पिला कार्ड दिखा चेतावनी दी। दूसरे हाफ में मैदान में उतरी दोनों टीमों में बेंगलूर टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए टीम के खिलाड़ी रोहित जर्सी नम्बर नौ ने पहला व 72 वें मिनट पर लगातार दूसरा गोल दाग 2-0 से टीम को विजय दिला दी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बेंगलूर टीम के खिलाड़ी जर्सी नम्बर 9 रोहित व बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार भी बेंगलूर को आयोजन समिति के द्वारा दिया गया। टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल का अंतिम मुकबला बुधवार को मोहम्मडन एथलेटिक फुटबॉल क्लब कोलकाता व फुटबॉल क्लब उत्तराखंड के बीच खेला जायेगा। कॉमेंटेटर के रूप में रोहित सिंह स्कोरर सुकेश प्रसाद जबकि रेफरी मनीष कुमार,दिनेश कुमार गुप्ता,संतोष पांडेय,विशाल कुमार थे। मौके पर उप सभापति सुभाष कुमार, टूनार्मेंट अध्यक्ष हरजीत सिंह राजू, चंद्रभूषण प्रसाद,संदीप सुल्तानिया, दाऊद आलम सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

---

जनगणना-2027 को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन, लॉगिन आईडी बनाने की दी गयी जानकारी

## मोबाइल ऐप से ऑनलाइन मोड में होगा डाटा संग्रह

**मोतिहारी (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में मंगलवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य के लिए आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में चार्ज स्तर पर लॉगिन आईडी बनाने तथा इसके सफल क्रियान्वयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी पदाधिकारियों को दी गई।

प्रशिक्षण में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज जनगणना पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बताया गया कि इस बार जनगणना के लिए डेटा संग्रहण मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। इसके लिए पहली बार सेन्सस-2027 एचएलओ मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा, जो एंड्रॉयड और आईओएस दोनों संस्करण के स्मार्टफोन के अनुकूल होगा। अधिकारियों को बताया गया कि एचएलओ मोबाइल एप को सरल, सुविधाजनक और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया गया है, ताकि प्रगणक और पर्यवेक्षक डिजिटल माध्यम से आसानी से आंकड़ों का संग्रह कर सकें।



जनगणना को लेकर प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी।

जनगणना दो चरणों में की जाएगी, जिसमें पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण के अंतर्गत मकानों की गणना की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल जनगणना पदाधिकारी निशांत सिहारा ने बताया कि जनसंख्या गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विवरण एक निश्चित संदर्भ दिनांक और समय के आधार पर दर्ज किया जाएगा। वहीं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार पहली बार स्व-गणना का विकल्प भी दिया जा रहा है, जिसके तहत लोग अपना डेटा स्वयं भर सकेंगे। बाद में प्रगणकों द्वारा जांच के बाद उसे अंतिम रूप से सबमिट किया जाएगा।प्रशिक्षण सत्र का संचालन जनगणना निदेशालय बिहार, पटना से आए प्रशिक्षक श्री विकास सिंह और जिले के नोडल प्रशिक्षक श्री आदित्य कुमार ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद सभागार में नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता सुश्री प्रिया रानी, गोपाल जी मिश्र एवं कमलेश कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### खेत मे अफीम के पौधे जब्त, एफआईआर दर्ज

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के कुंवरपट्टी गांव में गेहू लगी फसल में किनारे किनारे अफीम जैसे पौधे को पुलिस ने जप्त जब्त किया है। खेत के आशिंक भाग को पुलिस ने घेराबंदी कर दिया। इस मामले मे सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के फर्द बयान पर थाना मे एफआईआर दर्ज किया है। जिसमे जमीन मालिक सेवा निवृत शिक्षक राम नरेश सिंह को नामजद आरोपी बनाया है। एन डीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर में कहा गुप्त सूचना मिली कि ग्राम कुमरपट्टी में रामनरेश सिंह अपने खेत में अफीम का खेती किये हुए है। वरीय पदाधिकारी को जानकारी के बाद सत्यापन को लेकर थाना प्रस्थान किया। जब कुंवरपट्टी पहुंचे तो राम विनय सिंह के घर के सामने खेत है।जिसमें धनिया का एवं कुछ अफीम जैसे पौधा दिखाई दिया।तत्पश्चात अंचलाधिकारी सिंहवाड़ा के निर्देश पर अंचल अमीन विजय कुमार की उपस्थिति में अफीम के पौधे लगे खेत में एक व्यक्ति भाग रहा था।दल बल के सहयोग से पकडने का प्रयास किया पर वे भाग निकला।

डीडीसी ने की कृषि टास्क फोर्स की बैठक में उर्वरक आपूर्ति की समीक्षा

## कालाबाजारी पर रहेगी सख्त नजर

**मोतिहारी (एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं तथा जिले में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गई।

जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। सीमावर्ती क्षेत्रों में उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए औचक छापेमारी भी की जा रही है।इस दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उर्वरक वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्ट कहा कि उर्वरक बिक्री के दौरान किसी भी प्रकार का अन्य उत्पाद टैग नहीं किया जाएगा।उन्होंने


जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक।

किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी और अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया, ताकि उर्वरक की कालाबाजारी और अनियमित बिक्री पर पैनी नजर रखी जा सके।सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारियों को खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के यहां भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक तथा पॉस मशीन में दर्ज स्टॉक की जांच करने का निर्देश दिया गया। किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर इसकी सूचना जिला कृषि पदाधिकारी को देने को कहा गया है। इसके अलावा बनकटवा प्रखंड के उन गांवों और पंचायतों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया, जहां उर्वरक आपूर्ति पर रोक लगाई गई है। किसान सलाहकारों के माध्यम से किसानों की सूची तैयार कर प्रखंड कृषि पदाधिकारी के जरिए जिला कृषि पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि चिन्हित प्रतिष्ठानों के माध्यम से किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक रसायन, सहायक निदेशक बीज विश्लेषण तथा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर, सिकरहना, चकिया और रक्सौल उपस्थित थे।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक चढ़ा मोबाइल के टावर पर, पुलिस की सूझबूझ से टली घटना

**पहाड़पुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब बनकटवा गांव निवासी एक युवक पारिवारिक विवाद से नाराज होकर मेला चौक स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार बनकटवा गांव निवासी संजय कुमार पांडे के बड़े पुत्र मोहित पांडे अपनी पत्नी से बच्चे को लेकर चल रहे विवाद के कारण काफी समय से मानसिक तनाव में था। इसी बीच मंगलवार को वह अचानक आक्रोशित हो गया और मेला

**टावर की ऊंचाई पर खड़े होकर युवक बार-बार नीचे कूदने की बात कह रहा था, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में भय और चिंता का माहौल बन गया**

चौक स्थित एयरटेल के मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर की ऊंचाई पर खड़े होकर युवक बार-बार नीचे कूदने की बात कह रहा था, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में भय और चिंता का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही पहाड़पुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए युवक को समझाने का प्रयास शुरू किया। थाना अध्यक्ष ने युवक से बातचीत कर उसे शांत कराया और काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतरने के लिए राजी कर लिया।करीब काफी देर तक चले घटनाक्रम के बाद युवक आखिरकार टावर से नीचे उतर आया। युवक के सुरक्षित उतरते ही वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ थाना ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। उसके परिवार के लोगों से भी संपर्क कर मामले की जानकारी ली जा रही है और पारिवारिक विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सदर एसडीओ ने सुगौली प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

पीएम आवास लाभुकों से ली जानकारी

**मोतिहारी (एनएसबी)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने मंगलवार को सुगौली प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजी की जांच कर उपस्थित कर्मियों का मिलान किया। इस दौरान सभी कर्मचारी

प्रखंड के फुलवारी पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के पांच लाभुकों से मिलकर आवास निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से भी मुलाकात कर विभिन्न योजनाओं को लेकर फीडबैक लिया। एक ग्रामीण ने


सुगौली प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण करते एसडीओ।

उपस्थित पाए गए। एसडीओ ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने कर्मियों को कार्यालय के सभी पंजीयों को व्यवस्थित ढंग से संधारित करने तथा प्रखंड परिसर में स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया।निरीक्षण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी सुगौली

बताया कि उनका राशन कार्ड अभी तक नहीं बना है। इस पर एसडीओ ने उन्हें आवेदन करने की सलाह देते हुए आश्वासन दिया कि आवेदन के बाद उनका राशन कार्ड बनकर घर तक पहुंचा दिया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी की इस पहल से ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की।

## परिवार नियोजन पखवाड़ा में 17 लोगों का सफल बंध्याकरण हुआ, पीएचसी में चला विशेष अभियान

**पहाड़पुर (एनएसबी)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत मंगलवार को विशेष अभियान चलाकर कुल 17 लाभार्थियों का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। यह कार्य डॉक्टर विकास कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लाभार्थियों की पहले जांच की और उसके बाद चिकित्सकीय

**छोटा एवं सुखी परिवार रखने की अपील की गयी**

मानकों के अनुसार ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद लाभार्थियों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जरूरी सावधानियों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर डॉ. विकास कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य लोगों को छोटे परिवार के प्रति जागरूक करना और जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और प्रोत्साहन राशि भी मिलती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई कि वे परिवार नियोजन के साधनों को अपनाकर अपने परिवार को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

## एटीएम कार्ड बदल कर 79 हजार रुपये की ठगी

**पीपराकोठी (एनएसबी)।** जीवधारा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में एटीएम कार्ड बदलकर 79 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मुर्दाचक निवासी सहिदन खातून ने पीपराकोठी थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**जीवधारा स्थित बैंक ऑफ इंडिया अळट में हुई घटना, जांच जारी**

सहिदन खातून ने अपने आवेदन में बताया कि 2 मार्च को दोपहर करीब दो बजे उनका पुत्र अफताब जीवधारा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से 8 हजार रुपये निकालने गया था। इसी दौरान एटीएम कक्ष में तीन-चार युवक जबरन घुस आए और जल्दी पैसे निकालने का दबाव बनाया। इस बीच, आरोपितों ने चालाकी से अफताब का एटीएम कार्ड बदल लिया।उस समय अफताब को ठगी का संदेह नहीं हुआ। रात में मोबाइल पर लगातार रुपये निकासी के मैसेज आने के बाद ठगी का पता चला। जब तक बैंक को सूचना देकर एटीएम कार्ड बंद कराया जाता, तब तक खाते से कुल 79 हजार रुपये की निकासी हो चुकी थी। यह राशि महिला ने एक प्राइवेट बैंक से लोन लेकर अपने खाते में जमा की थी। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस पूरे मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है। एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ठगी करने वालों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## अधूरी योजनाएं जल्द पूरी करने का डीडीसी ने दिया निर्देश

**मोतिहारी (एनएसबी)।** डॉ. राधाकृष्णन सभागार में मंगलवार को मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने की। बैठक में राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम के निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता तथा पंचायत तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

बैठक के दौरान मनरेगा योजना के विभिन्न पहलुओं जैसे जियोटैगिंग, ई-केवाईसी, कार्य पूर्णता, खेल मैदान निर्माण, वार्षिक कार्य योजना, हाट-बाजार, सोशल ऑडिट तथा मैटेरियल बिल वाउचर एंट्री की समीक्षा की गई।

समीक्षा में पाया गया कि जिले की 394 पंचायतों में अब तक केवल 2682 योजनाओं की प्रविष्टि युक्तधारा पोर्टल पर की गई है। इस पर सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक पंचायत से कम से कम 25 योजनाओं की प्रविष्टि


उप विकास आयुक्त ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक।

पोर्टल पर सुनिश्चित करें। योजनाओं की कार्य पूर्णता में जिले की औसत उपलब्धि 84.33 प्रतिशत है, जबकि राज्य की औसत 86.17 प्रतिशत है। इस पर सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को अपूर्ण योजनाओं को मास्टर प्लान बनाकर 90 प्रतिशत तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जियो टैगिंग के तहत फेज-2 और फेज-3 की लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं चयनित 306 खेल मैदानों में से 304 पूर्ण हो चुके हैं। चकिया और केसरिया प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारियों को शेष दो खेल मैदान एक सप्ताह के भीतर पूरा करने को कहा गया।बैठक में बताया गया कि पीएमएवाई-जी कन्वर्जेंस के तहत 40,688 योजनाओं पर मस्टर रोल जारी होना लंबित है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को योजना कोड जनरेट कर मस्टर रोल निर्गत करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा सक्रिय मनरेगा मजदूरों का ई-केवाईसी एक सप्ताह के भीतर 90 प्रतिशत तक पूरा करने, 81 से 99 दिन कार्य कर चुके परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के सभी मैटेरियल वाउचर की शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया।उप विकास आयुक्त ने श्रम-मटेरियल अनुपात 60:40 बनाए रखने का निर्देश दिया और पकड़ीदयाल व पताही प्रखंड में हुई गड़बड़ी को जल्द सुधारने को कहा। साथ ही सामाजिक अंकेक्षण के तहत वित्तीय विचलन वाली 441 लंबित योजनाओं को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मधेपुरा जिले के 19 वर्षीय छात्र प्रशांत ने सहरसा की आत्म हत्या, बीए पार्ट थर्ड का छात्र था, जांच में जुटी एफएलएस की टीम

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** मधेपुरा जिले के घेलाढ थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनपुरा वार्ड 13 निवासी सहरसा नगर निगम के वार्ड 18 स्थित एक लॉज में किराए के मकान में रह रहे छात्र प्रषात ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सहरसा सदर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक छात्र की पहचान मधेपुरा जिले के घेलाढ थाना अंतर्गत रतनपुरा वार्ड 13 निवासी हरिश्चंद्र शर्मा उर्फ छोटू के पुत्र 19 वर्षीय प्रशांत कुमार के रूप में हुई है। प्रशांत मधेपुरा जिले के टीपी कॉलेज का बीए पार्ट थर्ड का छात्र था। वह सहरसा नगर निगम के वार्ड नंबर 18 स्थित संत नगर मोहल्ले के मोहन साह के स्टूडेंट लॉज में बीते पांच महीने से किराए पर रह रहा था और यहीं रहकर पढ़ाई करता था। प्रशांत अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके चचेरे भाई मिथुन कुमार ने बताया कि सुबह मकान मालिक ने फोन पर परिवार वालों को सूचना दी कि प्रशांत का कमरा नहीं खुल रहा है। खिड़की से झांकने पर पता चला कि उसने खुदकुशी कर ली है। घटना की सूचना मिलते ही सहरसा सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम के पहुंचने के बाद बंद कमरे को तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। सहरसा सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि आत्महत्या के कारणों की जानकारी परिवार वालों को भी नहीं है। फिलहाल, पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।





### प्रखंड मुख्यालय में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने किया धरना प्रदर्शन, दस सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा स्मार पत्र

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। आयोजित धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला किसान नेता भुपेन्द्र यादव द्वारा किया गया। मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम प्रकाश नारायण ने बिहार सरकार पर भी निशाना साधा वहीं इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोंधन में कहा की देश पर करीब 225 लाख करोड का विदेशी कर्ज हो गया जो जीडीपी का 80 फीसद है। ऐसे में बजट का बडा हिस्सा कर्ज चुकाने में खर्च हो रहा है। सिर्फ चीन से भारत का व्यापार घाटा 103 अरब डॉलर तक जा पहुंचा है। ऐसे में देश दिवालिया के कगार पर खडा है। यहीं नहीं केन्द्र की सरकार अमेरिकी सरकार के समक्ष घुटने टेक चुकी है। क्योंकि भारतीय समानों की अमेरिका में बिक्री किए जाने पर 18फीसद टैरिफ देना पडेगा, लेकिन अमेरिकी समानों की देश में बिक्री किए जाने पर कोई टैरिफ नहीं देना पडेगा।उन्होंने बिहार में जनादेश का अपहरण का भी आरोप लगाया। इसके अतिरिक्त धरने को भाकपा के जिला सचीव परमानंद ठाकुर, वरिष्ठ नेता खाडानंद ठाकुर, रमेश यादव, चंद्रकांत, अजीत सिंह समैत अन्य नेताओं ने भी सम्बोंधित किया। धरने के बाद भाकपा द्वारा अपने 10 सुत्री मांगों का स्मार पत्र बीडीओ अमित आनंद को सौंपा गया



### ढोल नगाड़े के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के सोहा ग्राम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। आयोजित यज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा में सैकड़ों महिला व कन्याओं ने ढोल नगाडे के साथ यज्ञ स्थल से कलश लेकर तिलाबे नदी पर पहुंचा।जहाँ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर कलश को सुरक्षित रखा गया।इस दौरान ढोल नगाडे की गुंज एवं जयश्रीराम के उद्घोष से पूरे गांव का माहौल भक्ति मय बना हुआ था।आयोजित यज्ञ का जजमान विश्वजीत सिंह उर्फ मंगल जी है। कलशयात्रा के लिए सभी ग्रामीणों द्वारा सामुहिक रूप से श सभी मार्गो की साफ सफाई एव पानी का छिड़काव किया गया। आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता में कथा वाचक वृन्दावन की पुज्या आदिशक्ति द्वारा बुधवार से सांय 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा।वहाँ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी तरह की समुचित व्यवस्था के साथ साथ भव्य पंडाल, शौचालय, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया गया है। 16 मार्च को कथा समापन के बाद 17 मार्च को हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### संतमत सत्संग के 63 वें वार्षिक अधिवेशन को लेकर हुआ ध्वजारोहण

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत महुआ उत्तरवारी पंचायत स्थित बलैठा गांव में राष्ट्रीय संतमत सत्संग को लेकर मंगलवार को विधि विधान से भव्य ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय संतमत सत्संग के 63 वें वार्षिक अधिवेशन की तैयारी को लेकर काफी संख्या में भक्तजन उत्साहित थे। ध्वजारोहण के साथ ही अधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम भी तेज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार यह दो दिवसीय अधिवेशन 26 व 27 मार्च 2026 को आयोजित होगा। अधिवेशन में सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंसजी महाराज की पावन स्मृति में संतमत सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उनके तपोनिष्ठ शिष्य महर्षि योगानंद परमहंसजी महाराज सहित अन्य संत-महात्माओं द्वारा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचन दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ब्रह्मदेव बाबा हैं, जो महुआ उत्तरवारी पंचायत के उपमुखिया मनोज यादव के पिता हैं। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पंडाल, मंच, श्रद्धालुओं के ठहरने और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर सत्संग का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### उच्च विद्यालय तमकुल्हा से चोरी हुए समान के साथ पुलिस ने दो युवक को गिरफ्तार किया

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बरैठ पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय तमकुल्हा से बीते रविवार की रात स्मार्ट क्लास से चोरी गई एलसीडी युपीएस के साथ दो चोरों को सोनवर्षा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि उच्च विद्यालय तमकुल्हा से बीते रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा स्मार्ट क्लास का ताला तोड़कर एक 65 इंच का एलसीडी, युपीएस सहित पंखे कि चोरी कर ली गई थी। जिसके बाद विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर के आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए सोमवार की रात पतरघट थाना क्षेत्र के बोधी जम्हरा गांव से एलसीडी बरामद करते हुए दो अप्राथमिकी अभियुक्त पतरघट जम्हरा गांव निवासी व्यास कुमार व तमकुल्हा गांव निवासी मंन्टू कुमार उर्फ मंन्टा यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

### फरार आरोपी के घर चिपका इश्तिहार, कोर्ट के आदेश पर नवहट्टा पुलिस की कार्रवाई।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के नवहट्टा थाना क्षेत्र के केदली गांव में पुलिस ने फरार आरोपी के घर पर कोर्ट के सख्त आदेश पर इश्तिहार चिपका दिया। नवहट्टा पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि केदली निवासी अभिनंदन कुमार, पिता सत्तो मुखिया के खिलाफ कांड संख्या 227/25 दर्ज है। आरोपी लंबे समय से फरार है। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने उसके घर पर नोटिस चस्पा किया। इस दौरान अपर थाना अध्यक्ष रौशन कुमार, एएसआई अनुज कुमार और पूरी पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही।पुलिस ने चेतावनी दी है - अगर निर्धारित समय में आरोपी कोर्ट या थाने में हाजिर नहीं हुआ, तो उसके खिलाफ और सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।



# जिलास्तरीय वाणिज्यिक फसल जूट उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एक दिवसीय जिलास्तरीय वित्तीय वर्ष 2025-26 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कृषोन्नति योजना अंतर्गत वाणिज्यिक फसल जूट उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन ई॰-किसान भवन, कहरा में मंगलवार को किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर मो कौशीन, जिला परामर्शी डॉ मनोज सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कहरा मनीष कुमार एवं प्रखंड स्तरीय सभी कृषि समन्वयक, एवं किसान सलाहकार की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, सहरसा द्वारा बताया गया कि जूट मुख्यतः पूर्वी भारत के सर्वाधिक प्राकृतिक रेशा फसल है। जिसका उत्पादन मुख्यतः पश्चिम बंगाल, बिहार, असम, उड़ीसा और पूर्वी उत्तर प्रदेश में होता है। विभाग द्वारा पटसन व जूट की खेती को बढ़ावा देने के लिये 230 एकड़ में प्रत्यक्षण शत-प्रतिशत अनुदान पर एवं बीज वितरण 7.3 क्विंटल 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराया जायेगा। उनके द्वारा किसानों से आह्वाहन किया गया कि जूट की खेती से जूट से टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल कई उत्पाद बनते हैं, जिनमें बोरियां, रस्सी, गलीचे, थैले, पर्दे, फर्नीचर, और घर की सजावट का सामान प्रमुख हैं। इसके अलावा, जूट का उपयोग कागज, भू-वस्त्र, और मिश्रित प्लास्टिक के विकल्प के रूप में भी किया जा रहा है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा पटसन व जूट उत्पादन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि जूट फसल मे खरपतवार नियंत्रण बहुत ही महत्वपूर्ण है, अन्यथा उपज में काफी क्षति होगी। उनके द्वारा घास एवं चैरी पत्ती के लिये ब्यूटाक्लोर बुआई के 24 से 48 घंटे के अंदर छिड़काव करने से खर-पतवार नियंत्रित किया जा सकता है। प्रति हेक्टेयर यूरिया 140 किलोग्राम डीएपी 87 किग्रा॰ एवं एमओपी 66 किग्रा॰ की आवश्यकता होती है। इसमें सामान्य रूप से तनाशरण, एन्थाकनोज, मृदुगलन, चित्तीरोग लगते हैं।डॉ॰ मनोज सिंह, जिला परामर्शी के द्वारा पटसन जूट उत्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि पैकेजिंग सामग्री, घर की सजावट, फैशन, एक्सेसरीज औद्योगिक उपयोग और मिश्रित सामग्री बनाने में इसका व्यापक उपयोग किया जा रहा है। यहाँ जूट का प्रभेद श्रत्व.204 उच्चतम पैदावार क्षमता, रोग एवं कीटाणु से प्रतिरोधक क्षमता मार्च के शुरूआत में बुआई की जाती है। श्रत्व.524 सर्वाधिक लोकप्रिय प्रजाति अप्रैल में बुआई के बावजूद भी अधिक पैदावार देती है। जूट फसल की बुआई पंक्ति में करना चाहिए, पंक्ति में बुआई करने से अनावश्यक खरपतवार की निकाई भी आसानी से की जा सकती है। एक एकड़ में 02 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है। पटसन व जूट की कटाई बुआई के 110-120 दिन बाद की जाती है।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण के समाप्ति की घोषणा की गई।



प्रशिक्षण में जिला कृषि पदाधिकारी व किसान।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा में विलम्ब होने पर एनएसयूआई का विरोध, परीक्षा शीघ्र आयोजित कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की लंबित परीक्षा को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई ने पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार के नेतृत्व में रमेश झा महिला कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ अखिलेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम दिया गया। जिसमें बीसीए, बीबीए, बायोटेक समेत अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा अतिशीघ्र कराने की मांग की गई।ज्ञात हो कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा दिसंबर माह में ही संपन्न हो जानी चाहिए थी। लेकिन मार्च माह बीत रहा है फिर भी विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। जिससे छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है। एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि बीएन मंडल विश्वविद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की स्थिति सामान्य पाठ्यक्रमों से भी बदतर हो गई है। एक ओर जहां इन पाठ्यक्रमों का सिलेबस लगभग 16 वर्ष पुराना है, वहीं समय पर परीक्षा का आयोजन भी नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि बीसीए सुधार आंदोलन के दौरान कुलपति और छात्र संगठनों के बीच हुए समझौते के बाद सभी कॉलेजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक कई कॉलेजों में लैब की व्यवस्था नहीं की गई है और न ही नया सिलेबस लागू किया गया है। कई कॉलेजों में प्लेसमेंट सेल और लाइब्रेरी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। विश्वविद्यालय द्वारा बस संचालन सहित कई निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने इन निदेर्शों को गंभीरता से लागू नहीं किया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।मनीष कुमार ने कहा कि लगातार तीन-तीन माह की देरी से परीक्षा होने के कारण छात्र-छात्राओं को समय पर डिग्री नहीं मिल पाती है, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई प्रभावित होती है। कई छात्र सीयूईटी के माध्यम से केंद्रीय विश्वविद्यालयों में एमसीए, एमबीए समेत अन्य मास्टर्स कोर्स में नामांकन के लिए परीक्षा पास कर लेते हैं, लेकिन समय पर डिग्री नहीं मिलने के कारण उनका नामांकन प्रभावित हो सकता है।उन्होने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए अविलंब परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि घोषित करने, जल्द से जल्द परीक्षा कार्यक्रम आयोजित करने, परीक्षा के बाद समय पर परिणाम प्रकाशित करने की मांग शामिल है।उन्होंने एक सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि और परीक्षा कार्यक्रम जारी नहीं किया गया, तो छात्र संगठन एनएसयूआई पूरे विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।इस मौके पर एनएसयूआई छात्र संगठन रमेश झा महिला कॉलेज इकाई के हर्ष लक्ष्मी कुमारी, मुस्कान कुमारी, तृप्ति सिन्हा,अंशु कुमारी, दीक्षा कुमारी, कनक कुमारी,सृष्टि कुमारी, सपना कुमारी, नंदिनी प्रियंका , गुड़िया सिंह, आदि मौजूद रहीं।



ज्ञापन सोपते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

## 75262 सहरसा पूर्णिया कोर्ट डेमू पैसेंजर ट्रेन में पत्थरबाजी, सोमवार मध्य रात्रि पॉलिटेक्निक रेलवे फाटक के पास हुई घटना

**एक घंटे तक रुकी रही ट्रेन, लोको पायलट के सिर में लगी चोट**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा पूर्णिया कोर्ट डेमू पैसेंजर ट्रेन पर अज्ञात बदमाशों द्वारा पत्थर बाजी की घटना में ट्रेन का लोको पायलट घायल हो गया। पत्थर बाजी की घटना के बाद ट्रेन को तत्काल वहीं रोक दी गई। इसके बाद घायल लोको पायलट को पास के प्राइवेट निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना के बाद जंक्शन से दूसरा लोको पायलट घटनास्थल पर पहुंचा।तत्पश्चात ट्रेन वहां से रवाना हुई। वही इस पत्थरबाजी की घटना को लेकर रेल थाना मामले की जांच में जुटी हैं हालांकि रात्रि होने के कारण पत्थर बाजी की घटना को किसने अंजाम दिया किसी ने नहीं देखा।जानकारी के मुताबिक, 75262 सहरसा पूर्णिया कोर्ट डेमू पैसेंजर ट्रेन सोमवार मध्य रात्रि 2:05 पर खुली थी लोको पायलट प्रदीप कुमार ट्रेन लेकर रवाना हुए थे।सहरसा यार्ड निकलने के बाद पॉलिटेक्निक ढाला से पहले अचानक किसी ने ट्रेन पर पत्थर बाजी शुरू कर दी पत्थर बाजी के कारण इंजन का शीशा फूट गया और कुछ कांच के टुकड़े लोको पायलट प्रदीप कुमार को लगा जिससे वह घायल हो गया वही पत्थर बाजी की घटना की वजह से ट्रेन को रोक दी गई थी इसके बाद लोको पायलट को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई वहीं सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम भी मौके पहुंची।जबकि जंक्शन से दूसरा लोको पायलट भेज कर ट्रेन को रवाना किया गया। से ट्रेन घटनास्थल पर 60 मिनट रूकी रही। हालांकि पत्थर बाजी की घटना में खबर लिखे जाने तक किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं थी। वही पॉलिटेक्निक रेलवे फाटक केबिन के कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई उन्होंने बताया कि अंधेरे होने के कारण कोई देख नहीं पाया। वही सहरसा पूर्णिया कोर्ट पैसेंजर ट्रेन में तैनात जीआरपी एस्कॉर्ट टीम अचानक ट्रेन रुकते ही एस्कॉर्ट पार्टी उतरकर चालक के पास पहुंचे फिर घटना के बारे में जानकारी मिलते ही आसपास टॉर्च से अज्ञात बदमाशों की खोजबीन भी की गई लेकिन रात्रि होने के कारण कोई नहीं दिखा इसके बाद स्कॉट पार्टी ने घायल लोको पायलट को पास के ही एक निजी नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि लोको पायलट के सिर में चोट लगी थी।




घायल लोको पायलट।

# 13-14 मार्च को कोसी महोत्सव में विनोद राठौर, जय झा करेंगे परफॉर्म, दिखेगी लोक संस्कृति की झलक

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सहरसा स्टेडियम में 13 और 14 मार्च को आयोजित होने वाले कोसी महोत्सव 2024 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दो दिवसीय इस आयोजन में कोसी और मिथिला क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कला और पर्यटन की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा ने बताया कि यह आयोजन पर्यटन विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन सहरसा के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य कोसी क्षेत्र की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देना है, ताकि यहां की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिल सके। सहरसा नगर निगम के आयुक्त प्रभात कुमार झा ने जानकारी दी कि दो दिवसीय महोत्सव के लिए स्टेडियम में मंच, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महोत्सव का उद्घाटन 13 मार्च को बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद करेंगे। कार्यक्रम में सांसद दिनेश चंद्र यादव, राजेश वर्मा और मनोज झा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इनके अतिरिक्त, कई विधायक, विधान पार्षद और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। महोत्सव के पहले दिन मिथिला के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक कार्यक्रमों के माध्यम से मिथिला और कोसी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मंच मिलेगा। इस शाम को सारेगामा फेम गायक जय झा और पाश्र्व गायिका नीलेफर शबनम अपनी प्रस्तुति से खास बनाएंगे। वहीं, 14 मार्च को भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। दूसरे दिन मिथिला के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसके बाद बॉलीवुड के प्रसिद्ध पाश्र्व गायक विनोद राठौर अपनी टीम के साथ मंच पर प्रस्तुति देंगे। उनके लोकप्रिय गीतों को लेकर दर्शकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव के दौरान स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कला और क्षेत्रीय उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। आयोजकों का मानना है कि यह महोत्सव सहरसा सहित पूरे कोसी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**14 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी**









# समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने 84 योजनाओं का शिलान्यास एवं 129 योजना का किया उद्घाटन

## बिहार के विकास में केन्द्र का बताया भरपूर सहयोग, प्रधानमंत्री को मंच से किया नमन



सभा में मौजूद महिलाएं।



रिमोट के माध्यम से योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करते मुख्यमंत्री।




जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।



सुरक्षा के मद्देनजर बाइक से गस्त लगाते पुलिस।

लालबहादुर

**सुपौल।** समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री मंगलवार को सुपौल के निर्मली पहुंचे जहां उन्होंने 435 करोड़ की लागत से 84 योजना का शिलान्यास एवं 135 करोड़ की लागत से 129 योजना का उद्घाटन किया एवं विकासात्मक योजनाओं का समीक्षा भी किया गया ।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव मंच पर पूर्व से ही मौजूद थे वही मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं मंत्री विजय चौधरी मौजूद थे ।

वहीं जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को हमारी सरकार बनी थी उससे पहले जो सरकारें थी उसमें बुरा हाल था शाम के बाद लोग घर से नहीं निकलते थे । पढ़ाई इलाज का व्यवस्था नहीं था । अब डर का माहौल खत्म हुआ है । हमने कब्रिस्तान घेराबंदी, बड़ी संख्या में स्कूल कलेज अस्पताल खोले, स्कूलों में बीपीएससी के द्वारा शिक्षकों की बहाली, नियोजित शिक्षकों को परीक्षा पास करने के लिए पांच मौका दिया । आगे 45000 नए शिक्षकों की बहाली होगी । छह मेडिकल कॉलेज में बेड की संख्या बढ़ाई गई है । मुफ्त में बिजली देने का काम किया जा रहा है । सात निश्चय टू के तहत स्वच्छ शहर विकसित शहर सोलर लाइट आदि कार्य किया जा रहा है ।

### अगले पांच वर्षो में एक करोड़ नौकरी व रोजगार देने का किया वादा

उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षो में एक करोड़ नौकरी व रोजगार दी जाएगी । कहा बिहार के विकास में केंद्र का काफी सहयोग मिल रहा है इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नमन करता हूं । बिहार में मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट, खेलो इंडिया गेम हो रहा है यह गौरव की बात है । अब सात निश्चय थ्री के तहत जिले में औद्योगिक क्षेत्र का गठन, बंद चीनी मिल को चालू करने, डायरी - मछली पालन पर जोर, प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय एवं कॉलेज का निर्माण, निजी अस्पतालों की स्थापना पर अनुदान की सुविधा, सरकारी चिकित्सकों के प्रैक्टिस पर रोक लगाने एवं घरों के छत पर सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जाना है ।

वही मुख्यमंत्री में अपने संबोधन में त्रिवेणीगंज के विधायक सोनम रानी को रोनम कहने पर लोगों में एक बार फीर चर्चा तेज हो गई ।

ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि विकास का पैमाना यह है कि आज 40 मिनट में निर्मली निवासी जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं आगे लगातार विकास का कार्य हम लोग करते रहेंगे ।

मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हम सब के चहते हैं वरिष्ठ मंत्री विजेंद्र बाबू के नेतृत्व में सुपौल सहित निर्मली काफी विकसित हुआ है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने इच्छा से राज्यसभा जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि उनके बिना बिहार में विकास करना संभव नहीं है ।

वहीं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज सुपौल के लोग 3 घंटा में पटना पहुंच रहे हैं । मुख्यमंत्री एवं विजेंद्र बाबू के नेतृत्व में 22 घंटा बिजली दी जा रही है । उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार कहीं नहीं जा रहे हैं उनके नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा यह माननीय मंत्री विजेंद्र बाबू को मैं अस्वस्थ करना चाहता हूं ।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में महिलाओं का हुआ जुटान

बता दें कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं पंडाल और पंडाल के बाहर मौजूद थे । मुख्यमंत्री के हर एक वक्तव्य पर ताली की गड़गड़ाहट सुनाई दी रही थी । मुख्यमंत्री के द्वारा महिलाओं को 10000 देने और रोजगार को बढ़ाने के बाद 200000 देने की घोषणा पर महिलाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से मुख्यमंत्री का हौसला बढ़ाया ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार में महिलाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया । हमने स्वयं सहायता समूह फिर जीविका के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने का काम किया है ।

### सुरक्षा व्यवस्था के थे पुख्ता इंतजाम

बता दें कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे । निर्मली स्थित रिंग बांध या एन एस 27 सभी जगह पर गस्ती दल एवं पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान मौजूद थे । ताकि लोगों को किसी प्रकार की सुविधा न हो । कार्यक्रम स्थल पर बेरिकेटिंग कर भीड़ को नियंत्रित किया गया था । दंडाधिकारी एवं पुलिस बल कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले पदाधिकारी एवं आम जनों को गंतव्य तक भेजने में सहयोग प्रदान कर रहे थे ।

## खबरें : एक नजर में

### सीएम कार्यक्रम में जाने के लिए बस नहीं मिलने से नाराज जीविका दीदियों ने किया सड़क जाम

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)।** जिले के निर्मली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार से हुई। इस कार्यक्रम में त्रिवेणीगंज प्रखंड के पथरागोरधेय पंचायत की जीविका दीदियों को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलाया गया था।

जानकारी के अनुसार जीविका से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा सभी दीदियों को कार्यक्रम में ले जाने और वापस लाने के लिए बस की व्यवस्था करने की बात कही गई थी। इसके लिए सभी को सुबह 5 बजे भूरा चंपावती मंदिर के पास पहुंचने को कहा गया था।



सड़क जाम करते जीविका दीदी।

लेकिन निर्धारित समय पर बस नहीं पहुंचने से जीविका दीदियां आक्रोशित हो गईं। नाराज महिलाओं ने भूरा चंपावती मंदिर के पास सड़क जाम कर दिया। इस दौरान करीब 10 मिनट तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। हालांकि बस सेवा नहीं मिलने को लेकर जीविका दीदियों में काफी नाराजगी देखी गई।

जीविका से जुड़ी आशा कुमारी और पूजा कुमारी ने बताया कि उन्हें सुबह 5 बजे भूरा चंपावती मंदिर के पास बुलाया गया था और कहा गया था कि बस से उन्हें निर्मली में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ले जाया जाएगा। लेकिन काफी देर इंतजार करने के बावजूद कोई वाहन नहीं पहुंचा, जिससे सभी महिलाएं नाराज हो गईं।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, छह मार्च को हुई थी शादी

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)।** एनएच 327 ई मुख्यमार्ग में थाना क्षेत्र के श्रीपुर विशनपुर गांव के समीप मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की बीते छह मार्च को शादी हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार जदिया थाना क्षेत्र के पिलुवाहा पंचायत के वार्ड 2 निवासी दुखो यादव के 25 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार मंगलवार की शाम किसी काम करके त्रिवेणीगंज बाजार से वापस घर जा रहे थे। इसी क्रम के एनएच 327ई पर थाना क्षेत्र के श्रीपुर विशनपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार से आमने - सामने टक्कर हो गई। इस घटना में उमेश कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि टक्कर एक अन्य बाइक सवार भागने में सफल रहा। गंभीर रूप से जख्मी उमेश यादव कुमार को राहगीरों द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। लेकिन बाहर ले जाने के दौरान रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है।

### मुजफ्फरपुर में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** छोटी कल्याणी क्षेत्र में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी की नई शाखा का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजन कुमार ( विधायक, मुजफ्फरपुर) ने फीता काटकर स्टोर का शुभारंभ किया और इस पहल को स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। फ्रेंचाइजी ओनर मोहम्मद निसार ने कहा कि इस स्टोर के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण ब्रांडेड दवाइयाँ उचित कीमत पर उपलब्ध कराई जाएँगी, ताकि ग्राहकों को बेहतर और भरोसेमंद सेवा मिल सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम सुंदर भीमसेरिया (सी ओ सी अध्यक्ष), मोहम्मद सारीम, डा. वी. मोहन कुमार (एमबीबीएस, एमडी ), डा. गौरव वर्मा (मैक्सिलोफेशियल सर्जन), मोहम्मद आसिफ तथा मोहम्मद दिलशाद (वी़पी़, ए आई एम आर ए) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने ई-मेडिक्स की संगठित फार्मेसी व्यवस्था और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं की सराहना की। ई-मेडिक्स की ओर से वकार सिद्दीकी (जनरल मैनेजर) एवं अमनदीप भारद्वाज (ऑपरेशंस मैनेजर) उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीएम वकार सिद्दीकी ने कहा कि ई-मेडिक्स का लक्ष्य आने वाले एक वर्ष में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में 100 नए स्टोर खोलने का है। उन्होंने बताया कि ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का मुख्य उद्देश्य लोगों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध कराना और एक भरोसेमंद फार्मेसी नेटवर्क तैयार करना है। स्टोर में ग्राहकों को ब्रांडेड दवाइयाँ, आकर्षक छूट, होम डिलीवरी और व्यवस्थित बिलिंग जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुपौल की बेटी अंशु कुमारी को मिला सम्मान

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के निर्मली पंचायत स्थित वार्ड नंबर 1 निवासी पवन साह की बेटी अंशु कुमारी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को पटना में सम्मानित किया गया। अंशु ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अंशु चीन के ताइपे में आयोजित रग्बी चैंपियनशिप में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीत कर लाई। वहीं राजगीर में आयोजित प्रतियोगिता में ब्रन्ज मेडल हासिल किया। वर्तमान में अभी भारतीय रग्बी टीम की कप्तान हैं। महिला दिवस के शुभ अवसर पर पटना के 24 एम स्ट्रैंड रोड राजवंशी नगर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, सासाराम विधायक स्नेहलता कुशवाहा और महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष स्मृति कुमुद ने अंशु कुमारी को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। अंशु कुमारी जैसी बेटियां न केवल बिहार बल्कि पूरे देश को अपनी कामयाबी का मिसाल कायम कर रही हैं।



उपेन्द्र कुशवाहा द्वारा सम्मान पाते अंशु।

# किशनपुर थाना अंतर्गत सिसौनी गांव स्थित प्लांट में कार्य कर रहे मजदूर की दीवार का पिलर गिरने से घटनास्थल पर ही मौत

**किशनपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** थाना अंतर्गत सिसौनी गांव स्थित एक प्लांट में कार्य कर रहे एक 45 वर्षीय मजदूर मो इदरीश की दीवार का पिलर गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गया । यह घटना मंगलवार के करीब 2 बजे की है । जहां सिसौनी गांव स्थित एन एच 327 ए की पूर्वी भाग के प्लांट में करीब 6 माह से सिसौनी गांव वार्ड नंबर 8 के निवासी मो इदरीश साफी द्वारा करीब छः माह से मजदूरी का कार्य कर रहा था।

मंगलवार की दोपहर में जेसीबी के माध्यम से मकान का दिवाल तोड़ रहा था। इसी दौरान आगे भाग वाला ऊपरी पिलर उनके शरीर पर गिर गया । आनन फानन में अन्य मजदूरों द्वारा पीलर को हटाया गया। तब तक मो इदरीश दम तोड़ चुका था । जेसीबी चालक जेसीबी छोड़कर भाग गया ।

आक्रोशित ग्रामीणों ने एन एच 327 ए को करीब आधा घंटा तक जाम कर कार्यवाही की मांग करने लगा । इसकी सूचना प्रशासन को मिलते ही थाना अध्यक्ष किशनपुर ज्ञान रंजन कुमार के द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर समझा बूझकर जाम को समाप्त करवाया गया। कुछ लोगों के प्रयास से दोनों पक्षों में समझौता करवाया गया।

उसके बाद परिजन द्वारा पोस्टमार्टम करने से इनकार कर गया । बताया गया कि मृतक के पिता भी 8 साल पूर्व इसी प्लांट के अंदर हल चला रहा था । जहां आकाशीय बिजली गिरने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई थी ।

मृतक को तीन पुत्र एवं दो पुत्री है । अब इसके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है । सभी बच्चे अनाथ हो चुके है।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि परिजन द्वारा पोस्टमार्टम करने से इंकार कर रहा है । परिजन से लिखित में लिया जाएगा तथा शव परिजन को सौंप दिया जाएगा ।



घटना स्थल पर पहुंचे परिजन।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के खिलाफ सीपीआईएमएल और ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**खगड़िया।** सीपीआईएमएल एवं ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं अधिवक्ताओं ने अमेरिका एवं इजरायल द्वारा ईरान पर हमले के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला। प्रतिवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माले के जिला सचिव अरुण कुमार दास ने कहा कि अमेरिका विश्व शांति का दुश्मन है। इसके खिलाफ दुनिया के लोगों को एक होना चाहिए। अधिवक्ता प्राणेश कुमार ने कहां कि अमेरिका परमाणु बम खोजने के नाम पर पहले इराक अब ईरान पर युद्ध थोप कर विश्व शांति को खतरा पहुंच रहा है। कुमार ने कहा कि अमेरिका मिडल ईस्ट के देशों पर भय का वातावरण बनाकर वहां के तेल पर कब्जा करना चाहता है और यही कारण है कि गत दिनों वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो का अमेरिका ने अपहरण कर लिया है। कुमार ने अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर हमला तथा उसके सुप्रीम लीडर खुमैनी की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि विश्व की मेहनतकश आवाम अमेरिका की दादागिरी नहीं चलने देगी। कुमार ने तुरंत युद्ध बंद करने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माले जिला कमेटी सदस्य चंद्र किशोर वर्मा ने कहा कि विश्व शांति के सवाल पर दुनिया के कम्युनिस्ट एक हैं। युद्ध मानवता का दुश्मन है। इस पर अवसर पर ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन की नेता सुमन कुमारी, अधिवक्ता ललित कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता तूफानी यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में अमेरिका मुर्दाबाद, इराक पर हमले बंद करो, अमेरिका तुम्हारी दादागिरी नहीं चलेगी आदि नारे कार्यकर्ता लगा रहे थे।

### गोगरी के बड़ी पैकांत में दो दिवसीय विराट ज्ञान यज्ञ की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी

**खगड़िया।** जिले के गोगरी प्रखंड स्थित सर्किल नंबर एक के बड़ी पैकांत में आयोजित होने वाले दो दिवसीय विश्व स्तरीय संतमत सत्संग के विराट ज्ञान यज्ञ को लेकर स्थानीय स्तर पर उत्साह का माहौल है और तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। महर्षि मेंही सत्संग आश्रम में आयोजित होने वाले इस भव्य आध्यात्मिक समागम में पूज्य स्वामी व्यासानंद जी महाराज के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रबुद्ध साधु-महात्मा अपने अमृतमयी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा, सचिव देवव्रत झा, और कोषाध्यक्ष संजय शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है। यज्ञ की सफलता के लिए ग्रामीणों और आयोजकों द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम परिसर में रात्रि विश्राम और उत्तम भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और आगंतुकों की सहायता के लिए सैकड़ों स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है। उपाध्यक्ष दहोलाल शर्मा, उपसचिव जयप्रकाश शर्मा, उप कोषाध्यक्ष चमालाल शर्मा, मंत्री चंद्रदेव शर्मा, वार्ड पंच अनिल शर्मा, वार्ड सदस्य रोशन शर्मा, वार्ड सचिव विवेक शर्मा, पैक्स अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, सरपंच शंकर दास, पंचायत समिति सदस्य चंद्रप्रभा देवी, अशोक शर्मा, पिंकू शर्मा और अन्य लोगों की देखरेख में पंडाल और बुनियादी सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसमें बड़ी संख्या में जनभागीदारी की उम्मीद जताई जा रही है।

### शराब सेवन कर खुलेआम घूमते चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तरारी।** शराब का सेवन कर खुलेआम घूमने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला रखा है। तरारी थाने की पुलिस ने दो जगहों से चार पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया है। जेठवार बाजार से वैशाडीह गांव के निवासी चितरंजन पासवान को शराब के नशे में घूमते हुए पकड़ा। वहीं पनपुरा पुल के पास से दीपक सिंह, चंदन कुमार और उमेश राम को शराब सेवन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। चारों गिरफ्तार पियक्कड़ों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। शराब का बिक्री और इसका सेवन करने वालों के खिलाफ तरारी पुलिस इन दिनों काफी सख्त हो गई है।

### कृषि समन्वयक के निधन पर शोक सभा आयोजित

**उदवंतनगर।** कृषि समन्वयक बिजेंद्र कमार सिंह के आकस्मिक निधन पर प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी कपूर्री ठाकुर के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ठाकुर ने कहा कि मृत्यु शाश्वत सत्य है। हर प्राणी को इस लोक को छोड़कर जाना पड़ता है लेकिन असामयिक निधन बहुत दुखद होता है। उन्होंने कहा कि विजेन्द्र जी योग्य, कर्मठ और ईमानदार कर्मी थे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, उपप्रमुख अर्जुन सिंह, पूर्व मुखिया राम वचन सिंह, जेई अजित कुमार, राजेश कुमार, राम कुमार विनय, बीसी अमजद, सुरेन्द्र सिंह, मन्तोष कुमार, अनिल कुमार, विनोद कुमार, राजू कुमार, सुनील कुमार, विनय कुमार, सुरेन्द्र कुमार, लालू कुमार आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा आज

## परीक्षा केन्द्रों के 500 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**खगड़िया (एनएसबी)।** राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2025-26 के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर अनुमंडल दण्डाधिकारी, धनंजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गई है।

यह परीक्षा 11 मार्च को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली पूर्वा 10.30 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 01 बजे से 02.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले में कुल पांच परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा होगी। परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर परीक्षा केन्द्रों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।



अनुमंडल दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 11 मार्च को पूर्वा 09.00 बजे से अपरा 03.00 बजे तक निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों के 500 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। यूएचएस, चन्द्रनगर, खगड़िया, एसएन हाई स्कूल, सोनवर्षा रहीमपुर, खगड़िया, यूएचएस, बछौता, खगड़िया, इंटर स्कूल, मेहसौदी, खगड़िया और बापू मिडिल स्कूल, बलुआही, खगड़िया में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जारी आदेश के तहत निषिद्ध क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का एकत्रित होना, अनावश्यक आवागमन, हथियार या विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना तथा परीक्षा से संबंधित सामग्री लेकर घूमना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थियों एवं परीक्षा से संबंधित व्यक्तियों को मोबाइल फोन, सेल्युलर फोन एवं अन्य इलेक्ट्रनिक उपकरणों के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केन्द्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा, जिससे कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। परीक्षा से संबंधित कदाचार में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास स्थित सभी फोटोस्टेट की दुकानें 11 मार्च को सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक बंद रहेंगी। यह आदेश परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्य में संलग्न पदाधिकारियों, कर्मियों, शिक्षकों एवं सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगा। जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि परीक्षा के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जारी निषेधाज्ञा का पालन करें तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## पांच बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**बेलदौर (एनएसबी)।** दो चचेरी बहनें एवं पांच बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। इन मामलों में लड़की के परिजनों ने बेलदौर थाने में आवेदन दिये हैं।

मालूम हो कि लड़की के परिजनों के यहां श्राद्ध कार्यक्रम था। इसमें नाच का आयोजन था। इसी भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर दोनों चचेरी बहनें प्रेमी के साथ फरार हो गईं। एक अन्य मामले में गांव से पांच बच्चों की मां शादी की नीयत से फरार हो गई। दोनों मामलों में वहीं परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी जब पता नहीं चला तो थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी गयी है।

थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि परजनों के आवेदन मिले हैं। उन्होंने बताया कि मामलों की छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी : पुरुषोत्तम

**महेशखूंट (एनएसबी)।** मनुष्य के स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूर अपनना चाहिए। आस पास के क्षेत्रों को साफ रखना चाहिए। स्वच्छ मन, स्वच्छ तन तथा स्वच्छ विचार रखने से स्वच्छ शिक्षा की प्राप्ति होती है। यह बातें बन्नी पंचायत के मिडिल स्कूल बाबूबगीचा में आईटीसी के स्वच्छता जिला समन्वयक पुरुषोत्तम कुमार ने मंगलवार को स्कूली बच्चों से कहीं।

उन्होंने कहा कि शौच के बाद तथा भोजन करने के पहले हाथ को अच्छी तरह साबुन से साफ जरूर करें। क्योंकि गंदे हाथ से भोजन करने से बीमारी होने का खतरा होता है। यह शरीर के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। समसपुर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक गणेश कुमार ने कहा गंदगी से कई तरह की बीमारी होता है। पर्यावरण भी दूषित होता है। स्वस्थ रहने के

### स्कूली बच्चों को सिखाया गया स्वच्छता का महत्व



बच्चों को संबोधित करते समन्वयक।

लिए आस पास के महौल को स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है। पर्यवेक्षक ने बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए स्वच्छ रहने के गुर सिखाये। बन्नी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक दुलारचंद कुमार ने कहा कि स्वच्छ जगहों पर भगवान का वास होता है। गंदगी सभी बीमारी की जड़ है। सूखा कचड़ा, नीला तथा गीला कचड़ा हरा डस्टबिन में डालने के लिए लोगों को प्रेरित करें। मौके पर प्रधानाध्यापक राजा कुमार, रविंद्र कुमार शर्मा, विमल कुमार, काशिफ, कल्याणी देवी आदि मौजूद थे।

# सीओ व आरओ की हड़ताल से काम ठप

**चौथम (एनएसबी)।** अंचल के राजस्व कर्मचारी जहां 11 मार्च से हड़ताल पर डटे हुए हैं, वहीं अब अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी के भी हड़ताल पर चले जाने से अंचल का कामकाज विगत दो दिनों से ठप है।

विदित हो कि विभिन्न मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारी विगत एक माह से हड़ताल पर हैं, वही सीओ एवं आरो भी 9 मार्च से हड़ताल पर चले गए हैं। राजस्व कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाने से पंचायत सचिव को प्रभार देकर अंचल से संबंधित आम लोगों के जरूरी काम निपटाए जा रहे थे। नयी परिस्थिति में कामकाज पूर्ण रूप से बाधित है। इससे जाति, आय, आवासीय, वंशावली आदि बनवाने को लेकर आम लोग परेशान हैं। मोटेशन और परिमार्जन पर भी इसका असर दिख रहा है। अधिकारी एवं कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से बाकी बचे कर्मियों को भी अंचल कार्यालय में लोगों को जवाब देना पड़ता है। हालांकि अंचल कार्यालय में पूछे जाने पर बताया गया कि अंचल का प्रभार तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी को देने की कवायद चल रही है, जबकि राजस्व अधिकारी का प्रभार पंचायती राज पदाधिकारी को दिया जा सकता है। इससे अंचल कार्यालय से जाति, आय, आवासीय आदि से संबंधित आम लोगों के कामकाज हो पाएंगे।

## किशोर को मारपीट कर 10 हजार रुपए छीने

**बेलदौर (एनएसबी)।** कंजरी पंचायत के गवास बिन टोली निवासी दुलारचंद शर्मा के 16 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार से मारपीट कर असमाजकि तत्वों ने रुपए छीन लिए। इस संबंध में बेलदौर थाने में पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के मुताबिक सुधीर कुमार मोटरसाइकिल से अपनी फुआ की पुत्री के फलदान कार्यक्रम में शामिल होने भोला दास वासा जा रहा था। फलदान के लिए किशोर करीब दस हजार रुपए लेकर जा रहे थे। इसी दौरान भोला दास वासा निवासी सुलीत शर्मा और पिंटू शर्मा ने गाड़ी रोक कर मारपीट कर उससे दस हजार रुपये छीन लिए। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित किशोर के पिता ने बेलदौर थाना में इससे संबंधित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारों को उपस्थित करनेवाले सम्मानित

**खगड़िया (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया द्वारा 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में किया जायेगा।

### 14 मार्च को सिविल कोर्ट खगड़िया और अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में आयोजित होंगे लोक अदालत

जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया राजेश कुमार बच्चन के निर्देश पर सभी विभागों के पदाधिकारी, बैंक के शाखा प्रबंधक, न्यायिक पदाधिकारी और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रहीं है। इसी क्रम में 10 मार्च को प्राधिकार के सचिव की अध्यक्षता में जिले के सभी थाना अध्यक्षों की बैठक की गई। सभी थाना अध्यक्षों से पक्षकारों को भेजे गए नोटिस का तमिला कराए जाने संबंधी जानकारी ली गई तथा सभी को निर्देशित किया गया कि जितने भी पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नोटिस निर्गत किया गया है यथाशीघ्र उनको नोटिस प्राप्त कराये तथा अपने स्तर से भी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जा सके।



राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर आयोजित बैठक और (इनसेट) थानाध्यक्ष को सम्मानित करते प्राधिकार के सचिव।

साथ ही 13 दिसंबर, 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में खगड़िया जिला अंतर्गत सभी थाना अध्यक्षों को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारों को उपस्थित कराने में किए गए सहयोग हेतु प्राधिकार के सचिव द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# जिले के विकास के लिए सभी मिलकर करें काम

**खगड़िया (एनएसबी)।** जदयू की जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी से नगर परिषद खगड़िया की सभापति अर्चना कुमारी ने उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर नगर सभापति अर्चना कुमारी ने उन्हें बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात को जिले के सामाजिक एवं राजनीतिक परिवेश में सकारात्मक संवाद के रूप में देखा जा रहा है।

मुलाकात के दौरान दोनों के बीच जिले के विकास, सामाजिक समरसता, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों और नेताओं के बीच सकारात्मक संवाद और सहयोग की भावना से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव होता है। नगर सभापति ने अनुराधा कुमारी



जदयू जिलाध्यक्ष को सम्मानित करती नगर सभापति।

को नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिले के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पद पर रहते हुए संगठन और समाज दोनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना आवश्यक होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि अनुराधा कुमारी अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को

### जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी को नगर परिषद की सभापति ने किया सम्मानित

नई दिशा देंगी और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद को मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जिम्मेदार लोगों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। यदि सभी मिलकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो जिले में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा आम जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। नगर सभापति ने यह भी कहा कि नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में लगातार सड़क, नाला, जलनिकासी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनका प्रयास है कि नगर क्षेत्र के साथ-साथ जिले के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए सभी स्तरों पर समन्वय बनाकर काम किया जाए। वहीं अनुराधा कुमारी ने नगर सभापति अर्चना कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणादायक है। पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना, कार्यकर्ताओं के बीच एकता बनाए रखना तथा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। यह भी कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद और सहयोग की भावना से कार्य करना आवश्यक है, ताकि जिले में विकास और सामाजिक समरसता का वातावरण बना रहे। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने जिले के सामाजिक, राजनीतिक और विकासात्मक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया।

## शस्त्रों का किया जा रहा भौतिक सत्यापन

**पसराहा (एनएसबी)।** अनुज्ञप्ति धारियों के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी को लेकर थाना परिसर में शस्त्रों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। इस दौरान प्रतिनियुक्त शस्त्र निरीक्षक पदाधिकारी शस्त्र पंजी से मिलान कर सभी हथियारों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। सत्यापन के प्रारंभिक चरण में मंगलवार तक क्षेत्र के अनेक अनुज्ञप्ति धारियों ने थाने में इस प्रक्रिया को पूरा किया। इनमें पीतांबर प्रसाद सुमन, राकेश कुमार, सियाराम सिंह, कुमार कृष्णानंद, छविनाथ कुमार, मदन शर्मा, प्रभु दयाल सहनी, बंसीलाल सहनी और अजीत कुमार शामिल हैं। प्रशासन ने शेष सभी शस्त्र धारकों से भी अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में असुविधा ना हो ।

## पुण्यतिथि पर बापू म. विद्यालय के बच्चों को खिलाया भोज

**खगड़िया (एनएसबी)।** पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने अपने पिताजी छोटेलाल यादव की 11वीं पुण्यतिथि पर बापू मध्य विद्यालय के बच्चों को तिथि भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी, पुलाव-तड़का आदि खिलाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह त्यागी, ई. धर्मेंद्र कुमार, संजीव प्रकाश उर्फ पप्पू सिंह, शिक्षाविद प्रभाकर झा, पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद जिला मीडिया प्रभारी रणवीर कुमार, गांधी पार्क के अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद सिंह, युवा जिलाध्यक्ष उदय यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, बुद्धजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, खगड़िया प्रखंड अध्यक्ष सुनील चौरसिया, नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, वार्ड पार्षद पप्पू यादव, बबलू कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र गुप्ता, समाजसेवी मंटू यादव, शंकर सिंह, राजकुमार यादव, कुंजबिहारी पासवान आदि ने कर्मवीर छोटेलाल यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव अपने पिताजी और पूर्व नगर सभापति सीता कुमारी ने अपने ससुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पुण्यतिथि पर राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने आसपास के वृद्धजन को सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, नागेन्द्र सिंह त्यागी, ई. धर्मेंद्र कुमार ने कुर्ता, धोती और जूते का वितरण करवाया। बापू मध्य विद्यालय में पुण्यतिथि पर उपस्थित सदर विधायक बबलू मंडल, नागेन्द्र सिंह त्यागी, संजीव प्रकाश, राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव आदि ने फलदार वृक्ष लगाये। सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी, ई. धर्मेंद्र कुमार, संजीव



बच्चों को खाना परोसते मनोहर यादव।

प्रकाश ने कहा कि स्वः छोटेलाल यादव का समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। वे श्यामलाल ट्रस्ट के ट्रस्टी रहते ट्रस्ट के असमाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाकर खगड़िया के बच्चों के लिए केन्द्रीय विद्यालय, दो डीएवी स्कूल सीनियर विंग राजेंद्र नगर में एवं जूनियर विंग जे एन के टी विद्यालय के पास और श्यामलाल नर्सिंग स्कूल और मेडिकल कॉलेज को भूमि उपलब्ध करवाकर निर्माण करवाया। तिथि भोज के आयोजन के लिए बापू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रमणि मिश्रा और विद्यालय शिक्षा समिति द्वारा राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव से अनुरोध किया था कि विभाग के निर्देश प्राप्त हुआ है कि बच्चों को पोषणयुक्त भोजन कराया जाय। सौ दिन में कम से कम एक बार अपने आसपास के प्रतिष्ठित लोगों से किसी विशेष तिथि जैसे किसी महापुरुष के जयंती, अपने बच्चों के जन्मदिन ,शादी के वर्षगांठ आदि महत्वपूर्ण तिथि पर तिथि भोज का आयोजन कर स्कूल के बच्चों को भोजन कराया जाय। बापू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रमणि मिश्रा ने कहा कि मेरे अनुरोध को पूर्व नगर सभापति मनोहर कुमार यादव ने तिथि भोज का स्वीकृति दिये जाने के बाद शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारियों को सूचित कर उनसे आदेश प्राप्त कर तिथि भोज का आयोजन कराया। जो व्यक्ति तिथि भोज का आयोजन विद्यालय में बच्चों के लिए करते हैं उन्हें विद्यालय शिक्षा समिति द्वारा वार्षिक बैठक में सम्मानित भी किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का दोहराया संकल्प

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के चन्द्रनगर रांको के अनुराधा कुटीर स्थित जदयू कार्यालय के कर्पूरी सभागार में 13 मार्च को खगड़िया आगमन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' की तैयारी को लेकर एनडीए घटक दलों के जिला अध्यक्षों एवं प्रमुख पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने की।

बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत, लोजपा (रामविलास) के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार उर्फ नाटा सिंह तथा रालोमो के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को खगड़िया में



जिले के जदयू कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद एनडीए के नेता।

ऐतिहासिक और जनभागीदारी से परिपूर्ण सुखद यात्रा बनाने का संकल्प दोहराया। नेताओं ने बताया कि समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा करीब 328 करोड़ रुपये की लागत से 301 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही संसारपुर मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को भी मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। इसके लिए एनडीए के सभी स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनसभा में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जनसंपर्क अभियान शुरू कर चुके हैं।

### समृद्धि यात्रा की तैयारी को लेकर एनडीए के घटक दलों की हुई बैठक

नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर संसारपुर मैदान एवं ढाला से नगर सुरक्षा तटबंध बायपास रोड, स्टेशन रोड और कचहरी रोड तक पूरे शहर को झंडा, बैनर-पोस्टर और तोरणद्वार से तरह सजाया जाएगा।

बैठक में जदयू प्रदेश सचिव सुमित सिंह महतों, राजनीतिक सलाहकार नीलम वर्मा, सुबोध यादव, जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, भाजपा मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी मनीष कुमार राय, युवा जदयू जिला अध्यक्ष सावन कुमार बंटी, मदन मोहन मेहता, महासचिव राजीव रंजन, फिरदोस आलम, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष चन्देश्वरी राम, राजेश सिंह मुखिया, पंकज कुमार गुप्ता, राजवर्धन कुशवाहा, हर्षवर्धन कुशवाहा, पार्वती देवी, प्रवीण कुमार, भविष्य सिंह, राम उदय सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतेन्द्र यादव, सुनील चौधरी, राजेश सिंह, भाजपा महामंत्री नन्दू साह, अक्षय सूरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील साह, लोजपा के छोटू पोद्दार, जफर आलम मुन्ना, रालोमो प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह कुशवाहा छात्र जिला अध्यक्ष सुगम कुमार, जिला सचिव रितिक रोशन सहित कई एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को जनसमर्थन, संगठनात्मक तैयारी और भव्य स्वागत के साथ खगड़िया में ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

# ग्लोबल वार्मिंग और विश्व युद्ध के खतरों पर जताई चिंता

## इटौन, मननपुर में सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर पर्यावरण भारती ने किया पीपल का पौधारोपण

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के चानन प्रखंड अंतर्गत इटौन, मननपुर में मंगलवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर पर्यावरण भारती द्वारा देव वृक्ष पीपल का पौधारोपण किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण प्रहरी शक्ति कुमार महतों ने किया।

इस अवसर पर पर्यावरण भारती के संस्थापक राम बिलास शाण्डिल्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज पर्यावरण पूरी तरह असंतुलित हो गया है।

उन्होंने वैश्विक स्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ईरान-अमेरिका महायुद्ध से पर्यावरण संकट अब स्पष्ट दिखाई देने लगा है। इससे पहले रूस-यूक्रेन महायुद्ध, इजराइल-हमास युद्ध और पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। श्री शाण्डिल्य ने आगाह किया कि वर्तमान समय में संसार तृतीय विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है, जिससे न केवल मानवता बल्कि पर्यावरण को भी भारी नुकसान हुआ है।



लखीसराय जिले के चानन प्रखंड अंतर्गत इटौन, मननपुर में मंगलवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर पर्यावरण भारती द्वारा देव वृक्ष पीपल का पौधारोपण किया गया।

**पर्यावरण संरक्षण हेतु संसार के प्रत्येक मानव को अपने घर के आसपास कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाने चाहिए, क्योंकि विज्ञान के पास इसके अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है**

उन्होंने भारत के संदर्भ में कहा कि इसका प्रभाव हमारे देश के पर्यावरण पर भी पड़ा है। भारत में पहले 6 ऋतुएं स्पष्ट दिखाई देती थीं, परन्तु अब केवल गर्मी, वर्षा और ठंडीइन तीन ऋतुओं का ही आभास हो रहा है। पर्यावरणविदों के अनुसार, मानसून के समय अब वर्षा नहीं होती, बल्कि गर्मी और लू की घटनाएं बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण ही भारत के भौगोलिक पैटर्न में भी बदलाव आया है।

उन्होंने कनाडा में हिमस्खलन और इंडोनेशिया में भीषण बारिश के कारण कूड़े के पहाड़ ढहने से हुई मौतों का उदाहरण देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु संसार के प्रत्येक मानव को अपने घर के आसपास कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाने चाहिए, क्योंकि विज्ञान के पास इसके अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

कार्यक्रम के दौरान सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए बताया गया कि उनका देहावसान 10 मार्च 1897 को पुणे में हुआ था। वे एक महान समाज सुधारक, कवयित्री और नारी शिक्षा की प्रबल समर्थक थीं। उन्होंने 1848 में अपने पति ज्योति राव फुले के सहयोग से पुणे में महिलाओं के लिए पहला विद्यालय खोला था। 3 जनवरी 1831 को जन्मी सावित्रीबाई ने पुणे में प्लेग के मरीजों की सेवा करते हुए अपनी जान गवाई थी। उनकी पुण्य स्मृति में पीपल जैसे देव वृक्ष का रोपण एक स्मरणीय कार्य है।

इस पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से शक्ति कुमार महतों, रणजीत कुमार महतों, निकेश कुमार, राम बिलास शाण्डिल्य, विनोद कुमार पटेल, उदय कुमार और शिक्षक अरविंद कुमार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## इरिमी में कार्यरत महिला कर्मचारी के सम्मान समाधान करने का महिला दिवस पर लिया गया संकल्प


इरिमी में महिला कर्मचारी के साथ खड़े अधिकारी।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर इरिमी संस्थान में कार्य करने वाली महिला के सम्मान एवं ड्यूटी के दौरान होने वाले परेशानों को दूर करने को लेकर महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में महिला कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इरिमी के डीन प्रेम प्रकाश ने बताया कि महिला ट्रेनिंग एवं कर्मचारी को महिला दिवस की शुभकामना देते ड्यूटी के दौरान सम्मान समाधान एवं सुरक्षा देने की बात कही। उन्होंने यही कहा कि इरिमी संस्थान आज भारतीय रेल में नाम कमा रहा है तो उसमें महिला महिला कर्मचारियों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे कर्मवीर महिला रेल कर्मियों के विकास को लेकर इरिमी संस्थान हमेशा अग्रणी भूमिका मैं होगी। मौके पर प्रोफेसर सुसरन तिरु, प्रसेनजीत कुमार ,शिशिर चंद्र शेखर,संयुक्ता कुमारी, लेडी स्टाफ सुधा चौरसिया, अंजिलिका कुमारी, रानी कुमारी, बिंती कुमारी, ट्रेनी राधिका कोठारी, सोनाली चौरसिया कई शामिल थी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए निकाली जागरूकता रैली

### जिला जज सहित न्यायिक पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आगामी 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर मंगलवार को एडीआर भवन में जिला जज आलोक गुप्ता सहित न्यायिक पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखा प्रचार-प्रसार जागरूकता रथ को रवाना किया।

इस अवसर पर जिला जज आलोक गुप्ता ने बताया कि सात हजार पांच सौ ऐसे मामले चिन्हित किया गया है जो कोर्ट में नहीं आयी है जिसे दो पक्षों की आपसी सहमति से सुलह किया जाएगा । वहीं, यह कहा कि अतिरिक्त11 हजार मामले को भी दो पक्षों की आपसी सहमति से निपटारा जाएगा । इसके लिए पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर दिया गया है ।


जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते जिला जज।

वहीं एडीजे प्रथम अमित कुमार उपाध्याय ,एडीजे सेकंड प्रावाल दत्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से आम लोगों से अपील किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक लोग आए और अपने-अपने मामलों को निपटाए । अगर किसी प्रकार की परेशानी हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आए उनकी समस्या का समाधान होगा। साल का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए सीजीएम अदिति गुप्ता ने कहा कि तैयारी पूरी कर ली गई है । अधिक से अधिक मामले निपटाए जाएंगे । इस अवसर पर एसीजेएम प्रथम कुमार पंकज एसीजीएम द्वितीय आकांक्षा, जेएम प्रथम शक्तिमान भारती, निष्ठा, अनामिका सहित विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष शशि शेखर सिंह महासचिव रानी कुमारी पारा विधिक स्वंय सेवक, पैनल लायर मौजूद थे।

## लखीसराय में मद्यनिषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई, शराब के साथ धंधेबाज और पियक्कड़ गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाकर शराब के धंधे में संलिप्त कारोबारियों और शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है।

9 मार्च 2026 को चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने किउल रेलवे स्टेशन, संतर मोहल्ला, बड़ी कवैया, घोसैत पोखर, पीरीबाजार और बड़हिया क्षेत्रों में दबिश दी।

छापेमारी के दौरान किउल रेलवे स्टेशन से पटना जिले के मोकामा निवासी रिंकू सिंह को 07.500 लीटर बीयर और 03. 000 लीटर विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया।


गिरफ्तार धंधेबाज पुरुष व पीने वाले ।


गिरफ्तार धंधेबाज महिला पुरुष व पीने वाले ।

वहीं संतर मोहल्ला से वीरेंद्र पासवान को 01.500 लीटर, बड़ी कवैया से श्रवण चौधरी को 02.400 लीटर, घोसैठ पोखर से रेखा देवी को 02.000 लीटर और कुसुम देवी को 03, 000 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

शराब पीने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई में संतर मोहल्ला से विजय चौधरी उर्फ कारू चौधरी और जीतो कुमार को दूसरी बार शराब पीने के आरोप में पकड़ा गया।

पीरीबाजार से उदय कुमार और कारे कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त बड़हिया थाना क्षेत्र से साहेबगंज निवासी बबलू सोरेन व ताला टुडू तथा पटना निवासी मुकुल कुमार और लालू कुमार को शराब पीने के जुर्म में हिरासत में लिया गया है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## महिला रेलकर्मी के आत्मसम्मान के लिए यूनियन है तत्पर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)** । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मेंस यूनियन ओपन लाइन शाखा के सहायक सचिन नीतू देवी के नेतृत्व में महिला रेल कर्मियों यूनियन का बैच लगाकर उनके आत्म सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिए। यूनियन नेता नीतू देवी ने बताई की महिला दिवस यह हम लोगों को याद दिलाता है कि पुरुष प्रधान देश में हम महिला किसी से काम नहीं है। आज रेल हो या खेल हो या फिर कोई भी


महिला दिवस मानते यूनियन नेता।

विभाग क्यों ना हो हर क्षेत्र में महिला अपने प्रतिभा का परिचय देकर घर परिवार समाज का नाम रोशन कर रही है। आज महिला अपने परिवार का भरण पोषण करने को लेकर घर से बाहर निकाल कर हर क्षेत्र में काम कर रही है। महिलाओं के सम्मान एवं उनके अधिकार के लिए रेल में जो भी योजना काम होता है उसके लिए मेंस यूनियन ओपन लाइन शाखा हमेशा संघर्ष करने का वादा करती है। मौके पर कुमकुम देवी,अंकिता देवी,संगीता देवी, ज्योति कुमारी,पूनम देवी,आरती देवी,मधुलता देवी, सोनी कुमारी, सहित अन्य मौजूद थी।

## रेल महाप्रबंधक का घेराव करने मेंस यूनियन के नेता कोलकाता रवाना

### रेल एवं रेल कर्मी के जायज मांगों को लेकर यूनियन का संघर्ष जारी रहेगा

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल बचाओ अभियान यात्रा को सफल बनाने को लेकर मेंस यूनियन ओपन लाइन एवं कारखाना शाखा के पदाधिकारी सदस्य रेल महाप्रबंधक का घेराव करने कोलकाता के लिए रवाना हुए।

कोलकाता रवाना होने से पूर्व केंद्रीय नेता अनिल प्रसाद यादव एवं ओपन शाखा सचिव केडी यादव ने बताया कि केंद्र सरकार लगातार रेल कर्मियों की जायज मांगों को अनदेखी करते हुए रेलवे को पूंजीपतियों के हाथ में बेचना चाह रही है जिसे मेंस यूनियन सफल नहीं होने देगी। मेंस यूनियन का सदैव रेल हित एवं कर्मचारी हित की बात करती है। इन्हीं सभी मांगों को लेकर महा प्रबंधक का घेराव केंद्रीय नेतृत्व के बैनर तले होने जा रहा है।



कोलकाता रवाना होते यूनियन नेता।

उन्होंने यह भी कहा कि जब तक नई लेबर कोड को जल्द से जल्द समाप्त करना, 18 महीने के महंगाई भत्ते के बकाए का भुगतान जल्द से जल्द किया जाना , आठवी वेतन आयोग को जल्द से जल्द लागू करना, रेलवे में निजीकरण को बंद किया जाए,सभी खाली पड़े पदों को यथाशीघ्र भरकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिया जाए, नए कामों के लिए नए पदों का सृजन करना जैसे कई मांगों पर सरकार एवं प्रशासन गंभीर नहीं होती है तब तक रेल एवं मजदूरों के जायज मांगों को लेकर यूनियन का संघर्ष जारी रहेगा।

मौके पर वीरेंद्र यादव, शिवदयाल मंडल,रंजन कुमार सिंह, नीतू देवी, कुमकुम देवी, प्रमिला देवी, सुमन, अजय ठाकुर, सुजीत कुमार, संजय कुमार, सुधांशु, अजय ठाकुर,राजेश कुमार, मधु कुमारी ,धर्मेंद्र यादव , देव शंकर सिंह,अजय कुमार,रंजीत कुमार, सुनील कुमार, गोपाल जी, इत्यादि उपस्थित थे।

## खबरें : एक नजर में

### वार्ड सभा का हुआ आयोजन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 के पार्षद साईं शंकर के अध्यक्षता में जन समस्याओं के निदान को लेकर वार्ड सभा का आयोजन हुआ। वार्ड सभा जनता ने अपनी समस्या को क्रमबद्ध तरीके से रखा और उसके निदान को लेकर वार्ड पार्षद से सूचीबद्ध किया। पार्षद ने भी जनता की समस्या के निदान को लेकर हर संभव सहयोग करने का वादा किया। सभा में बालेश्वर प्रसाद, प्रीतम कुमार, मनीष कुमार, अवधेश कुमार साव, गौतम कुमार, अमर कुमार, राहुल जैकर, रवि कुमार, नवीन कुमार, भानु कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

### होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी के साथ जिलाधिकारी ने किया बैठक

**मुंगेर (एनएसबी)** । होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी की बैठक समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कॉलेज की विभिन्न समस्याओं सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय उच्च न्यायलय के आदेश के आलोक में ही मुझे होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी का नोडल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि यह ज्ञात हुआ है की होम्योपैथिक मेडिकल कलेज का यहां कोई एशोसीशन नहीं है, इसलिए पूर्व में भेजे गए पत्र के आलोक में अब तक तीन अनिवार्य सदस्य मुंगेर में नहीं रह रहें हैं। उन्होंने कहा की अगली बैठक में छः सदस्यीय कमिटी के गठन का निर्णय लिया गया है। कलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के इंटर्नशिप पर जिलाधिकारी ने कहा की पूर्व में निर्गत पत्र के आलोक में नियमानुसार जांच कर इस पर अग्रेतर कार्रवाई करें। उन्होंने कलेज के इंटर्नल अडिट कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।



बैठक करते जिलाधिकारी।

### लखीसराय में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन संपन्न, डिजिटल मड्यूल और मकान सूचीकरण पर दिया गया जोर

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सुचारू और सटीक रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन लखीसराय के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से जुड़े विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और शासकीय सेवक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं को सरल ढंग से समझाया। मुख्य रूप से एच एल बी क्रिएटर के माध्यम से हाउस लिस्टिंग ब्लक तैयार करने, लेआउट मैप निर्माण और जनगणना से संबंधित डिजिटल मड्यूल के उपयोग पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसके अलावा, जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली के माध्यम से नियुक्ति पत्र तैयार करने, पहचान पत्र जारी करने, लजिस्टिक्स प्रबंधन और डेटा एंट्री मड्यूल की बारीकियों से कर्मियों को अवगत कराया गया। प्रतिभागियों को ग्राम, नगर और चार्ज रजिस्टर तैयार करने के साथ-साथ डैशबोर्ड के जरिए कार्य की प्रगति की निगरानी करने का भी अभ्यास कराया गया। सत्र के दौरान स्वयं गणना की प्रक्रिया और गणनाकारों एवं पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारियों पर विशेष प्रकाश डाला गया ताकि फील्ड वर्क के दौरान कोई त्रुटि न हो। जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कर्मियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त जानकारियों को गंभीरता से आत्मसात करें और आगामी राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाएं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की सरकारी योजनाओं और नीतियों का खाका तैयार किया जाता है, इसलिए इसकी शुद्धता अनिवार्य है। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी आशुतोष कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी राम विनोद प्रसाद यादव, प्रशिक्षक श्री राधेश्याम सर सहित कई जिला व चार्ज स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।



संबोधित करते डीएम।


उपस्थित प्रशिक्षु पदाधिकारी।

### आसिफ विष्णु अविनाश के आकर्षण गोल से जमालपुर ने खगड़िया को हराया, मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार सनोज कुमार को दिया गया

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** युगल रंजीत मेमोरियल फुटबल टूर्नामिंट 2026 फुलका के ऐतिहासिक मैदान में आखिरी और चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में एएफसी क्लब खगड़िया बनाम इलेवन स्टार जमालपुर के बीच खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में इलेवन स्टार जमालपुर ने एएफसी खगड़िया को 3 - 0 से पराजित किया। गोल करने वाले खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 मोहम्मद आशिफ और जर्सी नंबर 14 विष्णु और तीसरा गोल जर्सी नंबर 8 अभिनाश थे।जिसमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए जर्सी नंबर 15 सनोज कुमार का चयन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद सुदेश कुमार मंडल मौजूद थे।निर्णायक मंडली के रूप में रामरक्षा यादव, सुधांशु कुमार,अजय कुमार और ष्णानंद जी मौजूद थे। कमेटी के द्वारा बताया गया बुधवार को रोमांचक मैच स्पोर्टिंग क्लब फूलका बनाम आशीर्वाद क्लब शीतलपुर के बीच 3ः 30 खेला जाएगा। गणमान्य व्यक्तियों में मनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, अजय कुमार, विनय कुमार, प्रताप कुमार,कन्हैया तांती, प्रवीण शंकर सिंह ,संजय कुमार , शंभू सिंह आदि मौजूद थे।


विजेता टीम के साथ ग्रुप में शामिल अतिथि।

## संक्षिप्त खबरें

### तबीयत बिगड़ने से कृषि विभाग के कर्मी की मौत

**आरा (एसएनबी)।** नवादा थाना क्षेत्र के कृषि भवन के समीप सोमवार की सुबह अचानक तबियत बिगड़ने से कृषि विभाग के कर्मी की मौत हो गई। मृतक अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कथुआ गांव निवासी स्व. सिद्धनाथ सिंह के 46 वर्षीय पुत्र बिजेंद्र कुमार है। वर्तमान में वह नवादा थाना क्षेत्र के ब्लॉक के सामने स्थित गली में किराए के मकान में रहते थे। वह कृषि विभाग में समन्वयक के पद पर कार्यरत थे। मृतक के परिवार में पत्नी मीना देवी व एक पुत्र आदित्य एवं एक पुत्री अदिति है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटना के बाद मृतक की पत्नी मीना देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सर्वे कार्य के लिए रवाना हुए जैन कॉलेज के छात्र

**आरा (एनएसबी)।** एचडी जैन महाविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग के पीजी (सत्र 2024-26) के छात्र-छात्राएं मंगलवार को सर्वेक्षण कार्य के लिए विभिन्न पंचायतों की ओर रवाना हुए। इस दौरान महाविद्यालय परिसर से छात्र-छात्राओं को सर्वे कार्य के




लिए प्रस्थान कराया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें पंचायतों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना है। इसके लिए छात्रों को अलग-अलग समूहों में बांटकर विभिन्न विषयों पर सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें सर्वेक्षण पद्धति और आंकड़ों के संकलन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण कार्य पूरा होने के बाद सभी छात्र-छात्राएं अपने अध्ययन के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ. गुल नवाज उस्मानी और डॉ. मनीषा कुमारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सर्वे कार्य को गंभीरता से पूरा करने की सलाह दी।

### 6 वाहनों से 15 हजार रुपये का चालान

**कोईलवर (एनएसबी)।** गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर सब्जी बाजार मंडी के पास रोज लगने वाले जाम को देखते हुए पुलिस ने अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कायमनगर सब्जी बाजार मंडी के पास सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने के कारण लगातार जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर अवैध रूप से खड़े छह छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई और उनके मालिकों से कुल 15 हजार रुपये का चालान वसूला गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क पर वाहन खड़ा करने से आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ऐसे में आगे भी अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### शैक्षणिक परिभ्रमण सूबे के गौरवशाली अतीत से परिचित होने का बेहतर मौका : प्रधानाध्यापक

**पीरो (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसौनी टोला पीरो के छात्र-छात्राओं का दल मंगलवार को पटना के लिए रवाना हुआ। इस शैक्षणिक परिभ्रमण



दल में शामिल छात्र-छात्रा पटना के विज्ञान केंद्र, तारामंडल, संग्रहालय, चिड़ियाघर, खुद बख्श लाइब्रेरी, ज्ञान भवन, गांधी संग्रहालय आदि का भ्रमण कर ऐतिहासिक धरोहरों से रुबरू होंगे। वास्तव में शैक्षणिक परिभ्रमण बच्चों को बिहार के गौरवशाली अतीत विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि भूषण कुमार ने बताया कि इस परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक परिभ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक है। यह उन्हें शैक्षिक स्थल को प्रत्यक्ष रूप से देखने व बिहार के गौरवशाली अतीत से परिचित होने का बेहतर अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रवि भूषण कुमार के साथ शिक्षक सुशील कुमार ठाकुर, सूर्यभूषण कुमार ,पूजा कुमारी एवं काजल प्रवीन मौजूद थी।

### चर्चा का विषय बना मदरीहां का कोचिंग संस्थान विद्यार्थियों का समूह परिभ्रमण यात्रा से वापस

**चरपोखरी (एसएनबी)।** प्रखण्ड के मदरिहां गांव में संचालित एस.के. कोचिंग सेन्टर की कार्य प्रणाली को लेकर चचाऐं जोरों पर चल रही है। संस्थान के संचालक सरोज कुमार श्रीवास्तव के देखरेख में 50 विद्यार्थियों का एक समूह बस पर सवार होकर



ऐतिहासिक स्थल राजगीर के गर्म कुण्ड, विश्व शान्ति स्तूप तथा ग्लास ब्रिज के विषय में विस्तार से जानकारी हासिल किया। इसके साथ बोध गया में जाकर विश्व को शान्ति का सन्देश देने वाले महात्मा बुद्ध के बारे में जानकारी अर्जित किया। बताया जाता है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को हर वर्ष सरकार द्वारा परिभ्रमण के लिए मिलने वाली राशि से अपेक्षित लाभ नहीं मिलती, जबकि कोचिंग संस्थान के संचालक द्वारा उत्साहित बच्चों का शैक्षणिक व मानसिक विकास के लिए किया गया यात्रा काफी लाभदायक रहा।

### पीएनबी ने सीएसआर फंड से आईसीडीएस को उपलब्ध कराई 200 वजन मशीन

# कुपोषित गर्भवती माताओं को चिन्हित कर उन्हें उचित पोषण सुरक्षा प्रदान की जाएगी : डीडीसी

**आरा (एसएनबी)।** उप विकास आयुक्त की सकारात्मक पहल पर एलडीएम द्वारा पीएनबी सीएसआर फंड के माध्यम से 200 की संख्या में इलेक्ट्रिक वेट मशीन (वजन मापने वाला यंत्र) उपलब्ध कराया गया। मंगलवार को इन उपकरणों को उप विकास आयुक्त द्वारा आईसीडीएस की जिला अधिकारी को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले में अति कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों एवं कुपोषित गर्भवती महिलाओं की संख्या में सुधार लाने के उद्देश्य से जिले में मिशन बाल पोषण सुरक्षा को मिशन मोड में प्रारंभ किया गया है। यह मिशन 60 दिनों के लिए लागू किया गया है। इसके अंतर्गत 60 दिनों की अवधि में अति कुपोषित



इलेक्ट्रिक वेट मशीन (वजन मापने वाला यंत्र) प्रदान करतीं डीडीसी ।

बच्चों की संख्या में 25 से 30 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही कुपोषित गर्भवती माताओं को चिन्हित कर उन्हें समुचित पोषण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस मिशन के अंतर्गत जिले के 10 प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है, जहां अति कुपोषित बच्चों की संख्या अधिक है। इन केंद्रों पर विशेष ध्यान देते हुए बच्चों के संपूर्ण पोषण पर कार्य किया जाएगा तथा लोगों में जागरूकता भी फैलाई जाएगी। इलेक्ट्रिक वजन मापने वाली मशीन के माध्यम से समय-समय पर बच्चों का वजन लेकर यह आकलन किया जाएगा कि उनमें कितना सुधार हो रहा है। इसके लिए जिले में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

### सड़क हादसे में जख्मी सेल्स मैनेजर की मौत

**आरा (एसएनबी)।** सड़क हादसे में जख्मी सेल्स मैनेजर की मौत हो मृतक नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड प्रोफेसर कॉलोनी मोहल्ला निवासी उदय प्रताप सिंह के 45 वर्षीय पुत्र उदय आनंद है। वह प्राइवेट कंपनी में फील्ड मैनेजर के पद पर कार्यरत थे एवं रामनवमी शोभा यात्रा समिति के सदस्य थे।

आरा-बक्सर फोरलेन पर शोभी डुमरा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। तब डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। सूचना पाकर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे थे। मृतक के परिवार में पत्नी मधुमाला कुमारी, दो पुत्री सांची राज एवं अनन्या सामर्थ है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया। उनकी पत्नी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष 16 मार्च को आएंगे भोजपुर : हरेन्द्र



**आरा (एसएनबी)।** जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा आगामी 16 मार्च 2026 को मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय का भोजपुर दौरा को सफल बनाने के लिए भोजपुर जिला अध्यक्ष मुखिया संघ के अध्यक्ष में प्रखण्ड चरपोखरी, पीरो और तरारी प्रखंडों में दौरा किया, जिसमें जिलाध्यक्ष ने तीनों प्रखंडों में चर्चा के दौरान परिसीमन शस्त्र लाइसेंस, मनरेगा एवं अन्य कई विषयों पर चर्चा किए साथ ही 16 मार्च 2026 को बैठक को सफल बनाने के लिए सभी को शामिल होने का आहान किया बैठक में चरपोखरी अध्यक्ष पप्पू कुमार साह, लालमुक्ति पासवान, प्रधान महासचिव भोजपुर, मोनिका कुमारी मुखिया ठाकुरी, सीमा देवी मुखिया बाबू बांध, मीरा देवी मुखिया सोनवर्षा, प्रवीण कुमार मुखिया मुकुंदपुर शामिल हुए। और तरारी प्रखंड से प्रखण्ड अध्यक्ष गौरीशंकर यादव, गुड्डू यादव प्रखण्ड उपाध्यक्ष, रामईश्वर यादव प्रखण्ड सचिव, मुन्ना कुमार मुखिया चकिया, मुन्ना कुमार मुखिया जेठवार शामिल हुए। पिरो प्रखण्ड से मुखिया अमोद सिंह, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, बबलू कुमार, कन्हैया सिंह, संतोष बैठा, श्रीमन्नारायण तिवारी, प्रियंका कुमारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# रसोई गैस का दाम बढ़ने के विरोध में सड़क जाम

नवसंदेश ब्यूरो

**आरा।** आरा-पटना मुख्य मार्ग स्थित गैस एजेंसी के समीप ग्राहकों ने गैस के बढ़े हुए दाम के खिलाफ रोड जमकर प्रदर्शन किया लोगों का कहना है कि पर्व त्यौहार के मौसम में अचानक रुपया 60 से अधिक का बढ़ोतरी हुई। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

लोगों का कहना है कि जब तक बढ़ोतरी की राशि काम नहीं की जाएगी तब तक प्रदर्शन किया जाएगा। जबकि ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध में भारत के कई पड़ोसी देशों में पेट्रोल डीजल और गैस की कीमत हो गई है जबकि भारत में अभी गैस के दाम में थोड़ा सा इजाफा हुआ है लोगों ने बढ़े हुए दाम पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा



कि समय रहते बढ़ोतरी वापस नहीं होती है तो लोगों के दिनचर्या पर भी काफी असर पड़ेगा। आज के समय में घर घर गिरस्ती चलने भी मुश्किल हो गया हैं। ईद पर प्रशासन में लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाए।

### दो वाहनों से 273 लीटर विदेशी शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

## उत्तर प्रदेश से हाजीपुर व पटना ले जा रहे थे शराब

**कोईलवर (एसएनबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर रजनीश के नेतृत्व में मद्यनिषेध विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्र में विदेशी शराब जप्त किया है। 9 मार्च को वाहन जांच के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर एक मारुति सुजुकी भान में छिपा कर रखे 155.520 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया, एक एक्सयूवी कार से 117 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया।

**जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 4 लाख के आँका गया**

गिरफ्तार तस्करों में मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना अंतर्गत हुसैनपुर पचरुखिया गांव निवासी मदन प्रसाद यादव के पुत्र विपिन कुमार, उसी जिले के मुसहरी थाना अंतर्गत राजवाड़ा गांव निवासी नंदलाल साहनी का पुत्र चंदन कुमार, समस्तीपुर जिले के ताजपुर हरहर ओपी अंतर्गत मालपुर वार्ड नंबर-3 निवासी अरुण महतो का पुत्र मुन्ना कुमार तथा समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना अंतर्गत जटमलपुर वार्ड नंबर-7 निवासी राजू महतो का पुत्र प्रशांत कुमार है। गिरफ्तार चारों को करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। दोनों



वाहनों से ऑफीसर्स च्वाइस ओरिजिनल व्हिस्की 180 एमएल का 1514 पीस में 273 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 4 लाख के आँका गया। जप्त शराब को क्रमशः उत्तर प्रदेश से हाजीपुर एवं पटना ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक राज कुमार राजा के साथ-साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## बाल श्रम के रोकथाम हेतु विशेष धावा दल का होगा गठन : गुंजन

**आरा (एसएनबी)।** उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह के द्वारा श्रम संसाधन विभाग के कार्यों के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार एवं जिले के सभी प्रखंडों के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी उपस्थित हुए। डीडीसी द्वारा बैठक के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों एवं मनरेगा श्रमिकों के निबंध हेतु विशेष शिविर का आयोजन किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया बिहार शताब्दी और संगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत महादलित टोलो में स्वाभाविक एवं दुर्घटना मृत्यु के मामलों में आश्रितों को लाभ देने के संबंध में विशेष रूप से निर्देशित किया गया, इसके अतिरिक्त भोजपुर जिला अंतर्गत ईट भट्ठों में बाल श्रम के रोकथाम हेतु विशेष धावा दल



चलाए जाने पर बल देने का निर्देश दिया गया। निबंधन हेतु डीडीसी द्वारा निर्माण कार्य से जुड़े विभागों पथ निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग से संपर्क कर श्रमिकों की सूची उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

## बस स्टैंड निर्माण के लिए नगर पंचायत कर रही जमीन की तलाश

**शाहपुर (एसएनबी)।** स्थानीय विधायक राकेश रंजन ओझा ने शाहपुर नगर पंचायत में सरकारी बस स्टैंड निर्माण को लेकर विधानसभा में सरकार से प्रश्न उठाया, उन्होंने कहा कि शाहपुर बाजार एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों से आते-जाते हैं। बावजूद इसके यहां अब तक सरकारी बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो पाया है।

बस स्टैंड के अभाव में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक ने सदन में कहा कि बसों के लिए निर्धारित स्थान नहीं होने के कारण सड़क किनारे ही बसों का ठहराव होता है, जिससे अक्सर यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। खासकर त्योहारों और बाजार के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या शाहपुर नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी बस स्टैंड निर्माण की कोई योजना है। ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रह सके। इस पर सरकार की ओर से उत्तर देते हुए बताया गया कि शाहपुर में सरकारी बस स्टैंड निर्माण को लेकर नगर पंचायत द्वारा जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है। जमीन उपलब्ध होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद नियमानुसार बस स्टैंड निर्माण की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

## झाड़ी से रोता-बिलखता मिला दो माह का नवजात सदर अस्पताल के एसएनसीयू में चल रहा इलाज

**आरा (एसएनबी)।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप मंगलवार की दोपहर सड़क किनारे झाड़ी से दो माह का नवजात बच्चा लावारिस अवस्था में रोते-बिलखते बरामद हुआ। एसआई सोनी कुमारी मासूम बच्चे को गोद में उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड ले आई। जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर आरा-बक्सर फोरलेन पर एक निजी रेस्टोरेंट के समीप सड़क किनारे झाड़ी में दो माह का मासूम बच्चा लावारिस अवस्था में रोता बिलखता मिला। जब वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण की उस पर नजर पड़ी, तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इलाज उपरांत उसे बाल संरक्षण इकाई को सौंप दिया जाएगा। ऐसी चर्चा है कि किसी बिन ब्याही मां द्वारा उक्त बच्चों को जन्म दिया गया था। लोक लाज के डर से उक्त बच्चों को झाड़ी में रख दिया गया।



### विश्वविद्यालयों में वेतन-पेंशन भुगतान के लिए राज्य सरकार ने जारी किये 173.89 करोड़

# वीर कुंवर सिंह विवि को मिले 15.40 करोड़

**आरा (एनएसबी)।** राज्य सरकार ने बिहार के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन तथा सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन और सेवांत लाभ के भुगतान के लिए 173 करोड़ 89 लाख रुपये जारी किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी इस राशि से फरवरी माह की पेंशन सहित अन्य लंबित भुगतान किए जाएंगे।

विभाग के आदेश के अनुसार यह राशि राज्य के 11 विश्वविद्यालयों को भेजी गई है। स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि आवंटित धनराशि का उपयोग केवल वेतन, पेंशन और सेवांत लाभ के भुगतान के लिए ही किया जाएगा। किसी अन्य मद में इसका उपयोग नहीं किया जा सकेगा। यह राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृत बजट के अंतर्गत जारी की गई है। सरकार के इस निर्णय से लंबे समय से भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कई विश्वविद्यालयों में पेंशन और अन्य देयकों के भुगतान में देरी की शिकायतें सामने आती रही हैं, जिससे सेवानिवृत्त कर्मियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### अतिथि शिक्षकों के सेवा समायोजन की मांग

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ ने अतिथि शिक्षकों की सेवा 65 वर्ष तक स्थायी करने और उनके समायोजन की मांग को लेकर सरकार के समक्ष ज्ञापन देने की तैयारी की है। संघ के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आनंद ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्री और लोक भवन को आवेदन सौंपा जाएगा।

उन्होंने कहा कि विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा को लागू करते हुए अतिथि शिक्षकों के सेवा समायोजन का प्रावधान किया जाना चाहिए। डॉ. आनंद ने बताया कि हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल में अतिथि शिक्षकों की सेवा का समायोजन किया जा चुका है। बिहार में भी अतिथि शिक्षक कई वर्षों से इस मांग को उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और रोजगार देने वाली सरकार है तथा प्रखंडों में नए कॉलेज खोलने की योजना है। ऐसे में सरकार इन अनुभवी शिक्षकों की सेवा का उपयोग नए कॉलेजों में कर सकती है। इस मौके पर डॉ. अमर कुमार, डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. अनंत कुमार, डॉ. शिव शंकर, डॉ. राकेश चैधरी, डॉ. राधिका रमन, डॉ. अनामिका कुमारी, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. संजय सिंह और डॉ. सुनील पंडित सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### गदाधर बाबू की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**आरा (एनएसबी)।** नागरिक प्रचारिणी जिला केंद्रीय पुस्तकालय के वाचनालय कक्ष में मंगलवार को पुस्तकालय के पूर्व अध्यक्ष तथा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी एवं भोजपुरी विभागाध्यक्ष रहे स्वर्गीय गदाधर बाबू की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामाशंकर प्रसाद ने की। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. रामाशंकर प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय गदाधर बाबू साहित्य जगत के उच्च कोटि के विद्वान थे और भोजपुरी भाषा के प्रखर अध्येता के रूप में उनकी विशेष पहचान थी। उन्होंने अपने जीवन में साहित्य और भाषा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए तथा अनेक कीर्तिमान स्थापित किए। उन्होंने कहा कि भोजपुरी भाषा के विकास और प्रसार के लिए गदाधर बाबू ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

### किराना दुकानदार हत्याकांड मामले में दंपति गिरफ्तार

**आरा (एसएनबी)।** धोबहा थाना क्षेत्र के इजरी सलेमपुर गांव में सोमवार की सुबह हुए किराना दुकानदार हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मृतक के पुत्र भोला कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के इजरी सलेमपुर गांव के निवासी अनिल ठाकुर, उसकी पत्नी नीतू देवी को नामजद एवं तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में भोला कुमार द्वारा कहा गया है कि उसके पिता रविवार की शाम बाजार घूमने लिए निकले थे। उसी दौरान अनिल ठाकुर उसे अपने घर पर ले गए और वहां पर उन्होंने खाया पिया। इसके बाद अनिल ठाकुर व उनकी पत्नी नीतू देवी एवं तीन अज्ञात लोगों द्वारा मिलकर गला दबाकर उसके पिता की हत्या कर दी गई। इधर, धोबहा थानाध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज उपरांत त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त अनिल ठाकुर एवं उसकी पत्नी नीतू देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पुलिस ने 42 लीटर केन बीयर की बरामद, तस्कर फरार

**कोईलवर (एसएनबी)।** चांदी पुलिस ने करीब 42 लीटर विदेशी केन बीयर बरामद की है। हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि सूचना मिली थी कि भैरोटोला गांव के पास अवैध शराब की खेप रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की, जहां से 42 लीटर विदेशी केन बीयर बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। इस मामले में भैरोटोला निवासी टीमल यादव के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी पहले भी शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है।